


वर्ष : 2 अंक: 188 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 1 मार्च 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

# दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल न सीखने का मोदी को है मलाल

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 74वें एपिसोड में लोगों को बताई पानी की अहमियत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का यह 74वां एपिसोड है। इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों को पानी की अहमियत को लेकर बात की और कहा कि पानी के संरक्षण के लिए हमें प्रयास करने होंगे। इसके साथ पीएम ने दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल न सीखने पर मलाल व्यक्त किया। पीएम मोदी ने बताया कि तमिल भाषा नहीं सीख पाना उनकी कमी है। उन्होंने कहा, 'कुछ दिन पहले हैदराबाद की अपर्णा रेड्डी जी ने मुझसे ऐसा ही एक सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि आप इतने साल से पीएम हैं, इतने साल सीएम रहे, क्या आपको कभी लगता है कि कुछ कमी रह गई। अपर्णा जी का सवाल बहुत सहज है, लेकिन उतना ही मुश्किल भी।' पीएम मोदी ने कहा, 'मैंने इस सवाल पर विचार किया और खुद से कहा मेरी एक कमी ये रही कि मैं दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल सीखने के लिए बहुत प्रयास नहीं कर पाया, मैं तमिल नहीं सीख पाया। यह एक ऐसी सुंदर भाषा है, जो दुनिया भर में लोकप्रिय है।' इस अवसर पर मोदी ने कहा, 'कल माघ पूर्णिमा का पर्व था। माघ महीना विशेष रूप से नदियों, सरोवरों और जलस्त्रोत्रों से जुड़ा हुआ माना जाता है। माघ महीने में किसी भी पवित्र जलाशय में स्नान को पवित्र माना जाता है।' उन्होंने कहा, 'इस बार हरिद्वार में कुंभ भी हो रहा है। जल हमारे लिए जीवन भी है, आस्था भी है और विकास की धारा भी है। पानी एक तरह से पारस से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। कहा जाता है पारस के स्पर्श से लोहा, सोने में परिवर्तित हो जाता है। वैसे ही पानी का स्पर्श जीवन के लिए जरूरी है।'

उन्होंने कहा, ह्यमेरे प्यारे देशवासियों, जब भी माघ महीने और इसके आध्यात्मिक सामाजिक महत्त्व की चर्चा होती है तो ये चर्चा एक नाम के बिना पूरी नहीं होती। ये नाम है संत रविदास जी का। माघ पूर्णिमा के दिन ही संत रविदास जी की जयंती भी होती है। आज भी संत रविदास जी के शब्द, उनका ज्ञान, हमारा पथप्रदर्शन करता है। उन्होंने कहा था- 'एकै माती के सभ भांडे, सभ का एकौ सिरजनहार। रविदास व्यापै एकै घट भीतर, सभ कौ एकै घड़ै कुम्हार।' हम सभी एक ही मिट्टी के बर्तन हैं, हम सभी को एक ने ही गढ़ा है।'

मोदी ने कहा, 'रविदास जी कहते थें- करम बंधन में बन्ध रहियो, फल की ना तज्जियो आस। कर्म मानुष का धम्र है, सत् भाखै रविदास। अर्थात हमें निरंतर अपना कर्म करते रहना चाहिए, फिर फल तो मिलेगा ही मिलेगा, कर्म से सिद्धि तो होती ही होती है।' पीएम ने आगे कहा, ह्यसंत रविदास जी ने समाज में व्याप्त विकृतियों पर हमेशा खुलकर अपनी बात कही। उन्होंने इन विकृतियों को समाज के सामने रखा। उसे सुधारने की राह दिखाई। तभी तो मीरा जी ने कहा था- 'गुरु मिलिया रैदास, दीन्हीं ज्ञान की गुटकी।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम अपने सपनों के लिए किसी दूसरे पर निर्भर रहें, ये बिलकुल ठीक नहीं है। जो जैसा है वो वैसा चलता रहे, रविदास जी कभी भी इसके पक्ष में नहीं थे। आज हम देखते हैं कि देश का युवा भी इस सोच के पक्ष में बिलकुल नहीं है।' उन्होंने आगे कहा, 'आज नेशनल साइंस डे भी है। आज का दिन भारत के महान वैज्ञानिक, डॉक्टर सीवी रमन जी द्वारा की गई रमन इफेक्ट खोज को समर्पित है। केरल से योगेश्वरन जी ने नमो ऐप पर लिखा है कि रमन इफेक्ट की खोज ने पूरी विज्ञान की दिशा को बदल दिया था।'

मन की बात



पीएम ने कहा, 'जब हम साइंस की बात करते हैं तो कई बार इसे लोग फिजिक्स-केमेस्ट्री या फिर लैब्स तक ही सीमित कर देते हैं, लेकिन साइंस का विस्तार इससे कहीं ज्यादा है और 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' में साइंस की शक्ति का बहुत योगदान है।' उन्होंने आगे कहा, 'हैदराबाद के चिंतला वेंकट रेड्डी जी के एक डॉक्टर मित्र ने उन्हें एक बार विटामिन-डी की कमी होने वाली बीमारियां और इसके खतरे के बारे में बताया। रेड्डी जी किसान हैं, उन्होंने मेहनत की और गेहूं-चावल की ऐसी प्रजातियां विकसित की जो खास तौर पर विटामिन-डी से युक्त है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब आसमान में हम अपने देश में बने फाइटर जेट तेजस को कलाबाजियां खाते देखते हैं, तब भारत में बने टैंक, मिसाइलें हमारा गौरव बढ़ाते हैं। जब हम दर्जनों देशों तक मेड इन इंडिया वैक्सीन को पहुंचाते हुए देखते हैं तो हमारा माथा और ऊंचा हो जाता है।' उन्होंने कहा, 'गुजरात के पाटन जिले में कामराज भाई चौधरी ने घर में ही सहजन के अच्छे बीज विकसित किए हैं। सहजन को कुछ लोग सर्गवा बोलते हैं, इसे मोंगिया या ड्रम स्टीक भी कहते है।' पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, ह्यआत्मनिर्भर भारत की पहली शर्त होती है- अपने देश की चीजों पर गर्व होना, अपने देश के लोगों द्वारा बनाई वस्तुओं पर गर्व होना। जब प्रत्येक देशवासी गर्व करता है, प्रत्येक देशवासी जुड़ता है, तो आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक आर्थिक अभियान न रहकर एक राष्ट्रीय भावना बन जाती है।' उन्होंने आगे कहा, ह्यआप हमारे मंदिरों को देखेंगे तो पाएंगे कि हर मंदिर के पास तालाब होता है। हजों में हयाग्रीव मधेब मंदिर, सोनितपुर के नागशंकर मंदिर और गुवाहाटी में उग्रतारा मंदिर के पास इस प्रकार के तालाब हैं। इनका उपयोग विलुप्त होते कछुओं की प्रजातियों को बचाने के लिए किया जा रहा है।'

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नूर ए इस्लाम गुट के 2 आतंकी ढेर किए

मुल्तान। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने और आतंकवाद रोधी पुलिस और खुफिया सेवा के अधिकारियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों के एक ठिकाने पर छापा मारा और सुरक्षा बलों पर हमले में कथित तौर पर संलिप्त रहे दो आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवाद रोधी अधिकारी शाहिद सोलंगी ने कहा कि दक्षिणी सिंध प्रांत में सुक्कुर शहर के पटनी इलाके में शनिवार की सुबह यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, जिस कारण मुठभेड़ हुई। पाकिस्तानी तालिबान के नूर ए इस्लाम गुट के दो आतंकवादी मारे गये।

### हमारी पहचान खत्म हो गई, राज्य का दर्जा वापस पाने के लिए लड़ाई जारी रहेगी : आजाद

श्रीनगर। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुलाम नबी आजाद ने जम्मू में शांति-सम्मेलन में केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा, आज कई बरसों बाद हम राज्य का हिस्सा नहीं हैं, हमारी पहचान खत्म हो गई है। राज्य का दर्जा वापस पाने के लिए हमारी संसद के अंदर और बाहर लड़ाई जारी रहेगी। जब तब यहां चुने हुए नुमाइंदे मंत्री और मुख्यमंत्री नहीं होंगे बेरोजगारी, सड़कों और स्कूलों की ये हालत जारी रहेगी। मैं राज्यसभा से रिटायर हुआ हूं, राजनीति से रिटायर नहीं हुआ और मैं संसद से पहली बार रिटायर नहीं हुआ हूं।

### दिल्ली विश्वविद्यालय ने 1,80,000 छात्रों को ऑनलाइन बांटी डिजिटल डिग्रियां

नई दिल्ली। दिल्ली विश्विवद्यालय (डीयू) देश का पहला ऐसा संस्थान बन गया है जो करीब 1,80,000 छात्रों को डिजिटल डिग्रियां बांटी हैं। डीयू के कुलपति पीसी जोशी ने दावा किया कि शनिवार को 97वें दीक्षांत समारोह के मौके पर डीयू के 178719 छात्रों कों डिजिटल डिग्रियां दी गई। कोरोना-19 महामारी को देखते हुए दीक्षांत समारोह एक हाइब्रिड तरीके से आयोजित किया गया। इसमें ऑनलाइन और भौतक दोनों प्रकार से छात्र उपस्थित रहे। ऐसा पहली बार हुआ है कि न सिर्फ डीयू बल्कि अन्य विश्वविद्यालयों के इतिहास में पहली बार एक क्लिक में करीब 180000 स्नातक/परास्नातक छात्रों को डिग्रियां बांटी गईं। कुलपति त्यागी ने के अनुसार यह उनके लिए एक ऐतिहासिक कदम था। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की ओर से 156 छात्रों को मेडल और 36 को पुरस्कार प्रदान किए गए। निशंक डीयू के 97वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। कुलपति ने कहा महामारी साल होने के बावजूद डीयू ने शिक्षा के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल किया है।

# उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए क्षति कानूनों को सुदृढ़ करें: नायडू



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने कहा कि अत्यधिक देरी, कानूनी प्रक्रियाओं की लागत और अनुपलब्धता आम आदमी को न्याय की प्रभावी प्रदायगी को बाधित कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि 'न्याय चाहने वाला सबसे गरीब आदमी' ही कानून के पेशेवरों के विचारों और कार्यों में उनका प्रमुख प्रेरक होना चाहिए। नायडू ने न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को बहाल करने के महत्व को रेखांकित करते हुए सार्वजनिक पदाधिकारियों से संबंधित आपराधिक मामलों के त्वरित, निस्तारण, उद्देश्यपूर्ण तरीके से निपटाने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विशेष रूप से, लोक सेवकों और निर्वाचित प्रतिनिधियों से जुड़े आपराधिक मामलों से निपटने के लिए विशेष अदालतों का गठन किया जा सकता है। उन्होंने चुनावी विवादों के समाधान तथा चुनावी कदाचारों पर गौर करने के लिए अलग फास्ट-ट्रैक न्यायालयों का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि विधानमंडलों में दलबदल के मामलों को समयबद्ध तरीके से त्वरित निपटान किया जाना चाहिए।

नायडू ने हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों के विधानमंडलों में हाल की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने जन-प्रतिनिधियों से हर फोरम पर उच्चतम नैतिक मानकों और अनुकरणीय आचरण के पालन की अपील की। उन्होंने कहा कि हर समस्या के समाधान के लिए आगे का केवल एक ही रास्ता है चर्चा, बहस और निर्णय करना और कार्य बाधित न करना। उपराष्ट्रपति ने स्नातकों से अपने पेशे में कठिन परिश्रम करने का आग्रह किया, साथ ही न्यायिक प्रणाली को सुलभ, किफायती और हर नागरिक के लिए समझने योग्य बनाने की भी अपील की। उपराष्ट्रपति ने औपनिवेशिक मानसिकता में बदलाव का आह्वान करते हुए इच्छा जताई कि दीक्षांत समारोहों और अदालती कार्यवाही के दौरान शिक्षण संस्थान और न्यायालय स्वदेशी पहनावे को अपनाएं। नायडू ने भारतीय लोकाचार में कानून और न्याय के महत्व की चर्चा करते हुए प्रस्तावना में 'न्याय प्राप्त करने के संकल्प' को रेखांकित किया और तिरूवल्लुर की कविता को उद्धृत किया जिसमें कहा है कि एक बढ़िया न्यायिक प्रणाली वह है जो एक वस्तुनिष्ठ जांच, साक्ष्य के निष्पक्ष विश्लेषण और सभी नागरिकों को समान रूप से न्याय प्रदान करने पर आधारित है।

## किसानों से बातचीत के लिये दिल्ली सीमा पर क्यों नहीं जाते पीएम: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ जारी आंदोलन के बीच सरकार पर हमला बोला और कहा कि मंदी वाले साल में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद प्रदर्शनकारी किसानों के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है जैसे वे देश के दुश्मन हों।

पूर्व वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि दिल्ली सीमा पर धरना दे रहे किसानों से बातचीत के लिये उन्होंने 20 किलोमीटर की यात्रा नहीं की जबकि वह केरल और असम की यात्रा कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने हिंदी में ट्वीट किया, 'मंदी वाले साल में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि के लिए कृषि क्षेत्र को पुरस्कृत करना, प्रदर्शनकारी किसानों के साथ ऐसा व्यवहार करना है जैसे कि वे राज्य के दुश्मन हों।

## 'हुनर हाट' 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को एक 'जन आंदोलन' बनाने में भूमिका निभा रहा: नकवी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हुनर हाट 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को एक 'जन आंदोलन' बनाने में 'अभूतपूर्व और सही' भूमिका निभा रहा है। नकवी ने नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 'हुनर हाट' में मीडियाकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'हुनर हाट' 'प्रतिभा के रक्षकों का कुंभ' बन गया है। नकवी ने कहा कि 20 फरवरी से शुरू हुए 'हुनर हाट' में 12 लाख से अधिक लोग आ चुके हैं और स्वदेशी कारीगरों एवं शिल्पकारों के करोड़ों रुपये के हस्तनिर्मित उत्पादों को खरीदकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के 'प्राउड प्रोमोटर' बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगले 2 दिनों में आगंतुकों की संख्या 16 लाख से अधिक हो सकती है। इस 'हुनर हाट' का समापन 1 मार्च, 2021 को होगा। 10 दिवसीय 'हुनर हाट' का उद्घाटन रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने किया था। वहीं कई मंत्री, सांसद, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, विभिन्न राजनयिक और प्रसिद्ध उद्योगपति यहां कारीगरों एवं शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के लिए आ चुके हैं। नई दिल्ली में आयोजित 'हुनर हाट' में 31 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 600 से अधिक कारीगर एवं शिल्पकार हिस्सा लिया है।

## समान विचाराधारा वाले पार्टियों से गठबंधन कर असम में विधानसभा चुनाव लड़ेगी राजद: तेजस्वी



**गुवाहटी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी पार्टी 'समान विचारधारा वाले दलों से गठबंधन कर असम में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। तेजस्वी यादव ने गुवाहाटी की अपनी पहली यात्रा के दौरान कहा कि वह पहले ही कांग्रेस से बात कर चुके हैं और गठबंधन को औपचारिक रूप देने के लिए एआईयूडीएफ के साथ बाद में बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि, हम समान विचाराधारा वाले दलों से बात कर रहे हैं। कांग्रेस और एआईयूडीएफ के अलावा राजद अन्य छोटे दलों के संपर्क में भी है। उन्होंने कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लगभग 5 फीसदी हिंदी भाषी लोग हैं। हमारे पास 11 सीटों पर ऐसे लोगों की संख्या काफी है, लेकिन हम केवल वहीं लड़ेंगे जहां जीतने की संभावना अधिक हो। राजद के वरिष्ठ नेता ने कहा कि वह भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ चुनाव प्रचार करने के लिए वह अन्य चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, केरल और पुडुचेरी भी जायेंगे।



म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों ने मुख्य सड़क को बाधित कर दिया।

# भाजपा भोले भाले किसानों से झूठ बोलकर वोट लिया: अरविंद केजरीवाल

» शकील सैफी




मेरठ। रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मेरठ के रोहटा रोड पर स्थित संस्कृति फार्म हाउस में किसानों की महापंचायत को संबोधित करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहां केंद्र सरकार 8 लाख करोड रुपया अपने साथियों का माफ कर सकती है। तो सरकार लाख से डेढ़ लाख करोड रुपए किसानों के क्यों माफ नहीं कर सकती। वहीं एमएसपी, पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर, बिजली बिल को लेकर अरविंद केजरीवाल ने यूपी सरकार को घेरा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा देश का किसान आज बहुत पीड़ा में हैं। 95 दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन पर किसान अपना घर बार छोड़कर कड़ाके की ठंड में धरने पर बैठे है और बैठे थे। कहां किसानों की मौत हो चुकी है। लेकिन सरकार किसानों की बात सुनने को तैयार नहीं है। 70 सालों से देश की जनता ने सभी पार्टियों को सरकार बनाने का मौका दिया है पार्टियों ने अपने घोषणा पत्र में किसानों से बड़े-बड़े वादे किए लेकिन आज तक कोई पूरा नहीं किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा किसानों के लिए तीनों कृषि बिल डेथ वारंट है। धरने प्रदर्शन में बैठे किसानों की जमीने तक बिक गई। काफी किसानों की मृत्यु हो गई। लेकिन केंद्र सरकार आज भी तीनों कृषि बिल वापस लेने को तैयार नहीं है। सरकार किसानों पर लाठी चार्ज, पानी की बौछार, कटीले तार लगाकर, सड़क में किले बिचवा कर किसानों को प्रदर्शन स्थल तक पहुंचने को रोकने के लिए इन व्यवस्था का इंतजाम कर रही है।

## मनचाहा फैसला नहीं आने पर जजों के खिलाफ मुहिम, सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं: मंत्री रविशंकर

**नई दिल्ली।** आज लोग सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अपना एजेंडा सेट करने के लिए लोग अपने हिसाब से फैसला चाहते हैं। मनचाहा फैसला नहीं आने पर जजों के खिलाफ सोशल मीडिया पर मुहिम चलाते हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। देश स्वतंत्र है, यहां बोलने की आजादी है, लेकिन नया ट्रेंड शुरू किया गया है। ये बातें बिहार की राजधानी पटना में हाईकोर्ट के नए शताब्दी भवन के उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहीं। इससे पहले उन्होंने समारोह में आए मेहमानों सहित प्रधान न्यायाधीश का स्वागत करते हुए कहा कि पटना का सांसद होने के नाते सभी का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में 76.38 लाख केसों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई हुई है। उन्होंने देश सहित राज्य में लंबित केसों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा उन्हें आज काफी गर्व महसूस हो रहा है।

# सबका साथ सबका विकास मोदी सरकार का सपना: डॉ. के. लक्ष्मण



भाजपा के एक समर्पित सिपाही के रूप में डॉ. के. लक्ष्मण की एक खास पहचान है। यही कारण है कि पार्टी ने हमेशा उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी, जिसका उन्होंने पूरे मनोयोग से निर्वाह किया। तेलंगाना की जनता ने उन्हें दो बार विधायक के रुप में अपना जनप्रतिनिधि चूना। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव के रूप में डॉ. लक्ष्मण ने पार्टी की भरपूर सेवा की है। पार्टी ने उनके समर्पण भाव को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रमोद पहलवान भी उपस्थित थे। मदरलैंड वॉइस के संवादाता मनोज मणि के साथ डॉ. लक्ष्मण की राजनीतिक परिपेक्ष में विस्तृत वार्ता हुई प्रस्तुत है बातचीत के अंश :-

**प्रश्न :- भाजपा की लोकप्रियता का आप क्या कारण मानते हैं विकास या हिंदुत्व ?**

**उत्तर:-** भाजपा का नारा है सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास। इसकी परिधि में सभी आते हैं चाहे वह गरीब हो या बेसहारा कमजोर या अन्य, जिस के कल्याण के लिए मोदी सरकार लगातार प्रयासरत हैं। हिंदुत्व का एजेंडा इससे अलग नहीं है। हिंदुत्व भी सबको साथ लेकर चलना सिखाती है। मोदी सरकार अंतोदय के सिद्धांत पर चल रही है जिसकी प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय से मिली थी।

शेष पेज 2 पर

# हनुमान गढ़ी पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मनाया गया नंद महोत्सव

» मदरलैंड संवाददाता



बलरामपुर। नगर के वीर विनय चौक स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में श्रीराम जानकी प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस गंगा उत्पत्ति, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। श्रीराम जन्म पर बधाई हो व श्रीकृष्ण जन्म पर... नंद घर आनंद भयो की घोष से पूरा मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो गया, श्रोता आह्लादित हो उठे। कथा व्यास भीष्म पितामह महाराज ने कहा कि जब धर्म संकट मे पड़ता है निश्चरों की संख्या बढ जाती है तब देवताओं की अनुग्रह पर भक्त जनों के लिए भगवान धरती पर मानव रूप में अवतार लेते हैं। लंकापति रावण के अधर्म, साधु संतों को निश्चरों से मुक्ति दिलाने हेतु भगवान विष्णु माता कौशल्या के पुत्र के रूप में चतुभुर्जी रूप में अवतार लेते हैं माता कौशल्या के विनती करने पर भगवान पुत्र रूप में आते हैं। श्रीकृष्ण जन्म कथा सुनाते हुए कहा कि जब कंस बहन देवकी को विवाह पश्चात विदा करने के लिए रथ पर जा रहा होता है तब आकाशवाणी होती है कि कंस तेरे बहन की आठवीं संतान के द्वारा तुम्हारा वध होगा जिस पर कंस देवकी व वसुदेव को बंदीगृह में डाल देता है कंस देवकी की हर संतान का वध करता जाता है समय आने पर आठवें पुत्र के रूप में कृष्ण का जन्म होता है जिसे वसुदेव यशोदा के गोद में डाल आते हैं और पुत्री को ले आते हैं जिसे कंस जब मारना चाहता तो पुत्री देवी रूप में प्रकट होकर बताती है कि तुम्हे मारने वाला इस संसार में आ चुका है।

## पेज 1 का शेष

### सबका साथ सबका विकास मोदी सरकार...

**प्रश्न :- दक्षिण एवं पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा मजबूत नहीं है क्या कारण मानते हैं?**

**उत्तर:-** भाजपा की 16 राज्यों में सरकारें हैं। दक्षिण में क्षेत्रीय पार्टियां हैं, जो परिवारवाद के सहारे टिकी हैं। लोगों तक मोदी जी के कार्यों एवं विचारों को पहुंचाना प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का परम कर्तव्य है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। आने वाले समय में कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश में भी भाजपा की सरकार होगी। तमिलनाडु में भी भाजपा के समर्थन से ही सरकार बनेगी और पांडिचेरी में हमारी सरकार बनने जा रही है।

**प्रश्न :- पिछले 2 लोकसभा चुनाव में लोगों ने मोदी जी को वोट किया या भाजपा को?**

**उत्तर:-** मोदी जी भाजपा से अलग नहीं है। मोदी सरकार ने सौ से अधिक योजनाएं गरीबों शोषितों एवं वंचितों के लिए चला रखी है। इसका लाभ सभी परिवारों को मिल रहा है।

**प्रश्न :- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को आप कितना सक्षम मानते हैं और क्यों?**

**उत्तर:-** जेपी नड्डा जमीनी नेता है। लॉकडाउन एवं कोरोना कॉल के दौरान भी वह लगातार वर्चुअल एवं फिजिकल मीटिंग कर पार्टी के जनाधार विस्तार के लिए लगातार प्रयासरत रहे है। उनके अथक प्रयास से पोलिंग बूथ तक भाजपा को मजबूत किया गया है। इस अभियान को पन्ना प्रमुख तक ले जाने की योजना पर कार्य चल रहा है।

**प्रश्न :-ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में आप पिछड़े वर्ग को कहां खड़ा देखते हैं?**

**उत्तर:-** मोदी जी की सरकार को सत्ता में आए 7 साल हो गए इसमे पिछड़ा वर्ग के लिए वह ऐतिहासिक कार्य हुआ है जो 70 वर्षों में नहीं हो सका था। जनता पार्टी की सरकार में जब बाजपेईजी और आडवाणी जी आए तो मंडल कमीशन को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। सब को आरक्षण का लाभ मिले इसके लिए जस्टिस रोहिणी कमीशन की सिफारिश को शीघ्र लागू किया जाएगा। वर्तमान में 16 सौ जातियां आरक्षण से वंचित है। उन्हें न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार प्रयासरत हैं। सरकार के प्रयास से 60 -70 हजार छात्रों को केंद्रीय, नवोदय एवं सैनिक विद्यालयों में दाखिला मिला है। वर्तमान के 33 सैनिक स्कूलों की संख्या को बढ़ाकर 100 किया जा रहा है।

**प्रश्न :- बढ़ती महंगाई पर सरकार की विफलता को आप किस रूप में देखते हैं?**

**उत्तर:-** कोरोना कालखंड भी प्रत्येक गरीब के खाते में रू500 सरकार द्वारा दिया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद भी भाजपा शासित राज्यों में पेट्रोल की कीमतें अन्य राज्यों से कम है। तेलंगाना में रू1 में चावल दिया जाता है रू29 की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। यह भ्रष्टाचार मुक्त सरकार है।

**प्रश्न :- भाजपा सरकार पर हिंदूवादी होने का तोहमत है क्या यह सेकुलर राष्ट्र के लिए नुकसानदेह नहीं है?**

**उत्तर:-** हिंदुत्व का अर्थ ही सेकुलर है। हिंदू से ज्यादा सेकुलर कुछ नहीं है। भाजपा छद्म धर्मनिरपेक्षता एवं तुष्टिकरण में विश्वास नहीं रखती। भाजपा का नारा है सबका साथ सबका विश्वास एवं सबका विकास।

**प्रश्न :- क्या किसान आंदोलन को खत्म कराने में सरकार असफल साबित नहीं हो रही है?**

**उत्तर:-** आप पहले बताएं किसान बिल में गलत क्या है। किसान को बाजार, उचित कीमत तथा कल्याण की बात इस बिल में है। कुछ सत्तालोलुप पार्टियां इस आंदोलन को हवा दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड अनलॉक चरण के दौरान 'देखो अपना देश' अभियान के तहत विभिन्न पर्यटन सम्पदाओं का प्रदर्शन



नई दिल्ली। भारत फिलहाल अनलॉक के चरण में है और पर्यटन मंत्रालय और उसके क्षेत्रीय कार्यालय 'देखो अपना देश' अभियान के अंतर्गत विभिन्न पर्यटन संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं और उन्हें समर्थन दे रहे हैं। इन कार्यक्रमों में हितधारकों और नागरिकों के बीच जागरूकता के प्रसार के उद्देश्य से देश की विभिन्न पर्यटन संपदाओं और उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। पर्यटन मंत्रालय के भारत पर्यटन, कोच्चि कार्यालय ने केरल होम स्टेस एंड टूरिज्म सोसायटी (एचएटीएस) के साथ मिलकर हाल में पर्यटन मंत्रालय की होमस्टेस/ बीएंडबी इकाइयों से जुड़ी योजना के बारे में अवगत कराने के लिए होमस्टेस/ बीएंडबी इकाइयों के मालिकों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में निधि और साथी प्रमाणन के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसे विशेष रूप से आतिथ्य सत्कार उद्योग के लिए पेश किया गया था। कार्यशाला में कोच्चि और पड़ोसी जिलों के 54 होमस्टेस/ बीएंडबी इकाइयों के मालिकों ने भाग लिया। एक अन्य कार्यक्रम में, भारत पर्यटन कोच्चि ने जिला पर्यटन संवर्धन परिषद एनार्कुलम, केरल के साथ मिलकर केरल की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से उलसावम के एक सप्ताह लंबे असाधारण सांस्कृतिक महोत्सव के 13वें संस्करण को समर्थन दिया। इस महोत्सव में लगभग 200 कलाकारों की भागीदारी के साथ केरल की 28 कलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस महोत्सव का उद्घाटन कोचीन निगम की मेयर ने किया और संसद सदस्य हिबी एडेन ने उद्घाटन भाषण दिया।

### दिल्ली के अधिकारियों ने 50.03 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। केन्द्रीय वस्तु और सेवा कर (सीजीएसटी)आयुक्तालय, पूर्वी दिल्ली के अधिकारियों ने काल्पनिक फर्मों के एक नेटवर्क का खुलासा किया है, जिनका इस्तेमाल संचालक द्वारा वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बनाने और हस्तांतरित करने के लिए किया जा रहा था। फर्जी फर्मों का नेटवर्क, विशाल नाम के व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो पेशे से वकील है और कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली में वकालत करता था। विशाल ने अपने नाम पर एक काल्पनिक फर्म का निर्माण करके इस जीएसटी धोखाधड़ी की शुरूआत की, जिसे उन्होंने अपने निवास के नाम पर पंजीकृत करवाया। इसके बाद, उन्होंने कई फर्जी फर्मों को बनाने के लिए अलग-अलग व्यक्तियों के कई केवाईसी की व्यवस्था की। इन फर्जी फर्मों की कोई भी व्यावसायिक गतिविधि नहीं थी और इन्हें पूरी तरह से नकली इनपुट टैक्स क्रेडिट को हस्तांतरित करने और सरकारी खजाने को ठगने के उद्देश्य से बनाया गया था। उनके आवास की तलाशी के दौरान कई केवाईसी और चेक मिले हैं। वह अपने ग्राहकों को चालान राशि के 2 प्रतिशत कमीशन के बदले में नकली इनपुट टैक्स क्रेडिट हस्तांतरित करता था। अब तक फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट की कुल रकम 50.03 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, जिसके जांच के बढ़ने के साथ अधिक होने की उम्मीद है।

# आखिर पकड़ा गया मांस से लदी इनोवा कार का मालिक

» अजय प्रताप सिंह



नोएडा। यमुना एक्सप्रेस वे पर दो दिन पहले एक्सीडेंट के बाद मांस से भरी इनोवा कार को छोडकर भाग निकले शातिर इसरार पुत्र शब्बीर निवासी मऊखेडा थाना कोतवाली बुलंदशहर पुलिस के हत्थे चढ ही गया। नोलेज पार्क पुलिस ने इसरार को झटटा अंडरपास सर्विस रोड से बिना नंबर की चोरी की अपाचे मोटर साइकिल समेत गिरफ्तार कर लिया है। इनोवा कार के एक्सीडेंट और फिर गोमांस मिलने की खबर पर हंगामे की खबर प्रकाशित की थी। बताया जा रहा है कि प्रतिबंधित गोवध के बाद इसरार के साथ दो और साथी अगोता थाने के मालागढ गांव का इवली पुत्र बाबूखान व चमन पुत्र अली हसन थाना अनुपशहर के गांव मलकपुर भी सह अभियुक्त हैं जो अभी फरार हैं। थाना नोलेज पार्क पुलिस ने इनपर गोवध निवारण अधिनियम की धारा 3/5/8 लगायी हैं जिससे साबित होता है कि इनोवा कार में मिला मांस गोवंश का ही था।

# एक कदम शिक्षा की ओर आओ सीखें नया इतिहास



» हृदयेश सिंह

फरीदाबादेअखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह ने याद दिलाया कि 27 फरवरी 1931- क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद ने इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तारी से बचने के लिए 27 फरवरी के दिन खुद को गोली मार ली। वो अपने वचनों पर अटल थे। छोटी आयु में अंग्रेजों के शासन को जड़ से उखाड़ फेकने की प्रतिज्ञा करने वाले अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का नाम आते ही हर भारतवासी का सीना चौड़ा हो जाता है। 23 जुलाई 1906 को पंडित सीताराम तिवारी के घर जन्मे इस बालक ने बनारस में रहते अपने फूफा जी पंडित शिव विनायक जी के सान्निध्य में ह्यकाशी विद्यापीठह्न में संस्कृत भाषा का अध्ययन शुरू किया। उन दिनों बनारस में असहयोग आंदोलन की लहर चल रही थी। 1919 में जलियांवाला बाग नरसंहार से व्यथित चंद्रशेखर गांधी जी के असहयोग आंदोलन में पहली बार भाग लेकर अपने विद्यालय के छात्रों संग गिरफ्तार हुए। धरने पर बैठे चंद्रशेखर जब पकड़े गए तो उन्हें एक पारसी न्यायाधीश द्वारा पंद्रह बैंतों की सजा सुनाई गई। 14 साल के इस बहादुर बालक के मुंह से हर बैंत की मार पर ह्यभारत माता की जयह्न ही निकला। 1922 में अचानक से गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन बंद किए जाने के बाद से इनका मन देश को आजाद कराने के लिए सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गया।

# सद्भावना साइकिल मैराथन 2021 में कई जिले भी सम्मिलित हुए

» मदरलैंड संवाददाता




अशोकनगर। सर्व क्षत्रिय महासंघ मध्यप्रदेश एवं डॉक्टर एसएन सुबाराव फाउंडेशन के तत्वाधान में अशोकनगर जिले में प्रथम बार हुई सद्भावना साइकिल मैराथन में लगभग 140 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है सद्भावना साइकिल मैराथन का शुभारंभ गांधी पार्क प्रारंभ हुआ। जिसमें कार्यक्रम प्रारंभ के मुख्य अतिथि अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी अशोकनगर ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सद्भावना साइकिल मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सद्भावना साइकिल मैराथन गांधी पार्क से शहीद शशिन्द्र सिंह राणा चौराहा , राजमाता चौराहा महाराणा प्रताप मार्ग (गुना रोड़) , साडोरा होते हुए ग्राम सेजी चौराह से वापिस अशोकनगर हमको ना रोड सोनालिका शोरूम पर संपन्न हुई जिसमें 51 किलोमीटर लगभग दूरी तय की। आयोजन समिति ने रास्ते में 30 वॉलिंटियर बनाएं थे,जो रास्ता क्लियर करने के लिए फॉलो गाड़ी, समिति की ओर से डॉक्टर की टीम उपलब्ध रही, साइकिल मैकेनिक अपनी पूरी किट के साथ उपलब्ध रहे, प्रतिभागियों को रास्ते में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो उसके लिए 11 हेल्पलाइन नंबर जारी किए। एक वाहन जिसमें पर्याप्त ग्लूकोज पानी फल आदि की व्यवस्था की गई। जिला चिकित्सालय से एंबुलेंस एवं डॉक्टर की टीम उपलब्ध रहेगी। नगरपालिका के सहयोग से मैप अनुसार चूना एवं सड़कों की साफ सफाई करवाई गई। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथियों को प्रायोजक मंडल बालाजी ट्रैक्टर्स सोनालिका, रघुवंशी ग्लास हाउस, दुर्गा एग्रीकल्चर एवं इलेक्ट्रॉनिक , अंबे इवेंट, रतन श्री फैशन, राजा ऑटो पार्ट्स ने अतिथियों को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर रामकृष्ण रघुवंशी , दिनेश रघुवंशी , धीरेंद्र रघुवंशी , प्रमोद रघुवंशी, राम रघुवंशी, दीपक अग्रवाल , सोनू रघुवंशी महाना, पवन बगुल्या , रामकृष्ण कमालपुर , सुरेंद्र धतूरिया , नागेंद्र रघुवंशी , नीलम यादव , अभिषेक यादव , आशीष , रितिक रघुवंशी, आर्यन रघुवंशी चंद्रभान सिंह चंदू रघुवंशी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# बीजेपी द्वारा राम के नाम पर धन लूटने के अभियान से परेशान है देश के लोग: अनिल कुमार मीणा

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर

नई दिल्ली। कोरोनावायरसे नाम पर हुई लूट का कोई हिसाब सरकार के पास नहीं है। अब राम के नाम पर देश में हो रही लूट में कोई पारदर्शिता नहीं। वहां के लोगों द्वारा बताया गया कि अयोध्या में जमीन के दाम आसमान पर है, होटलों में कमरें के दाम भी दोगुने तिगुने। राम के नाम पर लूट मची है, चंदे के लिए फर्जी पर्चियां कट रही हैं, पैसा किसी और की जेब में जा रहा है। कर्नाटक के



पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि राम मंदिर के नाम पर जमा होने वाले चंदे की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस रिसर्च विभाग के प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार मीणा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने लोगों के राम के नाम पर चंदा लेने के लिए एक मापदंड निर्धारित कर रखा है जिन लोगों को पंचायत समिति जिला पार्षद विधायक एवं सांसद का चुनाव लड़ना है जितना अधिक मात्रा में राम के नाम पर धन इकट्ठा करेंगे उसी हिसाब से आगे टिकट का बंटवारा करेंगे जिन लोगों को भारतीय जनता पार्टी के दरवाजे से चुनाव लड़ना है उन सबके लिए राम के नाम पर देश के लोगों से धन लूटने का अभियान चला रखा है।

# 18 घंटे में 25 किमी सड़क बनाकर एनएचएआई ने बनाया विश्व रिकॉड

**नईदिल्ली।** भारतीयराष्ट्रीयराजमार्गप्राधिकरण (एनएचएआई) ने हालही में 25.54 किमी सड़क चंद घंटे में बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उल्लेखनीय है कि 25.54 किमी की सिंगल लेन सड़क एनएच-52 पर विजयपुर और सोलापुर के बीच बनाई गई है। वहीं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस खबर को साझा करते हुए सोशल मीडिया पर सराहना करते हुए बताया कि यह रिकॉर्ड लिम्बा बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुई है। एनएचएआई ने विजयपुर और सोलापुर के बीच एनएच-52 पर सिंगल लेन 25.54 किमी की सड़क केवल 18 घंटे में बनाकर तैयार कर दी है। आपको बता दें ये हाईवे बेंगलुरु-विजयपुरा-औरंगाबाद-ग्वालियर कॉरिडोर का हिस्सा है। सोलापुर-विजापुर राजमार्ग यात्रियों के लिए यात्रा के समय को काफी कम कर देगा और सड़क सुरक्षा को भी बढ़ाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने इस सड़क को बनाने वाली कंपनी और उसके कर्मचारियों को बधाई दी है।

# किसान आंदोलन में शामिल होने वाले सेना के 2 पूर्व अफसरों पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने वाले सेना के दो पूर्व अधिकारियों ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अग्रिम जमानत की मांग की है। हाईकोर्ट ने इस मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सेना के दोनों पूर्व अधिकारियों ने कहा कि आंदोलन में शामिल होने के चलते दिल्ली पुलिस उनसे पूछताछ करने के लिए उनके घर गई है। जस्टिस मुक्ता ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इससे पहले सेना के पूर्व मेजर जनरल सतबीर सिंह और कैप्टन वी.के. गांधी (वीएसएम) की ओर से वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद ने बताया कि उनके मुवक्किल लगातार किसान आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं और धरनास्थल पर भी गए हैं। खुर्शीद ने हाईकोर्ट को बताया कि हाल ही में हुई हिंसा के सिलसिले में दिल्ली पुलिस उनके मुवक्किलों से पूछताछ करने के लिए उनके घर गई थी। गिरफ्तारी की आशंका जताते हुए दोनों पूर्व सैन्य अधिकारियों ने हाईकोर्ट को बताया कि वे किसी भी प्रकार की हिंसा यभड़काऊ भाषण देने जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं रहे हैं। वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि पूर्व मेजर जनरल सतबीर सिंह भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन के अध्यक्ष हैं और उन्होंने 'वन रैंक, वन पेंशन' (ओआरओपी) से जुड़े आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे, जबकि पूर्व कैप्टन गांधी भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन उपाध्यक्ष हैं। वरिष्ठ वकील खुर्शीद ने अग्रिम जमानत याचिका में इस बात की आशंका जाहिर की है कि दिल्ली पुलिस किसान आंदोलन में शामिल होने के चलते उनके मुवक्किलों को फर्जी मामले में फंसाकर गिरफ्तार कर सकती है।

# तीसरी से कक्षा आठवीं तक परीक्षा न लेने का मामला पहुंचा एनएचआरसी और बाल आयोग

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों की छोटी कक्षाओं में परीक्षा न लेने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दरअसल यहां के तीसरी से आठवीं कक्षा के सरकारी स्कूलों के छात्रों को परीक्षाएं नहीं देनी होंगी। प्राइवेट स्कूलों के छात्रों के लिए यह नियम नहीं है। अभिभावक इसे भेदभावपूर्ण बता रहे हैं। 9वीं और 11वीं कक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा की मांग भी की जा रही है। परीक्षा से जुड़ा यह विवाद अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग जैसी संस्थाओं तक जा पहुंचा है।



दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के मुताबिक दिल्ली में कक्षा 3 से 8 तक में पढ़ने वाले छात्रों को वार्षिक परीक्षाएं नहीं देनी होगी। निदेशालय ने कहा कि यह फैसला सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा। दिल्ली सरकार का यह निर्णय उन लाखों अभिभावकों को रास नहीं आ रहा है जिनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं।

अभिभावकों ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा है कि चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, पिछले लगभग एक साल से छोटी कक्षाओं में पढ़ने वाले सभी बच्चों के स्कूल बंद हैं। दिल्ली पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष अपराजिता गौतम ने कहा कि हमने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इस पत्र में दिल्ली के शिक्षा विभाग द्वारा 24 तारीख को केवल सरकारी स्कूलों में 8वीं तक पढ़ने वाले बच्चों के लिए जारी किये गए पत्र व प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की अनदेखी का आरोप लगाया है।

अपराजिता गौतम ने कहा अभी तक हम 9वीं व 11वीं क्लास के ऑनलाइन एग्जाम करवाने की अपील कर रहे थे। हमारी उस अपील पर कोई प्रतिक्रिया शिक्षा विभाग ने नहीं दी। ऊपर से विभाग का केवल सरकारी स्कूलों के 8वीं क्लास के बच्चों के लिए आर्डर जारी कर दिया। अब राज्यपाल, मुख्यमंत्री, एनएचआरसी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को पत्र लिखकर दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले 9वीं व 11वीं क्लास के ऑनलाइन एग्जाम करवाने की अपील की गई है।

वहीं अखिल भारतीय अभिभावक संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा, हम दिल्ली सरकार के फैसले का स्वागत करते हैं लेकिन इसमें और सुधार की जरूरत है। आठवीं तक के छात्रों के अलावा 9वीं एवं 11वीं कक्षा के छात्रों के लिए भी सरकार को यही पॉलिसी अपनानी चाहिए। कोरोना के कारण छोटी कक्षाओं में पढ़ने वाले दिल्ली के सभी छात्र स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। ऐसे में यह नियम प्राइवेट स्कूल के छात्रों पर भी लागू किया जाए।

दिल्ली सरकार द्वारा लिए गए फैसले के पक्ष में शिक्षाविद केसी कांडपाल ने कहा, लॉकडाउन के कारण सरकारी स्कूल के अनेक छात्रों को संसाधनों के अभाव में ऑनलाइन शिक्षा से भी वंचित रहना पड़ा है। हालांकि प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई भी स्कूल बंद होने के कारण प्रभावित हुई है। ऐसे में सरकार चाहे तो प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को भी राहत दी जा सकती है।

दिल्लीके एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाली 11वीं कक्षा की छात्रा वैभवी के मुताबिक स्कूल खुलने के बावजूद अभी तक स्कूलों में सामान्य रूप से नियमित पढ़ाई नहीं शुरू हुई है। पूरा साल हमने ऑनलाइन पढ़ाई की है। ऐसे में परीक्षाएं भी ऑनलाइन करवाई जा सकती थी, लेकिन यह फैसला लागू नहीं किया गया। अब अगले सप्ताह से ऑफलाइन परीक्षा का ऐलान भी कर दिया गया है।

## वीरता के लिए दो बार राष्ट्रपति पदक प्राप्त व एनकाउन्टर स्पेशलिस्ट प्रवेश शर्मा बने रोहाना चौकी प्रभारी

» सरताज अहमद



मुजफ्फरनगर। एसएसपी मुजफ्फरनगर अभिषेक यादव द्वारा एसआई प्रवेश शर्मा को रोहाना चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले प्रवेश शर्मा सिविल लाइन थाना के एसएसआई के रूप में तैनात थे। अपनी कार्यशैली और वीरता के लिये प्रवेश शर्मा को दो बार राष्ट्रपति पदक और तीन बार डीजी डिस्क मिल चुका है। वही गणतंत्र दिवस के मौके पर एसएसपी मुजफ्फरनगर द्वारा भी उन्हें दो बार अवार्ड देकर सम्मानित किया जा चुका है। क्राइम के खात्मे को लेकर भी प्रवेश शर्मा मेरठ, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में जाने जाते है। अपने अब तक के कार्यकाल में 36 एनकाउन्टर कर चुके एसआई प्रवेश शर्मा अपराधियो के लिए काल के रूप में जाने जाते है। एसआई प्रवेश शर्मा मुजफ्फरनगर क्राइम ब्रांच सहित कई थानों में अहम पदों पर तैनात रहे। वही प्रवेश शर्मा प्रोमोट होकर हेड बने और उसके बाद एसआई बने। उनका सिर्फ एक ही उद्देश्य है क्राइम मुक्त क्षेत्र।

## बसंत के पावन पर्व पर एक संगीत संध्या का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। आकाशवाणी केन्द्र रामपुर में बसंत के पावन पर्व पर एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर केन्द्र अध्यक्ष मनदीप कौर ने कहा कि एक लंबे समय के बाद इस प्रकार के आयोजन सुखद अनुभूति अपने साथ लेकर आते हैं। कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए जरूरी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप आकाशवाणी ने इस संगीत का आयोजन सुनिश्चित किया हैं। आकाशवाणी का उद्देश्य लोक संस्कृति, संगीत और कला को सहेजना एवं संवर्धित करना रहा हैं। इस प्रकार के आयोजन उन्हीं प्रयासों की एक कड़ी हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम हमें एक साथ मिलने, एक दूसरे से बात करने और एक दूसरे की संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुविख्यात शास्त्रीय गायक अवधेश गोस्वामी, रामपुर सहसवान घराने के सितार वादक मुजतबा हुसैन, नैना कपूर, शुभा चटर्जी, विनीत जोशी आदि ने अपने सुरों से श्रोताओं को मन मोह लिया।

इस मौके पर असीम सक्सैना, डा. विनय वर्मा, राजीव सक्सैना, राघवेन्द्र सिंह, राम शब्द चैहान, गौरव सक्सैना, मंतोष विश्वास, अखिलेश पाल, शोभित वर्मा, बृजमोहन, नरेन्द्र कुमार, हरि ओम, कृष्ण गोपाल, फरीद उल्लाह आदि मौजूद थे।

## छोटे बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए विज्ञान दिवस पर बनाई मोबाइल विज्ञान प्रयोगशाला

» मदरलैंड संवाददाता



किठौर । मेरठ आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज किठौर के विज्ञान वर्ग के छात्रों असद सोहेल शारिब आशीष निर्भय शर्मा के द्वारा डॉ नुसरत अली के सुपरविजन में मोहल्ला विज्ञान प्रयोगशाला बनाई गई और उसमें विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करने तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से मोबाइल प्रयोगशाला के द्वारा विज्ञान के प्रयोग करके दिखाएं और छात्रों को खाद्य सामग्री में होने वाली मिलावट की पहचान कैसे की जाए के बारे में भी प्रयोगों के माध्यम से समझाया गया । पढ़ो विज्ञान सीखो विज्ञान समझो विज्ञान बनो वैज्ञानिक करो नई नई सोच विकसित बनाओ कुछ नया। दो चैलेंज दुनिया को और जीतो इस दुनिया को इस तरह के वाक्यों से बच्चों को बच्चों के ही अंदाज में वैज्ञानिक पद्धति की बातें स्टार अलफला इंटर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ नुसरत अली ने समझाएं इस अवसर पर मास्टर विरासत अली, मास्टर रोहतास, अब्दुर रब, मास्टर वकील, मास्टर इकराम आदि लोग मौजूद थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### मवाना में डॉ.अम्बेडकर की मूर्ति खंडित, लोगो में आक्रोश, पुलिस सतर्क

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। तहसील मवाना में एक बार फिर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित करने का मामला सामने आया है । सुबह जब लोगो ने मूर्ति को खंडित हुई देखा तो गुस्सा भड़क गया ,लोगो ने हंगामा कर दिया । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच गई और हंगामा कर रहे लोगो को शांत किया और दूसरी मूर्ति स्थापित की ।पुलिस ने इस मामले में ग्रामीणों द्वारा दी गई अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया और उनकी पहचान करने में जुट गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी शीघ्र ही सलाखों के पीछे होंगे। मवाना थाना क्षेत्र के छोटा मवाना का है,यहां स्थापित बाबा साहब की मूर्ति को अज्ञात शरारती तत्वों ने रात में खंडित कर दिया । सुबह जब लोगो ने देखा तो उनका गुस्सा भड़क गया ,मौके पर पहुँची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नई मूर्ति स्थापित की और आरोपियो की पहचान करने और गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया । पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र में अबसे पहले भी इस तरह से शरारती तत्वों ने मूर्ति खण्डित करने का कार्य किया था । जिसको लेकर लो लोगों के चेहरों पर आक्रोश है और क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आरोपियों को शीघ्र सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया तो हम इसके लिए धरना प्रदर्शन करेंगे।

### राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में रामपुर को प्रथम रैंक

मदरलैंड संवाददाता, रामपुर। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा रामपुर को प्रथम रैंक प्रदान की गई हैं। डीएम आन्जनेय कुमार सिंह ने क्षय रोग उन्मूलन से जुड़ी स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. प्रदीप वाष्णेय ने बताया कि आठ मानकों पर विस्तृत समीक्षा की गई तथा निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में अधिकतम 95 अंक निर्धारित किये गये थे जिसमें रामपुर जिले को सर्वोच्च 73 अंक के साथ प्रथम रैंक प्रदान की गई। उन्होने बताया कि क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में डीएम के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा कोविड के कारण प्रभावी लॉकडाउन के दौरान भी क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कोई भी सेवा प्रभावित नहीं होने दी गई। पूरी टीम ने क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के साथ-साथ कोविड-19 से बचाव एवं अन्य स्वास्थ्य से जुडे कार्यो को अत्यंत सक्रियता के साथ किया गया जिसके कारण रामपुर जिले को प्रथम रैंक प्राप्त हुई।

### नित्या की सुंदर पेटिंग ने सभी का मनमोहा

मदरलैंड संवाददाता, सहारनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए नारे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत लोगों में भी बेटियों के प्रति बेटों के मुकाबले बेटियों को कामयाब बनाने की ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है और इसी के चलते लोग बेटियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा के साथ-साथ उनको इस भागती दौड़ती दुनिया में हाथ के हुनर भी सिखाए जा रहे हैं जिससे कि आने वाले समय में बिटिया जो भी फील्ड चुने उसमें कामयाब हो सके ऐसा ही कुछ सर्वोदय विहार निवासी रविंद्र कुमार के परिवार में भी देखा गया जो अपनी सिक्स क्लास की बिटिया नित्या सिंह को बचपन से ही तबला,क्लासिकल,डांस के अलावा चित्रकला मैं पारंगत करने का प्रयास कर रहे हैं और नित्या भी तबले पर हाथ ऐसे चलाती है कि मानो तबला नहीं कोई खिलौना हो वही जब उसके हाथ में कलर के ब्रूश उठाते हैं तो वह देखते ही देखते सुंदर सुंदर पेंटिंग बना देती है और उनमें सुंदर-सुंदर कलर भरकर उसको जागृत कर देती है जिसको देखने के बाद लोग उसकी भूरी भूरी प्रशंसा करते हैं बड़े होकर एक अधिकारी बनने की लालसा रखने वाली नीतियां बताती है कि बचपन से ही उसको तबला पेंटिंग का शौक है और उसके मां-बाप भी उसको पूर्ण रूप से समर्थन देते हैं और उसकी इस कला को बढ़ाने का काम करते हैं उसने अपने परिवार के इस सहयोग की बात कहते हुए बताया कि पापा मम्मी से मैं जो भी सीखने को कहती हूं वह मुझे बढ़-चढ़कर सिखाते हैं।

## मृत पत्रकार के परिवार को दस लाख की आर्थिक मदद के लिए सौपा ज्ञापन

» शारिक



मुजफ्फरनगर। जानसठ रोड स्थित अल्मासपुर चौक पर पत्रकार एकता मिशन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर प्रसाद पटेल एंव संचालन संजय कुमार ने किया वंही बैठक में संगठन को मजबूती दिए जाने को लेकर निशुल्क सदस्यता अभियान पर संगठन के पदाधिकारियों से जनपद के सभी क्षेत्रों में पत्रकारों को एक जुट करने को लेकर सभी ने सुझाव दिए व संगठन के विस्तार को लेकर सभी ने अपने विचार रखे। वंही बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने जनपद सहारनपुर के देवबंद में सीनियर प्रेस फोटो ग्राफर, एफ इन इंडिया 18 टीवी चैनल के प्रभारी एंव प्रेस एसोसिएशन देवबंद के सदस्य शहजाद उस्मानी का आकस्मिक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उन्हें हृदय में दर्द की शिकायत पर देवबंद के एक निजी चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया गया था। जहाँ हालात में सुधार न होने के चलते उन्हें ऋषिकेश के एम्स हॉ-स्पिटल ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया था। लेकिन शनिवार की दोपहर उन्होंने जिंदगी से जंग लड़ते हुए अंतिम सांस ली। इस दौरान बैठक में, संगठन के जिला अध्यक्ष आदेश सैनी, पत्रकार संजय कुमार, पत्रकार सरताज अहमद, पत्रकार मोहम्मद शारिक, पत्रकार निसार अहमद, पत्रकार अंकित सिंह, पत्रकार सुरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार आई पी पटेल, चौक की आवाज मुख्य संपादक ठाकुर सुन्दर सिंह सोम, समाचार संपादक मोहित कल्याणी चौक की आवाज, दिव्य छाया मुख्य संपादक, दिव्य छाया, ठा. योगेश सिंह कुशवाह, कार्यकारी संपादक डॉ. रईस अल्वी, वरिष्ठ पत्रकार संपादक जुर्म का आईना वसीम अहमद, मुख्य संपादक हम सब का दर्पण, सुरेश धीमान, पत्रकार ताहिर गुड्डू, पत्रकार अशोक कुमार, पत्रकार डॉ. बब्लू अली, सहित अनेको पत्रकार गन मौजूद रहे।

## केरल व पश्चिम बंगाल में मुस्लिम महिलाएं भाजपा के साथ

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मारिया फरहत ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि केरल व पश्चिम बंगाल में मुस्लिम महिलाएं खुलकर भाजपा का साथ दें। अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता फरहत अली खां की पत्नि भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मारिया फरहत ने कहा कि केन्द्र और राज्यों में जब से भाजपा की सरकारे बनी हैं तब से महिलाओं को जो सम्मान के साथ जीने का अधिकार मिला हैं उससे पूरे देश की महिलाएं लाभांवित हुई हैं। मुस्लिम महिलाओं के उत्थान और सम्मान के लिए केन्द्र सरकार ने योजनाएं चलाई हैं उसमें बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास का लाभ मिल रहा हैं। केरल और पश्चिम बंगाल में मुस्लिम समाज को बरगलाया और बहकाया जा रहा हैं जबकि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम आवास योजना, स्वास्थ्य, उज्जवला, बेटी पढाओ बेटी बचाओ, सुमन, निशुल्क सिलाई मशीन, सुकन्या समृद्वि एवं अन्य योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंच रहा हैं। केन्द्र मी मोदी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को सबसे बड़ी राहत तीन तलाक कानून बनाकर दी हैं। उन्होने कहा कि चुनाव के दौरान वह केरल व पश्चिम बंगाल में मुस्लिम महिलाओं के बीच जाकर भाजपा की नीतियों को बताने का काम करेगी।

## पंचायत चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी को एकजूट होकर चुनाव लडाऐं: हरिराज सिंह

» मदरलैंड संवाददाता



गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में भाजपा कार्यकर्ताओ ने पंचायत चुनाव को लेकर बैठक करते हुये पार्टी प्रत्याशी को एकजूट होकर लडाने की सहमति बनी। रविवार को ब्लॉक सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में भाजपा कार्यकर्ताओ ने पंचायत चुनाव को लेकर बैठक करते हुये पार्टी प्रत्याशी को एकजूट होकर चुनाव लडाने की सहमति बनी। बैठक में कॉपरेटिव के चैयरमेन हरिराज सिंह ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में पार्टी मजबूती से अपने प्रत्याशीयों को चुनाव लडायेगी। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक पाल ने कार्यकर्ताओ व पदाधिकारीयों से कहा कि सभी एकजूट होकर पार्टी प्रत्याशी को चुनाव लडाने की तैयार करें। बैठक में प्रदीप भाटी, राजीव शर्मा, राजेन्द्र कैलाशी , जितेन्द्र भडाना, प्रमोद, रूप सिंह, राजेश शर्मा, खालिद, संजीव ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## किसान पीजी कालिज में मिशन शक्ति कार्यक्रम

» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में मिशन शक्ति कार्यक्रम में प्राचार्य ने कहा कि छात्राओ को निडर होकर अपनी बात कहनी चाहिए।

सिंभावली स्थित किसान पीजी कालिज में शनिवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुऐ कालिज के प्राचार्य डॉ. तेजवीर सिंह ने कहा कि छात्राओ को निडर होकर अपनी बात कहनी चाहिए। कार्यक्रम में वक्ताओ ने छात्राओ को संबोधित करते हुऐ कहा कि महिलाओ के हित में सरकार ने विभिन्न योजनाऐ चलाई हुई है जिनका लाभ जागरूकता से उठाया जा सकता है। छात्राओ को सुरक्षा के लिए सरकार ने कई हेल्प लाईन शुरू की है जिनकी जानकारी सभी छात्राओ ओर महिलाओ को होनी चाहिऐ। कार्यक्रम में डॉ. चारू व डॉ. सुरभि मित्तल ने मिशन शक्ति के विषय में जानकारीयां दी। डॉ. वेद प्रकाश,डॉ. प्रभात, डॉ. अजय पाल,डॉ. शिवशंकर, डॉ. जीके सिंह आदि ने भाग लेते हुऐ अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## वॉलीबॉल डे नाइट प्रतियोगिता में पचौरी कंपाउंड ने मारी बाजी




» अजय सक्सेना

मैनपुरी। आवास विकास स्थित शौर्य पैलेस के सामने बने ग्रीन पार्क एलआईसी के पीछे दो दिवसीय चल रहे डे नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शनिवार देर रात समापन हो गया। स्वर्गीय मुनेश यादव स्मृति राज्य स्तरीय डे नाईट वॉलीबॉल प्रतियोगिता दूसरे दिन फाइनल मैच पचौरी कंपाउंड मैनपुरी एवं नैनीताल स्टेडियम के मध्य खेला गया फायर मुकाबले का शुभारंभ समाजवादी युवा नेता ऋषि राज यादव एवं ओमेंद्र यादव प्रधान अंजनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया फाइनल मुकाबला बेस्ट ऑफ पांच में हुआ फाइनल मुकाबला कितना रोचक एवं संघर्षपूर्ण रहा कि दर्शक अपनी जगह पर ही देर रात तक वॉलीबॉल खेल का आनंद लेते रहे और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते रहे फाइनल मुकाबले में पचौरी कंपाउंड मैनपुरी की टीम ने नैनीताल क्लब को 25-19-25-18- 25- 22 से लगातार सीधे 3 सेट जीतकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया नैनीताल क्लब को उपविजेता से ही संतोष करना पड़ा विजेता टीम को सदर विधायक राजकुमार उर्फ राजू यादव ने 21000 रुपए व शील्ड देकर सम्मानित किया वहीं उपविजेता टीम को रू15000 व खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन की घोषणा भी की इस मौके पर राजेश, सुमन, नदीम इलाही, राजू ढकरई वाले, पप्पू प्रधान, शरद पचौरी, के पी सिंह, लाला गुप्ता, दीपक, मनीष, राहुल, मुखिया यादव, अतुल तिवारी, अरविंद, कमल पचौरी आदि लोग उपस्थित रहे शनिवार को मैचों में निशांत शर्मा, जुबेर अली, नवीन मिश्रा और अमर पचौरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## ईशन नदी किनारे अतिक्रमण करने वालों पर जिला प्रशासन का कसा शिकंजा

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद ईशन नदी के किनारे अवैध अतिक्रमण नहीं रुक रहा. ईशन नदी के किनारे धड़ल्ले से भू-माफिया गेस्ट हाउस, स्कूल और घर बनाकर नदी के अस्तित्व मिटाने में लगे हुए हैं हालांकि जिला प्रशासन ने दो विद्यालय और एक मैरिज हॉल को ढहाने का आदेश दिया है. जिससे वहां अतिक्रमण करने वालों खलबली मची हुई है। आपको बता दें कि जिला प्रशासन नदियों के अस्तित्व को बचाने के लिए तमाम कोशिशें कर रहा हैं, लेकिन माफिया धड़ल्ले से नदियों के किनारे खाली पड़ी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले मकान, स्कूल व मैरिजहाल बनवाने में लगे हुए हैं वही जिला प्रशासन ने भी उन पर सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई करने का मूड बना लिया है।

### ईशन नदी किनारे अवैध अतिक्रमण
### 200 लोगों को नोटिस

ईशन नदी किनारे खाली पड़ी जमीन के बड़े क्षेत्र पर माफिया गेस्ट हाउस, स्कूल और घर बनाकर अतिक्रमण कर चुके हैं. हालांकि प्रशासन का दावा है कि ऐसे लोगों पर लगातार कार्रवाई चल रही है. इस संबध में करीब 200 लोगों को नोटिस भी भेजा गया है अगर नोटिस के बावजूद जमीन खाली नहीं की गई तो प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की बात कह रहा है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन किया

» मदरलैंड संवाददाता

सहारनपुर। विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष विनय सिंघल के नेतृत्व में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के पावन पर्व पर सिविल हॉस्पिटल में विश्व हिंदू महासंघ के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लोकतंत्र सेनानी आचार्य राजेंद्र अटल व जिला प्रभारी अनिल सैनी द्वारा रिबन काटकर किया गया। गुरु गोरखनाथ जी के स्थान गोगामाडी सुधार सभा के चौधरी अनिल प्रताप सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है इससे बढ़कर और कोई दान नहीं है यह किसी भी मानव का जीवन को बचा सकता है और हर मानव को रक्तदान करना चाहिए इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस सोढ़ी एवं समस्त जिला चिकित्सालय के रक्तकोष के कर्मचारियों की देखरेख में किया गया। इस मौके पर ओम प्रकश सैनी, राहुल कुमार, अभिषेक गुप्ता, अर्पित सिंगल, राकेश राणा, प्रवीण कुमार, शिवांशु सैनी, विकास सैनी, अमित नारंग, नेहा, संहिता राणा, अलका चौधरी, विराट कुमार उपस्थित रहे।

## एकता समाज सेवी संस्था अभियंता राहुल रंजन के साथ

» अफाक खान



रामपुर। हम एकता समाज सेवी संस्था के संस्थापक व प्रदेश सचिव जाहिद खां उर्फ खान भाई डूंगरपुर के अवर अभियंता राहुल रंजन के पक्ष में खड़े हो गये हैं। प्रेस को जारी बयान जाहिद खां ने कहा कि डूंगरपुर के अवर अभियंता राहुल रंजन के ऊपर लगाये जा रहे आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत विभाग पर विद्युत चोरी रोके जाने का दबाव हैं ऐसी हालत में बिजली विभाग के अफसरों द्वारा रामपुर को 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने के साथ-साथ बिजली चोरी रोकने का पूरा प्रयास किया जा रहा हैं। डूंगरपुर के अवर अभियंता राहुल रंजन द्वारा अपने विभाग के आला अफसरों का आदेश मानते हुए क्षेत्र में बिजली चैकिंग की जा रहीं हैं। जिन घरो में बिजली चैकिंग के दौरान चोरी पकड़ी जा रहीं हैं वहीं लोग उनका विरोध कर उनपर मनघंड़त आरोप लगाकर बदनाम कर रहें हैं। ऐसे अधिकारी के खिलाफ आरोप लगाना गलत हैं। उन्होने कहा कि डूंगरपुर स्थित आसरा कालोनी में सिर्फ गरीब परिवार ही रहते हैं और अधिकतर लोगों के बिल लॉकडाउन के कारण जमा नहीं हो पाये लेकिन इसके बाद भी राहुल रंजन ने अपने स्तर पर कालोनीवासियों की लाइट नहीं काटी और हैसियत के हिसाब से पैसे जमा करने को कहा इसके अलावा जिन लोगों ने इसके बाद भी बिल जमा नहीं किये तो उन्होने उनकी बिना किसी बदसलूकी से कनेक्शन काट दिये और उन्हे आश्वासन दिया कि वह कुछ पैसा जमा कर दें ताकि उनका कनैक्शन दुबारा चालू कर दिया जाये। ऐसे अधिकारी के खिलाफ छेड़छाड़ व भ्रष्टाचार का आरोप लगाना गलत हैं। जाहिद खां ने कहा कि राहुल रंजन जितनी मदद क्षेत्र के गरीब बिजली उपभोक्ताओं की करते हैं उसे कोई नहीं देखता बल्कि बिजली चैकिंग के दौरान चोरी पकड़े जाने पर उनके खिलाफ लोग आक्रोशित हो जाते हैं जो न्यायसंगत नहीं हैं। उन्होने कहा कि हम एकता समाज सेवी संस्था ऐसे अधिकारी के पक्ष में हमेशा खड़ी हैं और हर संभव मदद करने को तैयार हैं। उन्होने अवाम से अपील करते हुए कहा कि बिजली विभाग की मदद करें तभी विद्युत विभाग के अफसर भी उनकी मदद कर सकतें हैं।

## जिला पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को दिए कड़े निर्देश

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। बच्चों को कुपोषण से निजात दिलाने हेतु गोद लिये गांव में सभी अधिकारी 3 मार्च को अपने-अपने गांव का भ्रमण कर कुपोषित, अति कुपोषित बच्चों की सेहत की जानकारी करें, अपने सामने लक्षित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच कराएं, उन्हें उचित, पौष्टिक आहार लेने के लिए जागरूक करें ताकि पैदा होने वाला बच्चा सेहतमंद हो। भ्रमण के दौरान गांव के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का निरीक्षण करें, बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा-स्वावलाम्बन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान, महिलाओं के उत्थान, आत्मनिर्भर हेतु संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दें, पंचायत चुनाव के बारे में फीडबैक लें। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, सीडीपीओ अपने-अपने क्षेत्र के अति कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करायें ताकि कुपोषित बच्चे की बेहतर देखभाल हो सके, गोद लिये गांव के अधिकारी माह में एक बार पोषण पुनर्वास केन्द्र का भ्रमण अवश्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. पांडेय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सीडीपीओ आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुमार ने किया।

# प्रसूता को जननी सुरक्षा योजना का लाभ तत्काल उपलब्ध हो: महेंद्र बहादुर सिंह

» मदरलैंड संवाददाता




मैनपुरी। जिन सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सब सेंटर अन्टाइड फंड की धनराशि व्यय नही हुयी है, वहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी, एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये, सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी 15 दिन के भीतर अपने यहां की सबसे खराब कार्य करने वाली 3 आशा, 2 संगिनी को कारण बताओ नोटिस जारी करें, सबसे खराब परफारमेंस वाली आशा, एएनएम की सेवाएं समाप्त की जाए, जिस सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे खराब प्रगति हो वहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए यदि 15 दिन में सुधार न हो तो एमओआईसी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। आशाओं के भुगतान की प्रक्रिया में विलंब करने वाले बरनाहल के मेम, बीसीपीएम को भी नोटिस जारी किया जाए, सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे खाने की गुणवत्ता स्वयं खाकर चेक करें और उसकी रिपोर्ट मय फोटोग्राफ्स के उपलब्ध कराएं। प्रसूता को जननी सुरक्षा योजना का लाभ तत्काल उपलब्ध हो इसके लिए गर्भावस्था के दौरान ही गर्भवती महिला का बैंक खाता खुलवाकर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाए और उसे प्रसव के उपरांत डिस्चार्ज होने पर ही जननी सुरक्षा योजना का लाभ दिया जाए साथ ही आशा को भी तत्काल उसके मानदेय का भुगतान किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. पांडेय, मुख्य चिकित्साधीक्षक महिला डा. ए.के. पचौरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.पी. शुक्ला, डा. राजीव राय, एसएमओ डा. एसएन सिंह, डीएमसी यूनीसैफ संजीव पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रविन्द्र गौर, डीपीएम संजीव सहित समस्त प्र.चिकित्साधिकारी, अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय विधायक के इशारे पर पुलिस ने ब्लाक प्रमुख सुग्रीव सिंह चौहान को किया नजरबंद



» शंकरदेव तिवारी

आगरा। रविवार को पिनाहट उसेद घाट पर निर्माणधीन पक्के पुल का शुभारंभ करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा होना था। पिनाहट ब्लाक प्रमुख सुग्रीव सिंह चौहान को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। जिस पर रविवार सुबह ब्लॉक प्रमुख पिनाहट सुग्रीव सिंह चौहान अपने हजारों समर्थकों के साथ पक्के पुल के शुभारंभ में जाने के लिए भदरौली तिराहा स्तिथ अपने शंकर सुमन चिलिंग पर बैठे हुए थे। तभी शंकर सुमन चिलिँग प्लांट पर बाह और पिनाहट सर्किल का फोर्स पहुंच गया। बाह और पिनाहट सर्किल के फोर्स ने शंकर सुमन चिलिँग प्लांट को चारों तरफ से घेर लिया,और ब्लाक प्रमुख सुग्रीव सिंह चौहान को पक्के पुल के शुभारंभ में जाने से रोक दिया। जिससे पुलिस और समर्थकों के बीच काफी देर तक नोकझोंक होती रही। बाद में ब्लाक प्रमुख सुग्रीव सिंह चौहान अपने हजारों समर्थकों के साथ शंकर सुमन चिलिंग प्लांट से पक्के पुल के शुभारंभ के लिऐ बाहर जाने लगे तो पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास किया। इसी से समर्थक भड़क गए,और जमकर नारेबाजी करने लगे,पुलिस ने सुग्रीव सिंह चौहान को हिरासत में लेकर उन्हें शंकर सुमन चिलिंग प्लांट में नजर बंद कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मी को गुलदस्ता व प्रमाण पत्र देकर विदाई दी

रामपुर। पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मी को आज पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम अपने कार्यालय में गुलदस्ता व प्रमाण पत्र देकर विदाई दी। रामपुर पुलिस विभाग में तैनात पुलिस कर्मी को सेवानिवृत्त होने पर आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया। थाना टांडा में तैनात उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं। उक्त पुलिस कर्मी द्वारा उप्र पुलिस के लिए अपना महत्वपूर्ण सराहनीय योगदान दिया गया। पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मी के अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गुलदस्ता व प्रमाण पत्र देकर विदाई दी गई। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, सीओ सिटी विद्या किशोर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से मिलकर पंचायतो की समस्याऐं रखी

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव माधापुर निवासी अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय मंत्री संजीव त्यागी ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से मिलकर पंचायतो की समस्या रखी। जिसपर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने समस्स्याओ को हल कराने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय मंत्री संजीव त्यागी ने बताया कि वह अपने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाल्मिकि प्रसाद के साथ एक प्रतिनिधि मण्डल को साथ लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से मिले। प्रतिनिधि मण्डल ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से पंचायतो की विभिन्न समस्याऐं रखी। संजीव त्यागी ने यह भी बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने पंचायतों की समस्याओ को हल कराने का आश्वासन दिया।

### संतों की जयंती धूमधाम से मनानी चाहिए: अटल

मदरलैंड संवाददाता, सहारनपुर। राजगीरी हॉस्पिटल में आज हिंदू महासंघ द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश अध्यक्ष भिकारी प्रजापति के आव्हान पर ताज संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती के उपलक्ष में एक कार्यक्रम रखा गया जिसका उद्घाटन गोगामहडी सुधार समिति के चौधरी चौ अनिल प्रताप सैनी वह समाजसेवी राजेंद्र अटल तथा सीएमओ बी एस सोढी द्वारा संयुक्त रुप से रिबन काटकर वह संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर किया गया उनका कहना था कि सभी संतो की जयंती सब लोगों को धूमधाम से मनानी चाहिए इससे आपसी भाईचारा बढ़ता है और जातिवाद का जहर खत्म होता है कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकताओं द्वारा रक्तदान भी किया गया जिससे कि बीमार गरीब बेसहारा लोगों को रक्त मिल सके और वह बीमारियों से लड़ सके और अपना इलाज करा सकें।

### ईको में अज्ञात कारणों से लगी आग,एक युवक झुलसा

मदरलैंड संवाददाता, आगरा। रविवार को खेरागढ थाना क्षेत्र के नगला उदैया मार्ग स्थित एक गली में खड़ी ईको में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ईको में आग लगी देख लोग घटना स्थल की ओर दौड़े और आग बुझाने में जुट गए। वहीं लोगों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। वही ईको के पास खड़े विष्णु पुत्र जगदीश निवासी नगला उदैया मार्ग झुलस गया। जिसे लोग उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए वही सूचना पर पुलिस मौके पर पहुच गई और आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका।

# तीनों नये कृषि कानून किसानों के हित में नहीं: राकेश टिकैत

» अंजुम सिद्दीकी



सहारनपुर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि केंद्र सरकार जो तीन कृषि कानून लेकर आई है, वह काले कानून हैं जो किसानों के हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र सरकार इन तीनों काले कानूनों को वापस नहीं लेगी किसानों का आंदोलन जारी रहेगा। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज यहां नागल रोड स्थित लाखनौर में संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित किसान महापंचायत को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाए गए तीनों कृषि कानून किसानों को खेतिहर मजदूर बनाने की साजिश है जिसे भारतीय किसान यूनियन किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने किसानों को चेताते हुए कहा कि इन कृषि कानूनों के लागू होने से किसानों को बर्बाद होने में अधिक समय नहीं लगेगा। एक समय ऐसा आएगा कि 50 साल बाद देश में खेती नहीं होगी तथा इन कारपोरेट घरानों को सस्ता मजदूर नहीं मिलेगा जिस कारण स्थिति यह आ जाएगी कि खाने के लिए अनाज भी बाहर से मंगाना पड़ेगा तथा जनता को रोटी तक नसीब नहीं होगी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण के बारे में कहा कि किसान अपनी जमीन को सस्ते में नहीं देगा। यदि सरकार को परियोजनाओं के लिए जमीन की आवश्यकता है तो सरकार को जमीन मार्किट रेट पर खरीदनी पड़ेगी। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ एकजुट होकर तब तक संघर्ष करें जब तक केंद्र सरकार इन तीनों कृषि कानूनों को वापस नहीं लेती। उन्होंने कहा कि किसानों को अपने संघर्ष में सफलता जरूर मिलेगी। बस धैर्य के साथ किसानों को अपनी लड़नी पड़ेगी। नगर विधायक संजय गर्ग ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों समेत हर वर्ग का शोषण करने पर तुली हुई है। उसे देश के गरीब, मजदूर व किसान की कोई परवाह नहीं है। महापंचायत में सैनी, रोड, गाड़ा, वालिया, गुर्जर, जाट आदि समाज के लोगों ने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। महापंचायत में भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. विनय कुमार, अतुल फंदपुरी, रघुवीर सिंह, सेवाराम आर्य, जगपाल सिंह, चौ. मेवाराम, राजवीर काम्बोज, भूपेंद्र त्यागी, मुकेश तोमर, अरूण राणा, सीखचंद आर्य, केहर सिंह, बृजपाल सिंह, अजय काम्बोज समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विधायक ने किया बोहरे नत्थीलाल महाविद्यालय में कृषि विभाग का शुभारंभ



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। थाना इरादतनगर अन्तर्गत गांव खेड़िया में बोहरे नत्थीलाल शर्मा महाविद्यालय में रविवार को महाविद्यालय के कृषि विभाग की नई विल्डिंग का शुभारम्भ हुआ। खेड़िया स्थिति बोहरे नत्थीलाल शर्मा महाविद्यालय में कृषि विभाग के नए पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ।जिसमें आगरा से विधायक योगेंद्र उपाध्याय मुख्य अतिथि रहे तथा नव निर्मित इमारत का फीता काटकर उदघाटन किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय से बीटीसी की छात्रा भूमिजा शर्मा जिसने प्रथम स्थान प्राप्त किया था को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विधायक योगेंद्र उपाध्याय ने राम मंदिर,कोरोना वेक्सीनेशन,आदि सरकार की उपलब्धि यों की प्रशंसा की और आगामी पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रत्याशीयों को चुनाव में विजयी करने के लिए क्षेत्र की जनता से अपील की। कार्यक्रम के दौरान वीरेंद्र कुमार,दिनेश चन्द शुक्ला,मोनू वर्मा,सोनू सिकरबार, उदयभान त्यागी,बॉबी उपाध्याय, श्रीराम शर्मा,पूरनसिंह त्यागी,मनु पंडित,रामविनोद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। जगनेर में सरस्वती शिशु मंदिर में भाजपा जगनेर मण्डल की आगामी पंचायत चुनाव को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार ने बताया कि बैठक में आगामी चुनाव पार्टी दमदारी से लड़ेगी उसके लिए रूप रेखा तैयार करने के लिए कार्यकताओं को निर्देशित किया जा रहा है।बैठक से पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दिपज्वलन जिला उपाध्यक्ष मेघराज सोलंकी जिलामंत्री देवेंद्र वर्मा,बरिष्ठ नेता हरविलास अग्रवाल ने किया।इस मौके पर महेश उपाध्याय,भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार,विहिप जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह,प्रदीप गोयल,विनोद परमार,सौरभ गर्ग,ब्रजकिशोर मित्तल,अविनाश परमार,वीरी सिंह,अतुल सिंह,जगमोहन शर्मा, संतोष माहौर,ओमप्रकाश शर्मा,जल सिंह,श्याम परमार,उस्मान अली,धीरेंद्र गोस्वामी, लाखन सिंह आदि मौजूद रहे।

# माननीय राज्यमन्त्री ने किया पुल का शिलान्यास

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। भारतीय जनता पार्टी के राज्यमंत्री चौधरी उदयभानसिंह 2017 में विधायक का जीत कर आये थे जब उन्होंने और भारतीय जनता पार्टी ने जो वायदे किये थे वो पूरे होते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को अछनेरा विकास खण्ड के गाँव गोबरा में राज्यमन्त्री चोधरी उदयभानसिंह ने कई सालों से टूटे हुए नाले के ऊपर बने पुल को फिर से बनाने के लिए नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इस दौरान सिचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ज्ञानप्रकाश कुलश्रेष्ठ ने बताया कि फतेहपुर सीकरी विधानसभा और किरावली तहसील में कुल 78 पुलों का निर्माण कार्य किया जायेगा। राज्यमन्त्री चोधरी उदयभानसिंह ने बताया कि गाँव गोबरा का पुल तो एक वर्ष पहले ही बन जाता लेकिन कोरोना जैसी महामारी की वजह से देश में लॉकडाउन लग गया था और सरकारी धन देश की जनता को बचाने में खर्च हो गया था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी अपने किये वायदे कभी नहीं भूलती जितने भी वायदे किये थे वो सभी अब पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। जो वायदे शेष रह गये थे वो अब इसी वर्ष में पूरे हो जायेंगे। भारतीय जनता पार्टी जनता की सेवा में हर समय तैयार रहती है।

# थाने में मनाया मंदिर का स्थापना दिवस

» मदरलैंड संवाददाता



अलीगढ़। थाना मडराक में स्थापित मंदिर का द्वितीय स्थापना दिवस पुलिस द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में रामयण का पाठ कराकर भक्तिमय कार्यक्रम भी आयोजित कराये गये। जिसमें भण्डारे में सभी पुलिसकर्मियों ने स्थानीय जनता के सहयोग से एक सराहनीय कार्य किया गया है।

रामायण के समापन पर पूर्जा -अर्चना कर पुलिस स्टाफ ने श्रद्धालुओं के साथ भोजन का आनन्द लिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह और का.जयपाल,एसएसआई इगलास लखमी सिंह, उपनिरीक्षक पंकज मलिक सहित अन्य पुलिस स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# धर्म संसद करेगी 5 से अधिक बच्चे पैदा करने पर सम्मानित

» अर्जुन वार्ष्णेय




अलीगढ़। नौरंगाबाद स्थित बी. कंपाउंड में सनातन धर्म संसद में संत और धर्मगुरु जमकर दहाड़े। उन्होंने कहा कि यदि आज नहीं जागे तो सनातन संस्कृति को बचाना मुश्किल हो जाएगा। धर्म संसद में कहा कि आने वाले दिनों में संख्या कम हो जाएगी। इससे हिंदुओं पर खतरा बढ़ता जा रहा है। महंत डॉ. पूजा शकुन पांडे ने कहा कि सनातन धर्म को बचाना है तो शस्त्र और शास्त्र दोनों की शिक्षा देनी होगी। बिना शास्त्र के धर्म और शास्त्र दोनों की रक्षा नहीं की जा सकती है।

उन्होंने माताओं से अनुरोध किया कि आप अपनी शक्ति को पहचाने और अपने परिवार की सुरक्षा हेतु शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण लें। यति नरसिंहानंद सरस्वती ने कहा कि हमें धर्म की रक्षा के लिए कठोर कदम उठाने होंगे,वरना आने वाले दिनों में हम कुछ नहीं कर सकते। अशोक पांडे ने कहा कि 5 से अधिक बच्चे पैदा करने वालों को धर्म संसद सम्मानित करेगी। धर्म संसद से पहले सुबह हवन में सैकड़ों लोगों ने आहुति देकर देश-धर्म की रक्षा का संकल्प लिया।

# परीक्षा पर नजर रखने के लिए शुरू होगा कंट्रोल रूम

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। यूपी बोर्ड के परीक्षा पर ऑनलाइन नजर रखने के लिए शिक्षा विभाग का ऑनलाइन कंट्रोल रूम इसी सप्ताह शुरू हो जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है और सभी केंद्रों को इससे जोड़ा जा रहा है।पिछले सालों की तरह इस बार भी नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज से ही अधिकारी पूरे जिले में नजर रखेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की यूपी बोर्ड परीक्षाओं की घोषणा हो चुकी है। परीक्षाएं 24 अप्रैल से 12 मई तक चलेंगे। अब एक और जहां विद्यार्थी इसकी तैयारियों में जुटे हैं,वहीं दूसरी और विभाग भी अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है।नकलविहीन परीक्षा कराने में डबल सीसीटीवी कैमरे व वॉइस रिकॉर्डर के साथ ऑनलाइन कंट्रोल रूम सबसे कारगर सिद्ध हुआ था। अलीगढ़ की तर्ज पर पिछले साल पूरे प्रदेश में यह व्यवस्था लागू हुई थी। लखनऊ में सेंट्रल कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई थी। इस साल फिर नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में ऑनलाइन कंट्रोल रूम शुरू हो रहा है। सोमवार में अधिकारियों की देखरेख में कंट्रोल रूम शुरू किया जाएगा,जिसके बाद जिले के सभी केंद्रों को इस से कनेक्ट किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने में ऑनलाइन कंट्रोल रूम की भूमिका सबसे अहम है। सभी को निर्देश दे दिए गए हैं कि वह हाईस्पीड इंटरनेट की व्यवस्था करें और कंट्रोल रूम के साथ कनेक्ट हो।

# 354 में प्रकाश उत्सव पर विभिन्न स्थानों से निकाला नगर कीर्तन

» मदरलैंड संवाददाता




अलीगढ़। दशमेश पिता साहिब गुरु गोविंद सिंह महाराज के 354 वे प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देहली गेट से बहुत धूम-धाम से महान नगर कीर्तन निकाला गया जिसका शहर विधायक संजीव राजा ने पीता काटकर शुभारंभ किया जिसके बाद नगर मजिस्ट्रेट व ब्व्प्रथम ,। बउ प्रथम वै०देहली गेट ने हरी झंडी दिखाकर नगर कीर्तन को देहली गेट से रवाना किया इस शुभ अवसर के सभी कार्य नगर कमेटी के प्रधान सतनाम सिंह, सेकेट्री अशोक भिलवारा,खजांची बॉबी कोयले वाले, हरमीत सिंह,अजित सिंह द्वारा कराए गए इस शुभ मोके पर पूर्व मेयर शकुंतला भारती,अमरजीत सिंह काके, अमर सिंह भिलवारा, हरदयाल सिंह खालसा,भगवान सिंह सांवरिया,देवेंद्र सिंह डंग, भूपेंद्र टुटेजा,जुगेंद्र सिंह,नरेंद्र सिंह पहाड़िया,अजित पहाड़िया,अतर सिंह भिलवारा,धर्मेंद्र सिंह भिलवारा,सतीश किराड़, हरवंश बागड़ी,संजू पहाड़िया, संजय भिलवारा, दीप सिंह,विपिन सिंह, जितेंद्र सिंह, रितेश सिंह,रवि बड गुजर, नितिन सिंह,पवन भिलवारा, चन्दन आसिवाल, भल्लू भगवासिया, हरदयाल पहाड़िया,सुरेश बागरी, जैकी बागड़ी, ललित नागर, संदीप, अजित,मेहुल,अमन मुख्य रूप से मौजूद रहे....नगर कीर्तन में कोरोना को लेकर भी बहुत सावधानियां बरती गई जैसे कि छोटे बच्चों के जत्थे नही लगाए गए प्रत्येक जत्थे में सेनेटाइजर, माक्स का विशेष रूप से ध्यान रखा गया नगर कीर्तन में पंजाब का बैगपाइपर बेंड,हाथरस का बेंड,अलीगढ़ के जय हिंद बेंड के साथ साथ ,लुधियाना की गदका पार्टी कई कीर्तनी जत्थों ने भाग लिया। गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के 354 वे प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन स्वागत हेतु बजरंगदल ने कैंप लगा कर किया भव्य स्वागत किया गया।

# भाजपा की बेरूखी का शिकार हो रहे सेक्टर-45 के निवासी: परमजीत सिंह राजपूत




» विनोद कुमार

चंडीगढ़। सेक्टर 45 के निवासियों ने भाजपा के जिस विकास के नारे को लेकर अपनी कीमती वोट भाजपा को दिया था आज उसे याद कर लोग पछता रहे हैं। यह कहना है शिवसेना चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष परमजीत सिंह राजपूत का।

राजपूत ने जारी एक बयान में कहा कि चुनाव के समय सेक्टर-45 के मौजूदा वार्ड पार्षद ने स्वच्छता एवं विकास के नारों से लोगों को केवल गुमाराह किया है। आज हालात यह है कि वार्ड की लगभग सभी सुलभ शौचालय की हालत बद से बत्तर हो चुकी है। गंदगी का अंबार इतना है कि लोग यहा पर थूकना भी पसंद नहीं करते। करोना काल में पहले ही लोग परेशान है, वहीं भाजपा सरकार इन लोगों को नर्किय जीवन जीने पर मजबूर कर रहे है।



उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के नाम से लाखों रुपए हर महीने नगर निगम के पार्षद खा रहें हैं क्योंकि शौचालयों में फैली गंदगी यही ब्यान कर रही है। जब स्वच्छ अभियान भारत की बात आती है तो वहां पर स्वच्छता के नाम पर गंदे बाथरूम एवं चारों तरफ फैली गंदगी कुछ ओर ही कहती है। सेक्टर 45 से भाजपा पार्षद कनवर राणा जी सेक्टर में जिस वैभव सफाई की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं वह केवल झूठी एवं जनता को गुमराह करने वाली है।

# त्रिउण्ड स्नो लाइन को फतेह कर लौटे उत्तराखंड युवा मंच चंडीगढ़ के सदस्य

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। उत्तराखंड युवा मंच चंडीगढ़ के सदस्यों ने, लगभग 12000 फीट ऊंचे त्रिउण्ड शिखर को फतेह कर अपने वार्षिक सफल ट्रैकिंग प्रोग्राम का समापन किया। प्रधान धर्मपाल रावत के नेतृत्व में मंच के सदस्यों का दल 25 फरवरी को चंडीगढ़ से भाग्सू (हिमाचल) के लिए अपने ट्रैकिंग अभियान पर निकला। मौसम की विपरीत परिस्थितियों के वाबजूद मंच के ट्रैकरों ने अपने अदम्य साहस से इस ट्रैक को सफलतापूर्वक पूरा किया, ट्रैकिंग के दौरान सदस्यों के बीच कई तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को मंच के आगामी रक्तदान शिविर में सम्मानित किया जाएगा। मंच समय - समय पर इस तरह के साहसिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। मंच पिछले 28 सालों से लगातार समाज सेवा से जुड़े कार्यों को संचालित करता आ रहा है। इसी कड़ी में मंच का आगामी रक्तदान शिविर 28 मार्च रविवार को गढ़वाल भवन सेक्टर 29 में आयोजित किया जाएगा ।मंच के प्रधान धर्मपाल रावत, महासचिव गणेश रावत, उपाध्यक्ष देवेन्द्र नयाल, कोषाध्यक्ष सन्तोष रौतैला ने मंच के रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की है।

# श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व पर समागम का आयोजन अटूट लंगर बांटा गया



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। रविवार को डडू माजरा स्थित श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष पर समागम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। भजन कीर्तन के साथ संगतो को निहाल किया। श्रद्धालुओं ने अटूट लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर हरजिंदर सिंह प्रिंस ने बताया कि गुरु रविदास जी का जीवन और शिक्षाएं सभी को हमेशा ही मान सम्मान जात पात से ऊपर उठकर बेहतरीन समाज के निर्माण को लेकर प्रेरणा देती है। इस मोके पर सतीश मचल, मोना सिद्धू,किरण बाला, राधा रानी, ममता, मोना घारु, ललित, महावीर, विनोद कुमार, भूपेंद्र सिंह, जीत सिंह राजविंदर सिंह गुडू मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

# विवशता: बुजुर्ग बस स्टॉप पर रहने को मजबूर



मदरलैंड संवाददाता, सरवन। अपना मकान न होने के कारण एक दंपति ने सेक्टर 45 के बस स्टॉप में शरण ले ली। दोनों बुजुर्ग कई दिनों से इस बस स्टॉप के नीचे अपने जीवन के दिन बिता रहे हैं। बुजुर्ग, कुत्ते को लेकर लेटा हुआ है। अब वफादार कुत्ता ही इन बुजुर्गों का सहारा बना हुआ है। यह बुजुर्ग अपंग भी हैं। बस स्टॉप के बाहर खड़ी ट्राई साइकिल अंतिम दिनों का सहारा बनी हुई है। इस चित्र को हमारे चंडीगढ़ के फोटोग्राफर सरवन कुमार ने कैद किया।

# हिमाचल में बफीर्ला तूफान आने से धराशाई हुआ बीआरओ का गेट, कोई हताहत नहीं


चंडीगढ़। कश्मीर घाटी में हुई ताजा बर्फबारी की वजह से मौसम में ठंड बढ़ गई है। हिमाचल के रोहतांग क्षेत्र में 'बफीर्ला तूफान' आने से बॉर्डर रोड आगेर्नाइजेशन (बीआरओ) का गेट धराशाई हो गया। हालांकि लोहे और कंकरीट से बने विशाल गेट के गिरने से कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। गेट के सड़क पर गिरने से मनाली-केलांग मार्ग कुछ घंटे के लिए अवरुद्ध हो गया। रोहतांग दर्रे में एक फुट जबकि अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल व सिस्सू में 7 इंच तथा साऊथ पोर्टल में 6 इंच से अधिक हिमपात हो चुका है। अटल टनल सैलानियों के लिए बंद कर दी गई है। हालांकि लाहौल में चल रहे स्नो फेस्टीवल को देखते हुए बीआरओ ने सड़क बहाली जारी रखी है। कुपवाड़ा जिले के माछिल और जैड-गली इलाकों में एक फुट से लेकर 18 इंच के बीच बर्फबारी हुई। गुलमर्ग, बारामूला और सोनमर्ग में 7 इंच तक बर्फबारी हुई। यहां ओले गिरे और बर्फबारी हुई। बारिश और बर्फबारी के कारण दिन का तापमान कई डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। उधर पंजाब व हरियाणा के कई इलाकों में बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। ठंडी हवाएं चलने से बढ़ती गर्मी से आंशिक राहत मिली है।

# पंजाब के गर्वनर के नाम पर ठगी, खुद को प्राइवेट सेक्रेटरी बताकर उड़ाता था मुफ्त विदेशी शराब

चंडीगढ़। खुद को पंजाब के गवर्नर एवं चंडीगढ़ के प्रशासक वीपी सिंह बदनौर का प्राइवेट सेक्रेटरी बताकर चंडीगढ़ के शराब ठेकों पर मुफ्त में महंगी शराब उठाने वाले एक आरोपित को पुलिस ने दबोचा है। रविवार को चंडीगढ़ पुलिस के एसएसपी कुलदीप चहल इस आरोपित की गिरफ्तारी पर प्रेस वार्ता कर पूरी घटना की जानकारी दी। एसएसपी चहल ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान मोहाली के खरड़ के गांव मुंडी खरड़ के रहने वाले 50 वर्षीय गुरनाम सिंह को सेक्टर-17 पुलिस थाना ने रंगे हाथों दबोचा है। आरोपित गुरनाम सिंह इससे पहले भी शहर में कई शराब ठेकों पर खुद को पंजाब गवर्नर का प्राइवेट सेक्रेटरी बताकर हजारों रुपये की महंगी विदेशी शराब मुफ्त में उठा चुका है। सेक्टर-17 थाना पुलिस ने आरोपित गुरनाम सिंह के खिलाफ आइपीसी की धारा-384, 420 और 120 बी के तहत केस रजिस्टर्ड कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी चहल ने बताया कि 27 फरवरी को आरोपित गुरनाम सिंह सेक्टर-16 स्थित शराब ठेके पर खुद को पंजाब गवर्नर का प्राइवेट सेक्रेटरी बताकर मुफ्त में महंगी विदेशी शराब उठा रहा था।

# कोरोना वारियर्स को समर्पित रोज फेस्टिवल में कई लोगों ने बिना मास्क किया भ्रमण

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। चंडीगढ़ में 49वां रोज फेस्टिवल का आयोजन नगर निगम द्वारा किया गया। इस वर्ष यह उत्सव कोरोना वारियर्स को समर्पित रहा। काफी संख्या में लोगों ने रोज गार्डन में आयोजित इस फेस्टिवल लुत्फ उठाया परंतु कई लोगों ने बिना मास्क लगाए इतने बड़े आयोजन में भाग लिया। चंडीगढ़ से हमारे फोटोग्राफर सरवन कुमार ने देखा कि लोग नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे थे। जहां एक तरफ कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। वहीं कुछ लोग बिना मास्क सार्वजनिक स्थानों पर आवागमन कर रहे हैं। वाहनों का रोज गार्डन के अंदर प्रवेश निषेध है परंतु नगर निगम का ट्रक रोज गार्डन के अंदर देखा गया।

# फॉस्वेक की मीटिंग में छाया रहा महंगाई का मुद्दा

## बिजली संकट से बचने के लिए लगवाएं सोलर उपकरण: क्रेस्ट प्रमुख

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। फेडरेशन ऑफ सेक्टर्स वेल्फेयर एसोसिएशनस ऑफ चंडीगढ़ (फॉस्वेक) की मासिक बैठक सेक्टर 35 में संपन्न हुई। जिसमें भारी संख्या में सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर चंडीगढ़ सौर ऊर्जा विभाग (क्रेस्ट) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देबेंद्र दलाई मुख्य अतिथि के रूप से सम्मिलित हुए और लोगों से अपील की कि चंडीगढ़ में बिजली संकट से बचने के लिए और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सौर ऊर्जा का प्रयोग करें। उन्होंने विस्तृत रूप से बताया कि किस प्रकार सौर ऊर्जा बिजली का सस्ता विकल्प है और साथ ही इस संबंध में लोगों की भ्रांतियों को भी दूर किया।

मीटिंग में सदस्यों ने तेजी से बढ़ रही महंगाई पर गंभीर चिंता व्यक्त की। फॉस्वेक के चेयरमैन बलजिंदर सिंह बिट्टू ने नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरा उठाने में लोगों को आ रही समस्याओं का जिक्र किया और कहा कि पुराना सिस्टम नए सिस्टम से कहीं बेहतर था। महासचिव जे एस गोगिया ने कहा कि जिस प्रकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर की कीमतें आसमान को छू रही हैं, चंडीगढ़ जैसे महंगे शहर में निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

फॉस्वेक के मुख्य प्रवक्ता और सेक्टर 38 वेस्ट आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा की चंडीगढ़ में जिस प्रकार पानी के रेट 3 गुना तक बढ़ा दिए गए हैं और ऊपर से 30% सीवर सेस लगा दिया गया है उसने आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है। शायद चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम ने सोचा है कि गरीबों को ही खत्म कर दो तो गरीबी अपने आप खत्म हो जाएगी।

# ज्वेलर्स की दुकानों में हो रही डकैती के मामलों के खिलाफ हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने अपनाया सख्त रवैया

» मदरलैंड संवाददाता



विनोद कुमार, चंडीगढ़। प्रदेश में ज्वेलर्स की दुकानों में हो रही डकैती के मामलों के खिलाफ हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने सख्त रवैया अपनाया है। इस मामले में ज्वेलर्स एसोसिएशन के लोग मंत्री अनिल विज से उनके निवास पर मिले और शिकायत दी है जिस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने स्टेट क्राइम को आदेश दिए हैं कि वह एक टीम गठित करके सभी केसों पर कार्रवाई करें और जो अपराधी हैं उन्हें पकड़ने की कोशिश करें और इनका सामान रिकवर करने की कोशिश करें। गृह मंत्री ने ज्वेलर्स एसोसिएशन को यह भी आश्वासन दिया है कि इनमें से जो जो ज्वेलर्स आर्म्स लाइसेंस लेना चाहेगा उसके लिए भी सभी जिलों के एसपी और डीसी को आदेश जारी कर रहे हैं कि इनके आर्म्स लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाए इसके अलावा उन्होंने एसोसिएशन से कहा है कि सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। विज ने बताया कि इसके अलावा इनकी सुरक्षा को लेकर स्थानीय पुलिस थानों को भी दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

# लिटिल फ्लावर स्कूल के बाहर पेरेंट्स ने किया प्रदर्शन

» मदरलैंड संवाददाता



पंचकूला। शहर के सेक्टर-14 स्थित लिटिल फ्लावर कॉन्वेंट स्कूल द्वारा नौवीं क्लास के बच्चों की परीक्षाएं ऑफलाइन लिए जाने के फैसले के खिलाफ परिजनों ने जमकर प्रदर्शन किया।

आज प्रातः 10:00 बजे तकरीबन 30-40 अभिभावक स्कूल गेट के सामने जमा हो गए। वे सब मिलकर स्कूल की प्रिंसिपल से ऑनलाइन एग्जाम करवाए जाने की गुहार लगाने आए थे। शुरू में प्रिंसिपल पेरेंट्स से मिलने के लिए टाल-मटोल करती रही और पुलिस को भी बुला लिया। लेकिन अभिभावकों का रोष बढ़ते देख प्रिंसिपल मिलने तैयार हो गई।

अभिभावकों का कहना है कि क्योंकि पिछले कुछ दिनों से कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। ऐसे में स्कूल प्रशासन द्वारा ऑफलाइन परीक्षा लेने का निर्णय सही नहीं है। यहां यह बताना अभी उचित होगा कि स्कूल ने पूरा साल ऑनलाइन कक्षाएं ली लेकिन अब परीक्षाएं ऑफलाइन करवाने पर अड़ा हुआ है। गौरतलब है कि स्कूल में पहली से लेकर आठवीं तक सभी बच्चों की परीक्षा ऑनलाइन ली जा रही है। सिर्फ नौवीं क्लास के बच्चों पर ही यह निर्णय थोपा जा रहा है। ऊपर से अभिभावकों पर इसके लिए कंसेंट देने का भी दबाव बनाया जा रहा है और किसी भी तरह की मिसहैपनिंग पर स्कूल कोई भी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं है।

यहां खास बात यह है कि एक तो स्कूल का ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम पहले से ही खराब रहा है और अब तो उन्होंने पूरी तरह से हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसे में बच्चों को लाने और ले-जाने की जिम्मेदारी पूरी तरह से अभिभावकों की है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिन बच्चों के मम्मी पापा, दोनों वर्किंग हैं और परिवार में कोई तीसरा आदमी बच्चों को लाने-ले जाने के लिए नहीं है तो ऐसे में वे किस तरह से मैनेज करेंगे।

बाद में अभिभावकों ने जिला उपायुक्त से भी मुलाकात कर ऑनलाइन एग्जाम करवाने का आग्रह किया। उपायुक्त ने अभिभावकों को सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

# अश्वनी कुमार भीम के व्यंग्य उपन्यास, 'आदमी, श्वान और राजनीति' का विमोचन

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। अभिव्यक्ति साहित्य संस्था और गाँधी स्मारक भवन के सौजन्य से साहित्यकार और रंगकर्मी डॉ आहलूवालिआ की अध्यक्षता में कवि और व्यंगकार अश्वनी कुमार 'भीम' के व्यंग्य-उपन्यास ' आदमी, श्वान और राजनीति का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के विशेष अतिथि थे कवि, कहानीकार और व्यंगकार, प्रेम विज और और माननीय अतिथि रहे गाँधी समारक भवन के डायरेक्टर डॉ. देव राज त्यागी। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार और रंगकर्मी विजय कपूर ने किया। पुस्तक पर अपने विचार रखते हुए डॉ कैलाश आहलूवालिआ का कहना था ' अश्वनी ने श्वानो के जरिये भावों को तंज में व्यक्त करते हुए आदमीयत पर गहरी चोट की है। कथ्य को तथ्य में तौल कर व्यंग्य एक नई विधा में ढाल दिया है। प्रेम विज ने इसे ' कुत्तों की आदमियों पर बौखलाहट का सजीव चित्रण बतलाया। साहित्यकार रंगकर्मी विजय कपूर का कहना था ' अश्वनि ने मनुष्यता के फैले भ्रष्ट तंत्र जाल को श्वानो के जबड़ों और पंजों से, व्यंग्य के जरिये काटने की चेष्टा की है।' पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के स्पेशल सेक्रेटरी दलबीर कहना था ' उपन्यास का तंज सामने आईने के तरह आता है।' अश्वनी कुमार भीम ने ' अपनी उपन्यास लिखने की यात्रा में सबसे अधिक योगदान के लिए डॉ. कैलाश आहलुवालिया का विशेष धन्यवाद किया। डॉ. देवराज त्यागी ने धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान उपन्यास पर बात करते हुए कहा कि मनुष्य को अन्य प्राणियों और प्रकृति से स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस कार्यक्रम में डॉ सत्यभामा, डॉ विमल कालिया, सीमा गुप्ता और दर्शना सुभाष पाहवा तथा कई साहित्यकारों ने भाग लिया।

# देव समाज कॉलेज ऑफ एजूकेशन ने 'मात पिता संतान दिवस' मनाया

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर 36-बी स्थित देव समाज कॉलेज ऑफ एजूकेशन (डीएससीई) में 'मात पिता संतान दिवस' बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। डॉ. (श्रीमती) एग्निस ढिल्लों, महाविद्यालय की प्रिंसीपल, ने मुख्य अतिथि प्रो. संजय कौशिक, डीसीडीसी एवं निदेशक, आईसीएसएसआर, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़, तथा सम्मानित अतिथि- प्रोफेसर दलीप कुमार, एएसपीडी रूसा, प्रो. नंदिता सिंह, शिक्षा विभाग, पंजाब यूनिवर्सिटी, डॉ. सपना नंदा, प्रिंसीपल, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ योगा एजूकेशन एंड रिसर्च, श्रीमान निर्मल सिंह जी ढिल्लों, सचिव देव समाज व अध्यक्ष, डीएससीई का स्वागत किया। कॉलेज की प्रिंसीपल ने मुख्य अतिथि व सम्मानित अतिथियों को पुष्प देकर सम्मान किया।

देव समाज की फिलॉसफी पर प्रकाश डालते हुए, श्रीमान निर्मल सिंह ढिल्लों जी ने सभा को संबोधित किया और बच्चों के साथ माता-पिता के संबंधों के महत्व को रेखांकित किया। इसके बाद डॉ. (श्रीमती) एग्निस ढिल्लों ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति प्यार हमेशा बिना किसी शर्त होता है और माता-पिता अपने बच्चों के लिए जो त्याग करते हैं वह अन्य कोई नहीं कर सकता।

कॉलेज व देव समाज स्कूल के छात्र- इंदरजीत, अंकिता, हरनूर, ममता, गुरलीन, निधि, कुदरत, बिनी और अक्षिता ने अपने माता-पिता के प्रति हार्दिक भावनाएं व्यक्त कीं। कुछ छात्रों ने अपने माता-पिता के प्रति अपनी छिपी हुई और भावपूर्ण आवाजों में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए घटनाओं के विशिष्ट संदर्भों के साथ अपनी गलतियों को स्वीकार किया और विनम्रता के साथ दर्शकों के सामने इसके लिए क्षमा भी मांगी।

कॉलेज के छात्रों द्वारा अभिभावक-बच्चों के संबंध के महत्व को दशार्ते हुए एक नाटिका प्रस्तुत की गयी। प्रो. संजय कौशिक ने माता-पिता के सम्मान और उनकी देखभाल करने पर जोर दिया। डॉ. एग्निस ढिल्लों ने सभी का धन्यवाद किया। प्रिंसीपल द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। अंत में, छात्रों और कर्मचारियों के परिजनों ने कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए अपने-अपने माता-पिता को माला पहनाई।

# एसआई रैंक के पुलिस अधिकारियों को पदोन्नति पाने के लिए नहीं करना पड़ेगा इंतजार

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा में अब सब-इंस्पेक्टर (एसआई) रैंक के पुलिस अधिकारियों को पदोन्नति पाने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पात्र बनते ही उन्हें इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति मिल जाएगी।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री मनोज यादव ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस विभाग ने वर्ष में एक बार विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक आयोजित करने के लिए पैरामीटर निर्धारित किए हैं, जिसमें उन सभी पात्र सब-इंस्पेक्टर के नाम शामिल होंगे, जो पूरे वर्ष के दौरान प्रमोशन के नियम व मापदंड को पूरा करते हैं। डीपीसी बैठक की सिफारिश के बाद उनका पदोन्नति आदेश पात्रता के नियम पूरे करते ही उस महीने में जारी कर दिया जाएगा जिसमें वे पात्र होंगे।

उन्होंने कहा कि पहले राज्य में कानून व्यवस्था की जरूरतों या चुनाव के मद्देनजर डीपीसी की बैठक हर साल नियमित रूप से आयोजित नहीं हो रही थी, जिस कारण से पात्र व योग्य पुलिस अधिकारियों को समय पर पदोन्नति से वंचित रहना पड़ता था और वे पदोन्नति का लाभ प्राप्त किए बिना ही सेवानिवृत्त हो जाते थे। इसके परिणामस्वरूप, कोर्ट केस होने की भी संभावना रहती थी। अब हमने साल में सभी पात्र उप-निरीक्षकों की एक डीपीसी बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है ताकि उन्हें कैरियर लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

## 2020 में 184 अधिकारी हुए प्रमोट

डीजीपी ने बताया कि पुलिस अधिकारियों के हित में शुरू किए गए नये सिस्टम से हमने 2020 में हरियाणा पुलिस विभाग की विभिन्न इकाईयों में तैनात 184 सब-इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत किया है जिसमें 116 पुरुष अधिकारी, 19 महिला अधिकारी, टेलीकॉम विंग के 20, आईआरबी के 19, स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के 4 और स्थापना इकाई के 6 अधिकारी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, हम सभी स्तरों पर सभी इकाइयों में सभी श्रेणियों के पदों पर पदोन्नति करने की प्रक्रिया में भी तेजी ला रहे हैं।

डीजीपी ने कहा कि पुलिस-पब्लिक अनुपात को और बेहतर बनाने के प्रयास में हरियाणा पुलिस साल 2021 में अपनी कुल संख्या में 10 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को जोडने के लिए तैयार है। 7818 पुलिस कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें 5500 पुरुष कांस्टेबल, 1100 महिला कांस्टेबल, एचएपी दुर्गा-1 के लिए 698 महिला कांस्टेबल और 520 पुरुष कमांडो शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस बल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी काफी बढ़ेगा। कुल पदों में से 7298 पद पहले ही विज्ञापित किए जा चुके हैं जबकि 520 पदों के लिए भर्ती एजेंसी को लिखा जा चुका है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य में 112 इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल सिस्टम के लिए लगभग 4500 मौजूदा पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा। इसलिए भी पुलिस बल में वृद्धि की जा रही है। बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ, अपराध दर को कम करने के लिए भी पुलिस बल की संख्या में बढौतरी करना आवश्यक है।

# युवक-युवतियों के वैवाहिक संबंध तय होना, गंभीर चुनौती



विजय कुमार जैन


वर्तमान में युवक-युवतियों के वैवाहिक संबंध तय करने समाज इतना भ्रमित हो गया है कि रिश्ते तय नहीं हो पा रहे हैं। आज समाज की 27 से 35 वर्ष तक की लड़कियाँ अविवाहित बैठी हैं। इन लड़कियों एवं उनके अभिभावकों के सपने स्वयं की हैसियत से कहीं अधिक है। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं जिनके कारण समाज की छवि खराब हो रही है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य के जीवन में सोलह संस्कार आते है। जिनमें एक पाणिग्रहण संस्कार माना गया है। पाणिग्रहण संस्कार के बाद सबसे बड़ा मानवीय सुख वैवाहिक जीवन होता है।

वर्तमान भौतिक युग में यह मानकर चल रहे हैं पैसा आवश्यक है। मगर हमारा सोच यह होना चाहिए कि पैसा निश्चित सीमा तक आवश्यक है। पैसा मिलने की आकांक्षा में अच्छे एवं योग्य रिश्ते ठुकराना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

पहली प्राथमिकता सुखी संसार व अच्छा घर परिवार होना चाहिए। ज्यादा धन या दहेज के चक्कर में योग्य रिश्तों को नजर अंदाज करना उचित नहीं है। सम्पत्ति खरीदी जा सकती है, लेकिन गुण नहीं। मेरा व्यक्तिगत मत है

घर-परिवार और लड़का-लड़की अच्छे देखें, लेकिन ज्यादा धन के चक्कर में अच्छे रिश्ते हाथ से न जाने दें। युवक-युवती के सुखी वैवाहिक जीवन के लिये आवश्यक है हम उनका विवाह 25 वर्ष तक की उम्र में कर दें। 30 वर्ष की उम्र या उससे ज्यादा उम्र में हम विवाह करते हैं तो वह विवाह न होकर मात्र समझौता ही होता है। हम चिकित्सीय पक्ष देखें तो जिनका विवाह ज्यादा उम्र में होता है उसमें स्वास्थ्य संबंधी वहुत सी समस्याएं पैदा होती है। आजकल समाज में लोग बेटी के रिश्ते के लिए ऐसा लड़का देखते हैं जो सोने की तरह सौ टंच हो। अच्छा रिश्ता देखने में चार या पाँच वर्ष निकल जाते हैं। उच्च शिक्षा या जाव के नाम पर ही समय व्यतीत कर देते हैं। लड़के देखने का अंदाज भी समय व्यतीत करने का अनोखा उदाहरण हो गया है। खुद का मकान है या नहीं? अगर है तो फर्नीचर कैसा है? घर में कमरे

कितने है? गाड़ी है या नहीं? है तो कौंनसी है? ब्रान्डेड है या सेकण्ड हैण्ड? रहन-सहन, खान-पान कैसा है? कितने भाई-बहन है? बटवारे में माँ-बाप




किनके हिस्से में आये हैं। बहन कितनी हैं उनकी शादी हुई या नहीं? माता-पिता का स्वभाव कैसा है? घर बाले, नाते-रिश्तेदार आधुनिक विचारों के हैं या नहीं? बच्चे का कद कितना है? रंग-रूप कैसा है? शिक्षा, कमाई, बैंक बैलेंस कितना है? लड़का-लड़की सोशल मीडिया पर सक्रिय है या नहीं? उसके कितने दोस्त है? इतनी सारी जानकारी लेने के बाद भी कुछ और प्रश्न पूछने में और सोशल मीडिया पर वातार्लाप करने में वहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है। लगभग सभी समाजों में यह हालात हैं कि माँ-बाप की नींद ही जब खुलती है तब लड़के या लड़की की बात उम्र 30 वर्ष हो जाती है। फिर अभिभावक उचित रिश्ता तलाश करने के नाम पर इनकी जबानी बर्वाद कर देते हैं। इस कारण से अच्छे रिश्ते हाथ से निकल जाते हैं, और माँ-बाप अपने ही बच्चों के सपने चूर-चूर कर देते हैं।

इंदौर निवासी सुप्रसिद्ध समाज सेवी सरदार मल जैन को एक अविवाहित युवक का वैवाहिक वायोडाटा मिला, उस अविवाहित युवक की उम्र 36 वर्ष थी। सरदार मल जी ने युवक का वायोडाटा एवं उम्र 36 वर्ष देखकर फोन से अभिभावक से यह जानना चाहा कि आपके बेटे की पहली शादी कब हुई थी। उनका कथन सुनकर अभिभावक ने फोन ही काट दिया।एक समय था जब मात्र खानदान देखकर रिश्ते तय किये जाते थे। वे रिश्ते लम्बे समय तक सौहार्द पूर्ण वातावरण में निभते थे। तलाक, विवाह विच्छेद के प्रकरण उदाहरण नाम मात्र के ही सुनने मिलते थे। समधी-समधिन से रिश्ते आत्मीयता से परिपूर्ण रहते थे। सुख-दुख में एक दूसरे के साथ खड़े रहते थे। रिश्ते नातों की अहमियत का एक अहसास था। पुराने जमाने में चाहे धन कम था मगर खुशियाँ घर-आँगन में झलकती थी। कहीं कोई ऊंची-नीची बात हो जाती थी तो आपस में बड़े-बुजुर्ग संभाल लेते थे। तलाश शब्द रिश्तों में था ही नहीं, दाम्पत्य जीवन खट्टे-मीठे अनुभव में बीत जाया करता था और दोनों एक-दूसरे के बुढ़ापे की लाठी बनते थे और पोते- पोतियों में संस्कारों के बीज रोपते थे। अब कहाँ हैं वह संस्कार ? आज तो संस्कार शब्द का मजाक उड़ाया जा रहा है। आँख की शर्म तो इतिहास हो गई है। अन्तजार्तीय विवाह का प्रचलन चल पड़ा है।

आज समाज में लड़कियाँ और लड़के खुले आम दूसरी जाति की ओर जा रहे हैं। मन पसंद विवाह करने जाति का बंधन समाप्त कर रहे हैं। अन्तजार्तीय विवाह करने से पूर्व यह आरोप लगा रहे हैं कि जाति का लड़का या लड़की मेरे योग्य नहीं है। जब ये लड़के-लड़कियाँ मन पसंद विवाह या प्रेम विवाह करते हैं तब कुण्डली मिलान का क्या होता है? तब तो कुण्डली मिलान की कोई बात ही नहीं होती। माता-पिता उस समय सब कुछ स्वीकार कर लेते हैं। तब कुण्डली, स्टेटस, आमदनी, पैसा बीच में कुछ भी नहीं आता। अगर अभी भी माँ-बाप नहीं जागेंगे तो स्थिति और विस्फोटक हो जायेगी। माता-पिता और समाज को समझना होगा। लड़कियों का विवाह अधिकतम 25 वर्ष की उम्र में हो जाये इसीप्रकार लड़के का विवाह अधिकतम 26 या 27 वर्ष की उम्र में हो जाये। सब में सभी गुण एक साथ नहीं मिलते। युवक-युवती के माता-पिता भी आर्थिक चकाचौंध में वह रहे हैं। पैसे की भागमभाग में मीलों पीछे छूट गये हैं नाते-

रिस्तेदार। टूट रहे हैं घर परिवार। सूख रहा है प्रेम और प्यार। परिवारों का इस पीढ़ी ने ऐसा तमाशा किया है कि आने वाली पीढियाँ सिर्फ किताबों में पढ़ेंगी.... संस्कार। समाज को अब जागने की जरूरत है, अन्यथा रिश्ते ढूढ़ते रह जाओगे।

**यह लेखक की निजी राय है**

## संपादकीय

## भाजपा की चुनौती



इस साल पांच राज्यों में चुनाव होने हैं। पश्चिम बंगाल समेत चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। खास बात यह है जहां कभी भाजपा का कोई वजूद नहीं था आज वहां भाजपा ही मुख्य विपक्षी दल बन कर उभरी है। खासतौर से पश्चिम बंगाल में, यहां ममता दीदी को भाजपा से पहली बार चुनौती मिल रही है। भाजपा के बड़े बड़े नेता बंगाल में चुनाव का प्रचार कर रहे हैं। 2011 में सत्ता में आई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पहली बार इतनी कड़ी टक्कर मिल रही है। 34 साल बंगाल पर राज करने वाली लेफ्ट का कोई अता पता नहीं दिखा रहा, टक्कर सिर्फ टीएमसी और भाजपा के बीच दिख रही है। पिछले बंगाल चुनाव में भाजपा को 11 फीसदी वोट मिले थे और टीएमसी को 45 फीसदी वोट मिले थे। आज भाजपा जोर-शोर से बंगाल को फतह करने में लग गई है जो ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। 2014 की लोकसभा जीत के बाद भाजपा ने हिंदी भाषी राज्यों में अपने प्रसार पर ज्यादा जोर देना शुरू किया। तब तक कर्नाटक के अलावा भाजपा को ऐसे राज्यों में जीत का इंतजार था, लेकिन 2016 के असम विधानसभा चुनाव में मिली सफलता ने पार्टी के बंगाल मिशन को और ताकत दी। बंगाल चुनाव में भाजपा को 11 फीसदी वोट मिले और राज्य में तीसरे नंबर की पार्टी थी। लेफ्ट 27.3 फीसदी और कांग्रेस 12.3 फीसदी के साथ करीब 40 फीसदी वोट तो ले आए, लेकिन ममता दीदी को जीतने से रोक नहीं सके। इस चुनाव में भाजपा को 45 फीसदी वोट मिले थे। जाहिर है भाजपा को लेफ्ट और कांग्रेस के निराश वोटर्स में एक उम्मीद दिखी। लेफ्ट और कांग्रेस की निष्क्रियता से खाली हुई जगह को भरने के लिए भाजपा ने काम करना शुरू किया और लगातार अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इसका नतीजा यह हुआ कि 2019 के लोकसभा चुनाव में 41 फीसदी वोटों के साथ भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। भाजपा को लोकसभा की 42 में से 18 सीटों पर सफलता मिली। यहीं से भाजपा का मिशन बंगाल शुरू हो गया। आज भाजपा ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। उत्तर-पूर्व में अपना गढ़ त्रिपुरा गंवाने के बाद अब लेफ्ट का आखिरी गढ़ केरल है। बंगाल और राष्ट्रीय राजनीति में गठबंधन में साझेदार कांग्रेस केरल में लेफ्ट के लिए प्रमुख चुनौती है। लेकिन इस बार सत्ता गंवाने से ज्यादा बड़ी चिंता लेफ्ट को अपना कोर वोट बैंक गंवाने की है। केरल में हिंदू समाज अब तक वामपंथी विचारधारा का समर्थक माना जाता था। अब इसी हिंदू वोटर को भाजपा लव जिहाद के मुद्दे पर लुभाती नजर आ रही है। लव जिहाद का मुद्दा कुछ हद तक केरल में ईसाई वोटरों पर भी काम कर सकता है। यहां करीब 55 फीसदी हिंदू, 27 फीसदी ईसाई और 18 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। संघ परिवार और भाजपा ने लेफ्ट के गढ़ में सेंध लगाने की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। उसकी कोशिश है कि वो इस विधानसभा चुनाव में एक असरदार विपक्ष की तरह राज्य में अपनी जगह बना ले। ऐसा होता है तो बंगाल की तरह अगले चुनाव तक भाजपा इस लाल गढ़ में सेंध लगाने में सफल हो सकती है। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में कांग्रेस के बागी विधायकों के बूते भाजपा कमल खिलाने की तैयारी में है। यहां पार्टी का एक भी निर्वाचित विधायक नहीं है। पिछली बार भाजपा के तीन नॉमिनेटेड विधायक थे। इससे पहले राज्य में कांग्रेस गठबंधन सरकार कार्यकाल पूरा किए बिना गिर गई।

# सावधान ! कोरोना महामारी अभी नहीं हारी !




ऋतुपर्ण दवे

**कोरोना के नए रूप या रूपों जो भी कह लें को लेकर भारतीय वैज्ञानिक भी काफी सजग हैं और लगातार शोध जारी है। हाँ इनका फैलाव अभी सबसे ज्यादा केरल और महाराष्ट्र में ही है जहाँ देश के 74 प्रतिशत से अधिक ऐक्टिव मामले हैं। लेकिन जिस तरह से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भी हर दिन नए कोरोना मरीज सामने आ रहे हैं वह बड़ी खतरे की घण्टी है। कोरोना की नई रफ्तार ग्रामीण इलाकों को भी गिरफ्त में ले रही है जो बड़ी चिन्ता का कारण है। कई महानगरों में पूरे के पूरे अपार्टमेण्ट्स ही बुरी तरह से चपेट में आ रहे हैं तो कहीं पूरा स्कूल संक्रमित मिल रहा है। यानी कुल मिलाकर संकेत अच्छे नहीं हैं। इसी हफ्ते की शुरूआत में अमेरिका में मौतों का आंकड़ा 5 लाख के पार जा पहुँचा। वहाँ के राष्ट्रपति की संवेदनाएँ और दुख इसी बात से समझ से आता है जिसमें उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में ऐसे क्रूर भाग्य को स्वीकार नहीं कर सकते।**

जिस बात का अंदेशा था, वह सामने है। लाख चेतावनियों के बाद भी जरा सी लापरवाही पर दुनिया की इस सदी की महामारी फिर भारी पड़ती दिख रही है। दुनिया के कई देशों में पहले ही कोरोना की दूसरी और कहीं-कहीं इसके बाद की भी लहरें दिखने लगी हैं। भारत में भी विशेषज्ञ लगातार चेता रहे थे। लेकिन हम हैं कि मान नहीं रहे थे। अब महाराष्ट्र और दक्षिण के रास्ते तेजी से फैल रहे नए रूप के कोरोना वायरस ने चिन्ताएँ बढ़ा दी है। कम से कम महाराष्ट्र में तो हालात इस कदर बेकाबू से दिख रहे हैं कि कई शहरों को फिर से लॉकडाउन के साए में करने की मजबूरी जो हो गई है। यही स्थिति कमोवेश दक्षिण के कई राज्यों में है जहाँ एन440 के रूप का कोरोना बहुत ही तेजी से फैल रहा है। सबसे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि कोरोना के नए रूप को ज्यादा खतरनाक और तेजी से फैलने वाला बताया जा रहा है। दुनिया भर में कई जगह यह दिख भी रहा है। मतलब साफ है कि अभी महामारी नहीं हारी है और हम हैं कि मान बैठे थे कोरोना का रोना खत्म हुआ! सवाल फिर वही कि हम क्यों नहीं तैयार थे महामारी के नए रूप और आक्रमण को समझने और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए? इसके जवाब के लिए सरकारों को दोष देने से पहले शायद हमें सबसे पहले खुद से ही पूछना पड़ेगा कि आखिर हम खुद चाहते क्या हैं? कोरोना हाँ या ना! माना कि सरकार, शासन-प्रशासन ने थोड़ी सी छूट दी और कब तक नहीं देती। लेकिन इसका बेजा फायदा भी तो हमने ही उठाया। हालांकि कोरोना के नए रूप या रूपों जो भी कह लें को लेकर भारतीय वैज्ञानिक भी काफी सजग हैं और लगातार शोध जारी है। हाँ इनका फैलाव अभी सबसे ज्यादा केरल और महाराष्ट्र में ही है जहाँ देश के 74 प्रतिशत से अधिक ऐक्टिव मामले हैं। लेकिन जिस तरह से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भी हर दिन नए कोरोना मरीज सामने आ रहे हैं वह बड़ी खतरे की घण्टी है। कोरोना की नई रफ्तार ग्रामीण इलाकों को भी गिरफ्त में ले रही है जो बड़ी चिन्ता का कारण है। कई महानगरों में पूरे के पूरे अपार्टमेण्ट्स ही बुरी तरह से चपेट में आ रहे हैं तो कहीं पूरा स्कूल संक्रमित मिल रहा है। यानी कुल मिलाकर संकेत अच्छे नहीं हैं। इसी हफ्ते की शुरूआत में अमेरिका में मौतों का आंकड़ा 5 लाख के पार जा पहुँचा। वहाँ के राष्ट्रपति की संवेदनाएँ और दुख इसी बात से समझ से आता है जिसमें उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में ऐसे क्रूर भाग्य को स्वीकार नहीं कर सकते। लेकिन दुख की भावना को भी सुन्न नहीं होने देना है। मोमबत्तियँ जलाकर कोरोना से काल के गाल में समाए लोगों को राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने श्रध्दांजलि दी।

इस हफ्ते की शुरूआत में दुनिया भर में कोरोना से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 11 करोड़ 22 लाख 63 हजार के पार जा पहुँची। इस वायरस से अब तक 24 लाख 85 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं ठीक होने वालों की संख्या भी 8 करोड़ 79 लाख के पार पहुँच चुकी है। अमेरिका, भारत और ब्राजील में कोरोना वायरस के संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले सामने आए। अमेरिका में संक्रमण के कुल मामले करीब 2.87 करोड़ तक पहुंच चुके हैं। जबकि अब तक वहां 511,133 लोगों की जान जा चुकी है। दुनिया में इस वक्त कोरोना के एक्टिव केस



की संख्या 2 करोड़ 21 लाख 58 हजार के करीब है। विश्व के नक्शे पर अगर देशों के हिसाब से देखें तो इस हफ्ते की शुरूआत तक सबसे ज्यादा कुल मामले अमेरिका में दर्ज हुए जो 28,765,423 रहे जबकि मौतों का आँकड़ा 5,11,133 पहुँच गया। इसके बाद भारत का नंबर आता है जहाँ कुल दर्ज मामले 11,005,850 रहे जबकि 1,56,418 लोगों की मौत हुई। इसके बाद तीसरे नंबर पर ब्राजील है जहाँ कुल दर्ज मामले 10,168,174 रहे जबकि मौतों का आंकड़ा 2,46,560 रहा. ब्रिटेन जहाँ ब्रिटेन दर्ज मामले 41,05,675 जबकि मौतों का आंकड़ा 1,20,365 है. जबकि रूस में दर्ज मामले 4,164,726 हैं जबकि मरने वालों की संख्या 83,293 रही। इसी तरह फ्रांस में दर्ज मामले 35,83,135 और मृतकों की संख्या 84,147 रही। छठे क्रम पर स्पेन जहाँ दर्ज मामले 31,33,122 तथा मृतकों की संख्या 67,101 रही। वहीं इटली में दर्ज मामले 27,95,796 और मौतों की संख्या 95,486 रही। तुर्की में तुर्की दर्ज संख्या 26,31,876 रही जबकि मृत्यु का आंकड़ा 27,983 है। जबकि तुर्की में दर्ज मरीजों की संख्या 26,31,876 तथा मृतकों की संख्या 27,983 है। मैक्सिको में दर्ज मरीजों की संख्या 20,38,276 है जबकि मृतकों की संख्या 1,79,797 रही। जबकि ईरान में दर्ज मामले 15,66,081 थे जबकि मृत्य 59,409 लोगों की हुई। पेरू में जहाँ कुल दर्ज मामले 12,75,899 है वहीं मृतकों के आँकड़े 44,877 हैं। इसी तरह चिली में कुल दर्ज मामले 7,95,845 हैं जबकि मृतक संख्या 19,974 रही जबकि सऊदी अरब में दर्ज कोरोना मरीज 3,74,691 रहे वहीं मृतकों की संख्या 6,457 रही।

एक बात तो समझ आती है कि वैक्सीन के आने के बाद महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में कोरोना के नए रूप में फिर से बढ़ने को बड़ी चेतावनी ही समझनी चाहिए। वैक्सीन की सफलता में संदेह नहीं है। देश के बड़े-बड़े चिकित्सकों ने इसे सबसे पहले लगवाकर भ्रम को दूर करने की कोशिश की है। बावजूद इस सबके वैक्सीनेशन की रफ्तार में तेजी नहीं दिखना कहीं न कहीं निराश करती है। यह भी बड़ी विडंबना है कि पूरे देश से बीते कई हफ्तों से जो तस्वीरें सामने आ रही थीं वह सबकी मिली जुली लापरवाही का नतीजा है। इतिहास गवाह है कि पहले भी जितनी महामारियाँ आईं हैं उन पर काबू पाने में काफी वक्त लगा है। लेकिन कोरोना को लेकर बहुत बड़ी सुकून की बात रही कि दुनिया भर में तमाम कारगर टीके बहुत जल्द ईजाद हुए और इस मामले में भारत बहुत खुशनसीब है। भारत में टीकों को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। टीके के सकारात्मक नतीजों के आँकड़ों पर नजर डालना होगा। शायद इस बारे में केन्द्र और राज्य सरकारों को जनजागरूकता बढ़ानी होगी। पूरे देश में हर चिकित्सालयों व सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर जहाँ टीके पर बेवजह के भ्रम को ईमानदार प्रयासों व जनसंवाद के जरिए दूर करने की कोशिश करनी होगी वहीं अब सभी आम और खास को भी यह समझना ही होगा कि साल 2021 में भी किसी भी सार्वजनिक स्थान या कहें कि घर की चौखट के बाहर मास्क के बिना दुखदायी होगा। हाँ राज्य सरकारों को भी चाहिए कि कोरोना के जरा से खतरे की दस्तक होते ही स्कूलों पर प्रतिबंध जरूरी करें। इस बारे में दक्षिण सहित छत्तीसगढ़ के कई ताजा उदाहरण सामने हैं।

क्यों नहीं इस साल इस नए नारे के साथ महामारी को चुनौती दी जाए '2021 में कोरोना को दें बस एक मास्क के साथ।' कोरोना के खतरों और अपने गाँव, शहर, परिचितों की कोरोना से अकाल मृत्यु से भला कौन नहीं आहत होगा? किसको कोरोना के दंश का पता नहीं है. यह भी तो सब जानते हैं कि लंबे समय से कोरोना हमारी फितरत का आदी हो गया है। सीधे शब्दों में हमारे शरीर से आसानी से घुल मिल गया है और पहुँचते ही दगा देता है। जाहिर है दवा के साथ सबसे जरूरी है कि इसको पहले ही रोक दिया जाए। यह सिर्फ संभव है घर के बाहर हर पल मास्क के साथ निकलें, दो गज की दूरी बनाएँ रखें और बार-बार हाथ साबुन से धोते रहें।

जब पता है कि दवा जितना असरदार 10-20 रुपए का कपड़े का मास्क इस भीषण महामारी को चुनौती दे सकता है और न केवल कोरोना बल्कि प्रदूषण और एलर्जी-अस्थमा से भी बचा रहा है तो फिर इससे परहेज कैसा? हाँ, इस बारे में देश भर में इतना जरूर हो कि जो पिछले साल की सीख को लेकर एक बार फिर बजाए संपूर्ण लॉकडाउन के एहतियात के तौर पर नाइट कर्फ्यू जरूर लगा दिया जाए और दिन में बिना मास्क वालों पर सख्ती की जाए।

**यह लेखक की निजी राय है**

# भारतीय लोक संस्कृति में बैजू बावरा का योगदान



ऋतुपर्ण दवे

सोलहवीं सदी भारतीय लोक संस्कृति विरासत एवं संगीत साहित्य में एक अलग मुकाम रखती है। इस काल में लोक संस्कृति, संगीत और साहित्य को भरपूर बढ़ावा मिलने के साथ ही उन्हें राजकीय संरक्षण भी प्राप्त हुआ। इसका सबसे बड़ा सुखद नतीजा यह सामने आया कि क्षेत्रीय लोक संस्कृति, संगीत कला क्षेत्र में उन्नति के नए नए द्वार खुले।

भारतीय लोक संस्कृति एवं संगीत क्षेत्र में देशी, क्षेत्रीय संगीत की पूछ परख बढ़ी गायन वादन, संगीत क्षेत्र में नए नए प्रयोग किए जाने लगे। जब क्षेत्रीय लोक संस्कृति, संगीत साहित्य की पूछ परख बढ़ी तो उसका परिणाम यह सामने आया कि क्षेत्रीय लोक गायकों को नई पहचान, सम्मान मिलना प्रारंभ हो गया जिसके वह सौ फीसदी हकदार थे। भारतीय लोक संस्कृति विरासत हो अथवा भारतीय संगीत क्षेत्र रहा हो सोलहवीं सदी में चमकता दमकता सितारा लोक गायक बैजू बावरा आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। भारतीय संगीत क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित करने वाले संगीतज्ञ तानसेन के समकालीन संगीत सूर्य बैजू बावरा द्वारा भारतीय लोक संस्कृति विरासत तथा भारतीय संगीत विधा में प्रद्वत महत्वपूर्ण योगदान को आज किसी भी स्तर पर भुलाया नहीं जा सकता है। लोक गायक, संगीतज्ञ बैजू बावरा ने संगीत साहित्य की सेवा ही नहीं की बल्कि नए नए रागों का अविष्कार कर अपने आप को लोक संस्कृति विरासत एवं संगीत साहित्य में अमर कर लिया।

यही नहीं बैजू बावरा द्वारा स्वयं रचित रचनाओं और गायन के माध्यम से की गई प्रस्तुतीकरण बैजू बावरा की धार्मिक भावना भगवान श्री कृष्ण के प्रति आराधना उपासना को भी प्रकट करती है। बैजू बावरा द्वारा रचित ध्रुपद आज भी पर्याप्त संख्या में संगीत साहित्य में सहज उपलब्ध हैं। जिनके माध्यम से बैजू बावरा की संगीत शैली और उनके संगीत धारण संगीत प्रेम उजागर होता है। ध्रुपद गायन में बैजू बावरा ने महारथ हासिल की हुई थी जिसके कारण बैजू बावरा की एक अलग पहचान हमेशा हमेशा के लिए स्थापित हुई। संगीत सूर्य बैजू बावरा ने अपने फन का जौहर दिखाते हुए नए-नए ध्रुपद पदों की रचना ही नहीं कि अपितु ध्रुपद गायकी प्रचार प्रसार में तत्परता को भी प्रदर्शित किया। इसका परिणाम यह सामने आया की ध्रुपद शैली दूर-दूर तक प्रचलन में आ गई। संगीत सम्राट बैजू बावरा के नए रागों में गूजरी टोड़ी, मंगल गूजरी, मृगरंजनी टोड़ी आदि सर्वाधिक सर्वश्रेष्ठ है। बैजू बावरा ने नवीन होरी गायकी का सृजन कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर संगीत क्षेत्र में नई विधा को जन्म देकर गायकी क्षेत्र में अपना मान सम्मान बढ़ाया। आज भी बैजू बावरा द्वारा रचित पद भारतीय संगीत साहित्य में उपलब्ध है जो बैजू बावरा की याद को वक्त बेवक्त ताजा करने का सबब बने हुए हैं।

मध्यकालीन भारत में भक्ति आंदोलन के साथ सूफी मत के प्रादुर्भाव होने से उत्पन्न हुई तत्कालीन परिस्थितियों के मद्देनजर एवं भारतीय संगीत के समक्ष आई नई चुनौती का सामना करते हुए यानी काल और परिस्थिति अनुसार बैजू बावरा ने अपने गायन वादन में बदलाव लाते हुए क्षेत्रीय गीत-संगीत का मिश्रण कर आमजन के समक्ष ऐसी प्रस्तुति दी जिसके चलते देशी संगीत लोगों के सिर चढ़कर बोला। यही सब वह मिले-जुले कारण है जिसके चलते आज भी बैजू बावरा भारतीय संगीत साहित्य में अपना स्थान प्रमुखता से दर्ज कराएं हुए हैं। यह बात अलग है कि वर्तमान में शासन द्वारा बरती जा रही उपेक्षा के चलते जिस सम्मान का वह हकदार था उससे वह वंचित रहा है। कहा जाता है कि आशा से आसमान टिका हुआ है इसी आशा और विश्वास में हमने भी आशा का दामन ना छोड़ा है और ना कभी छोड़ेंगे।

फिलवक्त बैजू बावरा द्वारा भारतीय संगीत क्षेत्र में प्रद्वत योगदान के मद्देनजर विद्वान डॉ. नर्मदा प्रसाद गुप्त द्वारा बैजू बावरा की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए वर्णित निम्न तथ्यों को सामने रखते हुए बैजू बावरा को सलाम करते हैं जिसका चन्देरी की पवित्र माटी से जन्म जन्म का नाता है। डॉ. गुप्त ने लिखा है कि तोमर काल में रचित विष्णुपद के विष्णु पदों और बैजू बावरा के ध्रुपद की लोक भाषा और देसी संगीत बुंदेली ही नहीं भारतीय संस्कृति को भी बचा लिया।

**यह लेखक की निजी राय है**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# हुती विद्रोहियों ने रियाद को निशाना बनाते हुए दागी बैलेस्टिक मिसाइल, हमने नष्ट किया: सऊदी अरब



**दुबई।** खाड़ी देश सऊदी अरब ने बताया कि उसने राजधानी रियाद पर दागी गई एक मिसाइल और दक्षिण प्रांत को निशाना बनाते हुए दागे गए ड्रोन को बीच में रोक कर नष्ट कर दिया है। सऊदी अरब देश में होने वाले हवाई हमलों के लिए यमन के हुती विद्रोहियों को जिम्मेदार ठहराता रहा है। सऊदी नीत सैन्य गठबंधन ने कहा कि ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों ने रियाद की ओर एक बैलेस्टिक मिसाइल दागी। इसके अलावा जिजान प्रांत की ओर बम से लदे तीन ड्रोन दागे गए। चौथा ड्रोन एक अन्य दक्षिण पश्चिमी शहर को निशाना बनाते हुए दागा गया, और अन्य ड्रोनों पर निगाह रखी जा रही है। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस हमले के संबंध में अभी हुती विद्रोहियों की ओर से कोई बयान नहीं आया है। यह हमला पश्चिम एशिया में तेजी से बढ़ रहे तनाव के बीच हुआ है। इससे एक दिन पहले ही इजराइल के पोत पर ओमान की खाड़ी में विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट ने सामरिक जलमार्गों पर पोतों की सुरक्षा को लेकर चिंता को एक बार फिर हवा दी है। सरकारी टीवी ने रियाद में हवा में विस्फोट जैसी किसी चीज के फुटेज दिखाए। लोगों ने सोशल मीडिया पर भी इसी तरह के वीडियो साझा किए हैं। सऊदी नीत गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल तुर्की अल मलीकी ने कहा कि हुती नागरिकों को सिलसिलेवार ढंग से निशाना बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस बीच रियाद में अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की है और उनसे भविष्य में और हमले होने की स्थिति में सतर्क रहने को कहा गया है।

# चिप बताएगी आपको कोरोना है या नहीं

## कम समय में स्मार्टफोन पर मिल जाएंगे नतीजे

**वॉशिंगटन।** अब आपको एक छोटी सी चिप बताएगी कोरोना है या नहीं। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने टिकट के आकार की एक खास चिप विकसित की है जो कोविड-19 की जांच को आसान बना देगी। इस चिप से 55 मिनट से भी कम समय में स्मार्टफोन पर नतीजे मिल जाएंगे। अमेरिका में 'राइस यूनिवर्सिटी' के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित माइक्रोफ्लूइडिक चिप उंगली से लिए गए खून के नमूने में सार्स कोव-2 के न्यूक्लियोकैप्सिड (एन) का विश्लेषण करती है। अध्ययन के मुताबिक चिप उंगली पर सुई चुभाकर लिए गए रक्त सीरम से सार्स कोव2 न्यूक्लियोकैप्सिड (एन) प्रोटीन की सांद्रता को मापता है जो कि कोविड-19 का एक बायोमार्कर है। नैनोबीड्स चिप में सार्स कोव- 2 एन प्रोटीन को बांधता है और इसे एक विद्युत रासायनिक संवेदक तक पहुँचाता है जो बायोमार्कर की मात्रा का पता लगाता है।अध्ययनकर्ता पीटर लिलीहोज ने कहा कि आप जांच से संबंधित समूची प्रक्रिया एक ही जगह पर कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल करना भी आसान है। इसमें लैबोरेट्री की भी जरूरत नहीं होती। विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने पिछले साल मलेरिया का पता लगाने के लिए 'माइक्रोनीडल पैच' को विकसित किया था। जांच के लिए, अध्ययनकर्ताओं ने स्वस्थ लोगों और कोविड-19 से संक्रमित लोगों के खून के नमूनों से इसकी पड़ताल की। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि अधिकतम 55 मिनट में माइक्रोचिप सार्सकोव2 एन प्रोटीन का पता लगा लेती है। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि आरटी-पीसीआर जांच की तुलना में जांच का यह तरीका बहुत आसान है।

## संक्षिप्त समाचार

### दलाई लामा के 'अवतार' को लेकर फिर अमेरिका-चीन आमने सामने, अमेरिकी विधेयक से तिलमिलाया चीन

न्यूयार्क। दलाई लामा के 'अवतार' को लेकर फिर अमेरिका-चीन आमने सामने हैं। तिब्बत के समर्थन में चीन पर दबाव के लिए अमेरिकी संसद ने विधेयक पारित किया है। तिब्बती नीति और समर्थन अधिनियम (टीपीएसए) को अमेरिकी संसद के दोनों सदनों ने 1.4 ट्रिलियन डॉलर के सरकारी खर्च विधेयक और 900 अरब डॉलर के कोविड-19 राहत पैकेज के संशोधन के तौर पर पास किया है। ये अधिनियम चीन के उन अधिकारियों पर आर्थिक और वीजा प्रतिबंध लगाएगा जो दलाई लामा के उत्तराधिकार के मामले में हस्तक्षेप करेगा। साथ ही इस अधिनियम के तहत चीन के लिए जरूरी होगा कि वो अमेरिका में कोई भी नया कोंसुलेट खोलने से पहले ल्हासा में अमेरिका को कोंसुलेट स्थापित करने की मंजूरी दे। अमेरिका के कदम से जहां चीन तिलमिला रहा है, वहीं धर्मशाला आधारित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन बेहद खुश है। राष्ट्रपति लोबसांग सांगे ने तिब्बत के लोगों के लिए ऐतिहासिक घटना घोषित किया है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने वाले और अमेरिकी नागरिक सांगे को हाल में व्हाइट हाउस में न्यौता दिया गया। जहां उन्होंने तिब्बती मामलों पर नये-नवेले नियुक्त अमेरिका के विशेष संयोजक रॉबर्ट डेस्ट्रो से मुलाकात की। चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के साथ तिब्बत नए शीत युद्ध की राजनीति के मुद्दे के तौर पर फिर से उभर रहा है। हाल के वर्षों में भारत ने तिब्बत का कार्ड खेलने की कोशिश की लेकिन उसे इसका असरदार इस्तेमाल करने का तरीका नहीं आता, लेकिन अमेरिका इन दोनों से हटकर थोड़ा अलग है और ये बात चीन और तिब्बत दोनों जानते हैं। आधुनिक राजनीति में लामा के अवतार जैसे मुद्दों पर चिंतित होना जरूरी है, क्योंकि दलाई लामा एक अलग तरह की शख्सियत हैं जब से उन्होंने चीन से भागकर भारत में पनाह ली तब से वहां चीन के दमन के खिलाफ तिब्बती संघर्ष के प्रतीक बन गए हैं। उनका व्यक्तित्व और संदेश पूरी दुनिया में गूंजता है और चीन की तरफ से जोरदार कोशिश के बावजूद उन्हें अभी भी पूरी दुनिया में सम्मान मिलता है और उनको मानने वाले उनसे काफी प्यार करते हैं। दलाई लामा खुद अहिंसक तरीके से तिब्बती संघर्ष को जारी रखने की जरूरत को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हैं। उन्होंने बार-बार साफ किया है कि वो चीन से स्वतंत्रता की जगह ज्यादा स्वायत्तता चाहते हैं लेकिन चीन को इस पर भरोसा नहीं हैं और वहां उन्हें बांटने वाला बताता है। हिंदुओं की तरह तिब्बती बौद्ध भी विश्वास करते हैं कि हर व्यक्ति पुनर्जन्म के चक्र से गुजरता है जिसका निर्धारण कर्मों से होता है। लेकिन बड़े लामा या तुल्कू, जिनमें बोधिसत्व अवलोकितेश्वर के अवतार दलाई लामा सबसे वरिष्ठ हैं, ये तय कर सकते हैं कि उनका पुनर्जन्म कब और कहां होगा। आमतौर पर बड़े लामा अपने अवतार के बारे में विस्तृत जानकारी कुछ चुनिंदा सहायकों को गुप्त रूप से बताते हैं जिसके बाद वो सहायक उनकी तलाश करते हैं। उम्र बढ़ने के साथ मौजूदा दलाई लामा ने इस मुद्दे के बारे में बहुत विचार किया। वो इस बात को लेकर चिंतित हैं कि पुनर्जन्म की प्रक्रिया को राजनीति के द्वारा अपने काबू में किया जा सकता है। एक तरफ उन्होंने ऐसा कहा है कि, क्या उन्हें पुनर्जन्म लेना ही नहीं चाहिए। दूसरी तरफ उन्होंने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने में भी दिलचस्पी दिखाई है ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि इस प्रक्रिया में संदेह या धोखे की जरा भी गुंजाइश न हो।

### सीरिया में हवाई हमले कर राष्ट्रपति बाइडेन ने संभावित हमलों के खतरों को टाला

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने कहा है कि सीरिया में हवाई हमले कर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिकी कर्मियों एवं ठिकानों की रक्षा की तथा ह्यआने वाले हफ्तों में संभावित और हमलों के खतरों को टाला है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को अमेरिका ने हवाई हमले में ताकतवर ईरान समर्थित इराकी सैन्य समूहों के सीरिया स्थित ठिकानों को निशाना बनाया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा, राष्ट्रपति स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि वह अमेरिकियों के हितों की रक्षा करने के लिए कदम उठाने जा रहे हैं और जब खतरा होगा तो वह सही समय पर अपने हिसाब से कदम उठाएंगे ह्रह्ल उन्होंने कहा, वह (बाइडेन) इन कदमों को विचारशील तरीके से उठाएंगे और इसका उद्देश्य सीरिया और इराक के बीच तनाव कम करना है हवाई हमले के, ईरान के साथ दोबारा शुरू होने वाली वार्ता पर पड़ने वाले असर के बारे में पूछे जाने पर साकी ने कहा कि इस समय स्थिति यह है कि अमेरिका इन कूटनीतिक वार्ताओं के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस समय यूरोप ने आमंत्रण दिया है और हम जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

# रूसी राजनयिक उत्तर कोरिया में फंसे, मुश्किल से निकले बच्चों के साथ घंटों चलाई हाथगाड़ी



**मॉस्को।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए उत्तर कोरिया ने आने जाने पर पाबंदी लगा दी ऐसे में यहां रूसी राजनयिक फंस गए और उनको घर पहुंचने के लिए मुश्किल भरा रास्ता चुनना पड़ा। रूस के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि उनके 8 कर्मचारी और परिवार के सदस्य हाथ से चलने वाली रेलगाड़ी के बदौलत अपने देश वापस लौटे हैं। दरअसल, कोरोना पाबंदियों के चलते दोनों देशों को बीच हवाई सेवा लंबे समय से बंद है। खास बात है कि इस खतरनाक यात्रा पर राजनयिकों के साथ उनके छोटे बच्चे भी मौजूद थे। उत्तर कोरिया में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के प्रयास में किम जोंग-उन ने हवाई सेवाओं पर रोक लगा दी थी। यह रोक करीब साल भर से जारी है। ऐसे में कुछ रूसी राजनयिक कोरिया में फंस गए थे। तमाम कोशिशों के बाद उन्हें घर वापसी का कोई रास्ता नहीं सूझा, तो उन्होंने हाथ से चलने वाली रेलगाड़ी की मदद से सफर पूरा किया। इस दौरान उन्होंने लंबे समय तक बस यात्रा भी की। राजनयिकों की यात्रा ट्रेन से शुरू हुई। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के पुराने और धीमी रेल व्यवस्था में करीब 32 घंटों तक सफर किया। राजनयिकों के इस समूह में दूतावास के तीसरे सचिव व्लादिस्लाव सोरोकिन और उनकी 3 साल की बेटी वारया भी मौजूद थे। यह जानकारी मंत्रालय ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर दी है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी एक तस्वीर भी शेयर की है। जिसमें साफ नजर आ रहा है कि बड़े सामान के बीच तीन बच्चे बैठे हुए हैं। साथ ही इस गाड़ी को तीन लोग पटरियों पर धक्का लगा रहे हैं। जब यह समूह देश के पूर्वी इलाके में स्थित रूसी सीमा खसान पर पहुंचा, तो उनका स्वागत विदेश मंत्रालय के साथियों ने किया। यहां से उन्हें व्लादिवोस्तक के एयरपोर्ट पर ले जाया गया। यह जानकारी मंत्रालय ने दी है। मंत्रालय की तरफ से जारी एक अन्य बयान में कहा गया है कि राजनयिकों के पास रेलकार के जरिए सफर करना ही एकमात्र रास्ता था। उत्तर कोरिया ने जनवरी 2020 में अपनी सीमाएं बंद कर दी थीं। कोरिया को डर था कि कोविड-19 के मामले देश के स्वास्थ्य प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकते हैं। शुक्रवार को क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री एस पेस्कोव ने कहा कि यह यात्रा बताती है कि राजनयिकों की सेवा कितनी मुश्किल हो सकती है। यह केवल बाहर से ही सुंदर और शानदार नजर आती है।

# पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नूर ए इस्लाम गुट के 2 आतंकी ढेर किए



**मुल्तान।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने और आतंकवाद रोधी पुलिस और खुफिया सेवा के अधिकारियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों के एक ठिकाने पर छापा मारा और सुरक्षा बलों पर हमले में कथित तौर पर संलिप्त रहे दो आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवाद रोधी अधिकारी शाहिद सोलंगी ने कहा कि दक्षिणी सिंध प्रांत में सुक्कुर शहर के पटनी इलाके में शनिवार की सुबह यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, जिस कारण मुठभेड़ हुई। पाकिस्तानी तालिबान के नूर ए इस्लाम गुट के दो आतंकवादी मारे गये।

# पॉप सिंगर लेडी गागा के चुराए गए दोनों डॉगी 2 दिन बाद मिले

**लॉस एंजेलिस।** सैलीब्रटीज अपने पालतू जानवरों को लेकर कितने क्रेजी होते हैं यह इस बात से पता चलता है कि उनके डॉगी भी किसा से कम नहीं होते है। ताजा मामला ऑस्कर विनर पॉप सिंगर लेडी गागा का है, जब उन्होंने अपने दो प्यारे डॉगीज के चोरी होने की बात कहकर, ढूंढने वाले के लिए साढ़े 3 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। हॉलीवुड में हुई एक लूट के दौरान लेडी गागा के दो फ्रेंच बुलडॉग चोरी हो गए थे। इस घटना में लेडी गागा के डॉगवॉकर को भी गोली लग गई थी। लेकिन अब अच्छी खबर ये है कि दो दिनों के बाद दोनों डॉगी मिल गए हैं। लॉस एंजेलिस पुलिस ने यह जानकारी साझा की है। पुलिस ने बताया है कि एक महिला लेडी गागा के दोनों डॉगीज को ओलिंपिक कॉम्युनिटी पुलिस स्टेशन में लेकर आई थी। लेडी गागा के इन कुत्तों का नाम कोजी और गुस्ताव है। कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि एक महिला तकरीबन शाम 6 बजे लेडी गागा के कुत्तों को ओलिंपिक कम्युनिटी पुलिस स्टेशन लेकर आई थी, जो महिला कुत्तों को छोड़कर गई उनका बुधवार रात को जो अटैक हुआ था उसमें कोई इंवॉल्वमेंट नहीं पाया गया। इसके बाद पुलिस ने लेडी गागा के रिप्रेजेंटेटिव को बुलाया और उन्होंने कन्फर्म किया है कि वही लेडी गागा के दोनों चुराए गए डॉगीज हैं। लेडी गागा अभी अपने एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के सिलसिले में रोम में हैं। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि लेडी गागा के कुत्ते किस इरादे से चुराए गए थे और लौटाने वाली महिला के पास कैसे पहुंच गए।




सेन मेटियो में एशियाई लोगों के खिलाफ हुए भेदभाव के विरोध में रैली निकाली गयी।

# भारत का मानना है कि म्यांमार में कानून का शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल किया जाए




**जेनेवा।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में कहा कि म्यांमार में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करना सभी हितधारकों की प्राथमिकता होनी चाहिए और हिरासत में लिए नेताओं को रिहा किया जाना चाहिए। साथ में उसने दक्षिण पूर्व एशियाई देश के नेतृत्व से शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके से अपने मतभेदों को हल करने के लिए मिलजुलकर काम करने का आह्वान किया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत टीएस तिरुमूर्ति ने म्यांमार की स्थिति पर अनौपचारिक बैठक में शुक्रवार को उक्त टिप्पणी की। उन्होंने कहा, भारत म्यांमार के साथ जमीन और समुद्री सीमा साझा करता है, उसका शांति और स्थिरता बनाए रखने में सीधा हित है इसकारण म्यांमार के हालिया घटनाक्रम पर भारत करीब से निगाह रख रहा है। हम इसकी चिंतित हैं कि लोकतंत्र की दिशा में म्यांमार में पिछले दशकों में हासिल की गई बढ़त को कमतर नहीं किया जाना चाहिए। तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत का मानना है कि कानून का शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बरकरार रखा जाना चाहिए, हिरासत में लिए, गए लोगों को रिहाकर शांति कायम रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम म्यांमार के नेतृत्व से आह्वान करते हैं, कि वे अपने मतभेदों को शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके से सुलझाने के लिए मिलकर काम करें। एक फरवरी को सेना ने म्यांमार की लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को बर्खास्त कर सत्ता अपने हाथ में ले ली थी ह्यस्टेट काउंसलर आंग सान सू ची, राष्ट्रपति यू विन मिन्त और अन्य शीर्ष राजनीतिक नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था। तिरुमूर्ति ने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहाल करना म्यांमा में सभी हितधारकों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय समुदाय को महत्वपूर्ण मोड़ पर म्यांमार के लोगों को अपना रचनात्मक समर्थन देना चाहिए। इस बीच संयुक्त राष्ट्र में म्यांमार के राजदूत ने देश की सेना की अवहेलना कर संयुक्त राष्ट्र महासभा से सैन्य तख्तापलट को खत्म करने में मदद के लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की गुहार लगाई। के एम तुन बेदखल हुई असैन्य सरकार के प्रति वफादार रहे। उन्होंने कहा कि वह एनएलडी नीत असैन्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। तुन ने तख्तापलट की निंदा की और सभी सदस्य राष्ट्रों और संयुक्त राष्ट्र से अपील की कि वे सैन्य तख्तापलट की निंदा करें और सैन्य शासन को किसी भी माध्यम से मान्यता न दें।

# बालाकोट एयरस्ट्राइक की दूसरी बरसी पर पाक ने नया वीडियो जारी कर फिर फैलाया भ्रम

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आंतकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने भारत की वायुसेना ने बालाकोट एयरस्ट्राइक कर आंतकियों के कैंप तबाह कर दिए थे आज 27 फरवरी को की उसकी दूसरी बरसी के मौके पर बौखलाए पाकिस्तान ने एक नए प्रॉपेगेंडे के जरिए अपना चेहरा बचाने की कोशिश की है। पाकिस्तान ने भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान का एक नया वीडियो जारी कर प्रॉपेगेंडा फैलाने की कोशिश की है। 27 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी एयरफोर्स के विमानों को खदेड़ने की कोशिश में अभिनंदन वर्धमान पीओके में पहुंच गए थे। इसके बाद उन्हें पाकिस्तानी सेना ने अपने कब्जे में ले लिया था और 1 मार्च को भारत के दबाव के बाद वाघा बॉर्डर पर वापस छोड़ा था। उस दौरान पाकिस्तान ने अभिनंदन के कई वीडियो शेयर किए थे। लेकिन अब एक नया वीडियो पाकिस्तान में शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में अभिनंदन वर्धमान कश्मीर में शांति की अपील और पाकिस्तान एवं भारत में कोई अंतर न होने की बात करते दिख रहे हैं। अभिनंदन इस वीडियो में पाकिस्तानी आर्मी की खातिरदारी की तारीफ करते दिख रहे हैं, लेकिन वीडियो से साफ है कि इसे कई बार एडिट किया गया है। वीडियो में तमाम कट से साफ है कि पाकिस्तान की ओर से अपने प्रॉपेगेंडे के लिए अभिनंदन के पुराने वीडियो का इस्तेमाल एडिट करके किया जा रहा है। हालांकि जिस तरह से वीडियो में इतने कट हैं, उससे इसकी सत्यता पर भी सवाल उठ रहे हैं। अभिनंदन वर्धमान इस वीडियो में कहते हैं, 'ऊपर से जब मैंने देखा तो दोनों ही देशों में कोई अंतर नहीं लग रहा था। यहां तक कि मैं जब पैराशूट से नीचे गिरा तो यह भी पता नहीं चला कि मैं किस देश में हूं। आदमी भी दोनों देशों के एक से ही हैं। मैं जब नीचे गिरा तो मुझे चोट लगी थी काफी गहरी और मैं हिल नहीं पा रहा था। मैंने कोशिश की यह जानने की कि मैं कहां हूं। जब मुझे पता चला कि मैं अपने मुल्क में नहीं हूं तो मैंने भागने की कोशिश की। मेरे पीछे लोग आए थे और उनका जोश काफी ऊंचा था और वे चाहते थे कि मुझे पकड़ लें।' इससे आगे वह पाकिस्तानी सेना की तारीफ करते हुए कहते हैं, 'तभी पाकिस्तानी सेना के दो जवान आए, उन्होंने मुझे पकड़ा और बचाया। एक कप्तान, उन्होंने इन लोगों से बचाया यूनिट तक ले गए जहां फर्स्ट एड दिया गया हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां जांच हुई और एड दिया गया, तब से आपकी खातिरदारी के साथ मैं यहां पर हूं।' अभिनंदन कहते हैं, 'क्या हो रहा है कश्मीर के साथ वह न आपको पता है न मुझे पता है।

# सुनकर होगी हैरानी, विश्वशक्ति अमेरिका भारत का 216 अरब डॉलर का कर्जदार

**वाशिंगटन।** दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका पर दो दशक में कर्ज का भार तेजी से बढ़ा है। इतना ही नहीं भारत का भी अमेरिका पर 216 अरब डॉलर का कर्ज है। अमेरिका पर वर्तमान में कुल 29 हजार अरब डॉलर का कर्ज चढ़ा हुआ है। अमेरिकी सांसद ने जो बाइडेन सरकार को देश पर बढ़ते कर्ज भार को लेकर आगाह किया है। अमेरिका पर कर्ज में चीन और जापान का कर्ज सबसे ऊंचा है। वर्ष 2020 में अमेरिका का कुल राष्ट्रीय कर्ज भार 23400 अरब डॉलर था। इसका मतलब प्रत्येक अमेरिकी पर औसतन 72309 डॉलर का ऋण था। अमेरिकी सांसद एलेक्स मूनी ने कहा, हमारा कर्ज बढ़कर 29000 अरब डॉलर तक पहुंचाने वाला है। इसका मतलब है कि हर व्यक्ति पर कर्ज का भार और अधिक बढ़ रहा है। जो दो देश चीन और जापान हमारे सबसे बड़े कर्जदाता हैं, वे वास्त में वे हमारे दोस्त नहीं हैं।' अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में बाइडेन सरकार के करीब दो हजार अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज का विरोध कर वेस्ट वर्जीनिया का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद मूनी ने कहा, चीन के साथ वैश्विक स्तर पर हमारी प्रतिस्पर्धा है। उनका हमारे ऊपर बहुत बड़ा कर्ज चढ़ा हुआ है। चीन का हम पर 1000 अरब डॉलर से अधिक का कर्ज बकाया है। हम जापान के भी 1000 अरब डॉलर से अधिक के बकायादार हैं। सांसद मूनी ने कहा कि वे देश जो हमको कर्ज दे रहे हैं, हमें उनका कर्ज चुकाना भी है। जरूरी नहीं कि इन देशों को हमारे श्रेष्ठ हित का ध्यान हो, जिनके बारे में हम यह नहीं कह सकते कि वे दिल में हमेशा हमारे हित का ख्याल रखते हैं। उन्होंने कहा, ब्राजील को हमें 258 अरब डॉलर देना है। भारत का हमारे ऊपर बकाया 216 अरब डॉलर है। हमारे विदेशी ऋणदाताओं की यह सूची लंबी है। वर्ष 2000 में अमेरिका पर 5600 अरब डॉलर का कर्ज था। ओबामा के समय यह दोगुना हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जनवरी में 1900 अरब डॉलर के कोविड19 राहत पैकेज की घोषणा की ताकि महामारी के चलते अर्थव्यवस्था पर आए संकट का मुकाबला किया जा सके। मून और विपक्ष के अन्य सांसदों ने पैकेज का विरोध किया। मूनी ने कहा कि ओबामा के आठ साल में हमने अपने ऊपर कर्ज का भार दो गुना कर लिया-और आज हम उसे और बढ़ाने जा रहे है। कर्ज और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुपात काबू से बाहर हो गया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# ब्राह्मण समाज और राजगढ़ प्रथम बैठक धर्मशाला में हुई आयोजित

» शिवा जोशी

राजगढ़। ब्राह्मण समाज राजगढ़ की नवीन कार्यकारिणी सत्र 2021 -23 की प्रथम बैठक कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार द्वाराभगवान परशुराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई । बैठक में सर्व प्रथम अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार द्वारा सभी का आभार एवं स्वागत किया गया । सचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि बैठक में नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण



समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2020 को संयुक्त रूप से मनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर सदन में उपस्थित सभी लोगो ने अपनी सहमति देते हुए आगामी 21 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2020 संयुक्त रूप से मनाने का निर्णय लिया। प्रतिभा सम्मान समारोह में राजगढ़- रैणी तहसील के 2020 में कक्षा दसवीं एवं 12वीं के 80% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं एवं स्नातक व स्नातकोत्तर में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले व बी.टेक व एम.टेक में 70%से अधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राओं तथा साथ ही समाज के शहीदों की पत्नियों को सम्मानित करने का साथ ही राजगढ़ रैणी तहसील में समाज के नव निर्वाचित सरपंच व राजगढ़ नगरपालिका के नव निर्वाचित पार्षदों का सम्मान का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि बैठक में ब्राह्मण धर्मशाला के समारोह स्थल मैदान में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाने का प्रस्ताव भी रखा गया। इस प्रस्ताव पर भी सदन द्वारा सहमति दे दी गई । बैठक में पूर्व अध्यक्ष संत ज्ञानेश्वर शर्मा ,मोहन बोहरा,मदन लाल, सुरेश्वर दयाल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा ,कपिल जैमन, अखिलेश वशिष्ठ ,किशोर मुखर्जी ,दिनेश शास्त्री, हरिशंकर शर्मा, राजेश शर्मा कैशियर ,अनुराग गौड़, नागपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अजय नागर विप्र फाउंडेशन जोन एक के मीडिया प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक मनोनीत



**मदरलैंड संवाददाता, जयपुर।** विप्र फाउंडेशन जॉन एक के सतीश चंद्र शर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री, विप्र फाउंडेशन जोन ने राजेश कर्नल जोनल अध्यक्ष राजस्थान की अनुशंसा एवं आर के ओझा, राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के अनुमोदन से वरिष्ठ पत्रकार अजय नागर को विप्र फाउंडेशन जोन 1 का प्रदेश मीडिया सह संयोजक मनोनीत किया है।

# नारी कभी ना हारी लेखिका साहित्य संस्थान जयपुर द्वारा पुस्तक 'अनकही कहानियाँ ' का किया विमोचन

» देशबंधु जोशी

जयपुर। नारी कभी ना हारी लेखिका साहित्य संस्थान जयपुर और सपनाज ड्रीम्ज चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आज स्व श्री मती मीना जैन जी की पुस्तक ₹अनकही कहानियाँ ₹का विमोचन एक होटल में समारोह पूर्वक हुआ। श्री मती मीना जैन की अभिलाषा थी पुस्तक छपवाने की.लेकिन केंसर के क्रूर काल ने उन्हें हम से छीन लिया। नारी कभी ना हारी लेखिका साहित्य संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष वीना चौहान व नीलम सपना के प्रयास से यह पुण्य कार्य उनके पति श्री ज्ञान चंद जी जैन ने पूर्ण किया।




कार्यक्रम की अध्यक्ष श्री लाड कुमारी जैन पूर्व अध्यक्ष राजस्थान राज महिला आयोग ने महिलाओं को आगे बढने व अन्याय न सहने का संदेश दिया। श्री अखिल शुक्ला जी ने कहानियों के मर्म पर चर्चा की। डा, रूपा सिंह ने बहनों को लेखन की बारीकियों से परिचित करवाया। कार्यक्रम में श्री आई बी जैन व अन्यगण मान्य सदस्य सम्मलित हुए। पुस्तक की समीक्षा श्री मती पूनम सेठी ने की। मंच संचालन श्री मती निरूपमा चतुवेर्दी जी ने किया। आभार नीलम सपना शर्मा व श्री ज्ञान चंद जी जैन ने व्यक्त किया।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने किया प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान

» अशोक भारद्वाज

कठूमर। डीग कुम्हेर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने किया प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान,आदर्श जाट महासभा द्वारा धौलागढ़ में किया गया कार्यक्रम आयोजित। डीग कुम्हेर के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि समाज में जागृति एवं एकता नहीं आई तो अगली पीढ़ी का सुरक्षित रहना मुश्किल होगा। उन्होंने मृत्यु भोज, शराब,दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर कर उस राशि का समाज हित में उपयोग करने का आह्वान किया। बहतुकंला स्थित देवी धोलागढ़ पर आदर्श जाट महासभा की कठूमर व धोलागढ़ बहतुकला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को आयोजित समाज के प्रतिभावान बच्चों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए विधायक विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि मुझे ने तो मंत्री पद की न ही संतरी की चिंता है, मुझ पर केवल आपका प्यार व आशीर्वाद बना रहे तो ऐसी कोई लड़ाई नहीं जिसे मैं हार सकूं ।इस मौके पर विधायक ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि आपके किसी भी कार्य के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आदर्श जाट महासभा के


बहतु कला में आयोजित जाट समाज के प्रतिभावान सम्मान समारोह में मौजूद पूर्व मंत्री व विधायक विश्वेंद्र सिंह व अन्य अतिथि

जिला अध्यक्ष तुहीराम चौधरी ने आगामी महीनों में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयुष आयोजित करने के संकल्प को दोहराते हुए सभी जाट सरदारी से सहयोग करने का आह्वान किया। समारोह में लक्ष्मणगढ़ के पूर्व प्रधान सुखवंत सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र गंडूरा, महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहिताश काजला, महासभा के प्रदेश युवा अध्यक्ष ओम प्रकाश दूगेशर, प्रदेश सचिव रामप्रसाद अमीन, महिला जिला अध्यक्ष कमलेश चौधरी, जिला प्रवक्ता सतवीर वैध, जाट समाज अलवर के संरक्षक हरि सिंह एडवोकेट, सहित समारोह में पंचायत समिति की 11 ग्राम पंचायतों में बने जाट समाज के सरपंच व कई पूर्व सरपंच, जिला पार्षद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में 363 बच्चों का प्रतीक चिन्ह एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया मंच संचालन ओमवीर चौधरी एडवोकेट द्वारा किया गया। इस अवसर पर अलवर ,भरतपुर, हरियाणा, दिल्ली, यूपी के कई जिलों के जाट समाज के लोग कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में कठूमर इकाई अध्यक्ष रमेश चौधरी वह धोलागढ़ बहतुकंला अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी ने सभी आगंतुक अतिथियों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व रास्ते में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक विश्वेंद्र सिंह का बसेट में सब समाज के लोगों द्वारा माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर ग्राम के सभी समाजों के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अलवर कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर हजारों महिलाएं पहुंची शाजापुर बॉर्डर

मदरलैंड संवाददाता, अलवर। महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती ने किया नेतृत्व। श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना। किसान आंदोलन को सफल बनाने के उद्देश्य से अलवर से हजारों की संख्या में महिलाएं शाहजहांपुर बॉर्डर पर किसानों के कंधे से कंधा मिलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ इस लड़ाई में शामिल हुई। रविवार को श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली की धर्म पत्नी गीता जूली व कांग्रेस नेता मुकेश जूली ने महिलाओं के इस विशाल जनसमूह को मोती डूंगरी स्थित आर्किड रेजिडेंसी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कांग्रेस नेता मुकेश जूली ने बताया कि राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर अलवर से महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी के नेतृत्व में शाहजहांपुर बॉर्डर पर महिलाएं बसों में सवार होकर काफिले के रूप में बॉर्डर पर पहुंची। जहां किसानों के समर्थन में व केंद्र के तीन काले कानूनों के विरोध में सांकेतिक धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि 32 बसों में व 20 अन्य वाहनों में सवार होकर जिले भर से महिला कार्यकर्ता हजारों की संख्या में किसान आंदोलन में शामिल हुई। श्रीमती गीता जूली ने बताया कि राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती के नेतृत्व में अलवर 3 हजार महिलाएं किसानों के बॉर्डर पर चल रहे हैं आंदोलन में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि तीन काले कृषि कानूनों के विरोध में करीब 3 माह से भी अधिक समय से सड़कों पर किसान आंदोलन कर रहा है लेकिन केंद्र की तानाशाह रवैया अपनाकर बैठी सरकार किसानों की नहीं सुन रही है। किसानों के इस आंदोलन को ऊर्जा देने के लिए राजस्थान सीमा पर शाहजहाँपुर बॉर्डर पर 4 घंटे का महिलाओं द्वारा सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग रखी गई।

### शिक्षक संघ के चुनाव सम्पन्न रूपकिशोर यादव बने जिलाध्यक्ष

महावीर प्रसाद, तिजारा। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय अलवर द्वितीय के जिला चुनाव तिजारा के त्रिगत स्कूल मे चुनाव अधिकारी हरिकिशन सोनी व चुनाव पर्यवेक्षक रामानन्द यादव की देखरेख मे सम्पन्न कराये गये । जिला निर्वाचन अधिकारी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश यादव ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के सभी पदो पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गये है । कार्यकारिणी मे लीलासिहं चौधरी को सभाध्यक्ष, विक्रम सिहं यादव व राकेश यादव को उपसभाध्यक्ष, रूपकिशोर यादव को अध्यक्ष, नन्दराम जाट को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजकुमार यादव व कमला लाम्बा, सत्यवीर यादव, मनोहरलाल ओला व नित्यानंद यादव को उपाध्यक्ष, कमल कुमार शर्मा को मंत्री, यादवेन्द्र शर्मा को अतिरिक्त जिलामंत्री, नरेन्द्र सिंह यादव को सचिव माध्यमिक व बिजेंद्र सिरोहीवाल को सचिव प्राथमिक, पुष्पा यादव को महिला मंत्री व सुभाष चन्द यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया । इसी प्रकार सरस्वती यादव, नरेन्द्र यादव, संदीप कुमार यादव, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, अमन यादव अशोक शर्मा, प्रीतम सिहं यादव,अंजली खुराना व पुष्पा यादव को प्रतिनिधि सदस्य चुना गया । इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री हरिसिंह नाथावत , जिला महिला संगठन मंत्री अरुणा रानी सहित सभी ब्लोको के सैकडो शिक्षक मौजूद थे ।

### राजस्थान सरकार से अवकाश के बदले नगद भुगतान पर लगाई रोक की तुरंत हटाने की मांग

मदरलैंड संवाददाता, अलवर। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के विभाग ने मुख्य मंत्री व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार को पत्र लिख कर मांग की है कि वित्तीय वर्ष 2020-2021 में राज्य कर्मचारियों को देय उपार्जित अवकाश के एवज में नकद भुगतान पर लगाई गयी रोक को तुरंत हटाई जावे व उपार्जित अवकाश का नकद भुगतान किया जावे। संगठन मंत्री चंचल कुमार शर्मा ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुछ कर्मचारियों ने उपार्जित अवकाश के भुगतान पर रोक लगने से पूर्व माह अगस्त 2020 में ही भुगतान उठा लिया। इस कारण उपार्जित अवकाश के बदले नकद राशि के भुगतान न उठाने वाले कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। शिक्षक नेता शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि कोरोना काल में रोके गये वेतन के भुगतान आदेश करने की भाँति उपार्जित अवकाश के नकद भुगतान पर से रोक हटाने के आदेश पारित कर कर्मचारी हितेषी सरकार होने का प्रमाण दे कर कर्मचारियों को हो रही वित्तीय हानि से बचावें।

# शादी में डीजे पर नाचते वक्त दो युवकों में हुई लड़ाई

» रामस्वरूप नायक

- पीड़ित की बेरहमी से की पिटाई, मरणासन्न में हुई हालत
- पैसे के अभाव में पीड़ित परिवार नहीं करा सका इलाज

रायसिंहनगर। क्षेत्र मैं नशे और क्राइम को लेकर के लगातार मीडिया प्रमुखता से खबरों को दिखा रहा है नशे की हालत में आरोपी प्रीतम सिंह 26 एनपी निवासी ने पीड़ित जनटा सिंह 28 एनपी निवासी को नशे की हालत में इतना पिटा की पीड़ित जनटा सिंह मर्णासन अवस्था में पहुंच गया जानकारी के मुताबिक 25 फरवरी को रात करीब 9 बजे 26 एनपी गांव के गुरलाभ सिंह बावरी के घर शादी समारोह मैं पीड़ित जनटा सिंह व आरोपी प्रीतम सिंह गए हुए थे तो वही डीजे पर नाचने के दौरान किसी बात को लेकर के दोनों में आपस में झगड़ा हो गया जिसको लेकर आरोपी प्रीतम सिंह ने पीड़ित जनटा को इतना पिटा की पीट पीटकर अद मरा कर दिया तो वही पीड़ित परिवार वालों की तरफ से आरोप लगाते हुए बताया की आरोपी प्रीतम सिंह ने पीड़ित जनटा सिंह को जमीन पर पटक कर कमर में लातो गुशो से वार कर जमीन पर पटक पटक कर मारा और पीड़ित के कमर, गर्दन,



और पेट मैं कई तरह के फैक्चर हुए 26 फरवरी को पीड़ित को रायसिंहनगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती करवाया सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट का प्रार्थना पत्र भी दिया जिसके बाद पीड़ित को गंभीर स्थिति होने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया लेकिन अशिक्षा और पैसों का अभाव होने के कारण पीड़ित का सही उपचार नहीं हो सका और ना ही कोई जनप्रतिनिधि इलाज करवाने के लिए अभी तक आगे आया लेकिन वहीं पर सबसे बड़ी चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि पूरा मामला स्थानीय पुलिस की जानकारी मैं होने के बाद भी आरोपी बेखौफ होकर गांव और शहर में सरेआम घूम भी रहा है जिसका अभी तक पुलिस ने कोई भी कार्यवाही नहीं करते हुए गिरफ्तार भी नहीं किया लेकिन जब पीड़ित परिवार की बुजुर्ग महिलाएं रोते बिलखते हुए मीडिया के पास पहुंची तो मिडिया ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों से बातचीत की जिसके बाद पुलिस ने तुरंत प्रभाव से पीड़ित पक्ष से मिलकर पीड़ित पक्ष की ओर से देर शाम तक मुकदमा दर्ज किया लेकिन आपको बता दें कि पीड़ित जनटा सिंह मरणासन्न की हालत में निजी चिकित्सालय ने बीकानेर रेफर कर दिया बता दें कि पुलिस की लापरवाही और उदासीनता के चलते आरोपी अभी भी बेखौफ होकर गांव ,शहर और बाजार गली मोहल्लों में खुलेआम घूम रहा है तो वही थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह से इस संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही मामले की पूरी जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय समारोह में अलवर के जादूगर शिव कुमार को मिला एशिया प्राइड अवार्ड 2021

» संजय बागड़ी

कोटकासिम प्रतिभाओं की देश में कोई कमी नहीं है जब मौका मिलता है यह प्रतिभाएं निकलकर लोगों के सामने आ जाती हैं । इनके व्यक्तित्व और मन को आज तक कोई नहीं पढ़ पाया है पाया। ऐसी ही एक शख्सियत ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलवर जिले का नाम रोशन किया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार 28 फरवरी 2021 को होशंगाबाद रोड स्थित फाइव स्टार होटल ला-पर्ल में इंटरनेशनल ह्यूमैनिटी मिशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश की गिनी चुनी हस्तियों को एशिया प्राइस अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया



गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में ढेर सारी फिल्मों व सीरियल्स में अभिनय के दम पर लोगों के चहेते रहे बॉलीवुड सिने स्टार सीनियर फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा द्वारा एशिया प्राइड अवार्ड 2021 प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में अलवर जिले के जाने-माने सेलिब्रिटी पर्सन स्टंटमैन मैजिशियन शिवकुमार द्वारा 25 हजार से ज्यादा हाउसफुल मैजिक शो के माध्यम से बेटी बचाओ, स्वच्छ भारत मिशन, नशा मुक्ति और अंधविश्वास के खिलाफ देश प्रेम की झलक से भरपूर जागरूकता संदेश का आमजन तक लाइव प्रदर्शन करने व भारतवर्ष में विभिन्न बुक ऑफ रिकॉर्ड्स कंपनियों द्वारा सम्मानित व हजारों स्वयंसेवी, सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थानों द्वारा एक समाजसेवी के रूप में सम्मानित होने पर इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट रहे फिल्मी सितारों की दुनिया के बेताज बादशाह सीनियर फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा के हाथों एशिया प्राइड अवार्ड 2021 प्रदान किया गया। जो पूरे अलवर जिले के क्षेत्रवासियों हेतु बहुत ही गर्व और खुशी की बात है। बता दे जिले के ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान के एकमात्र स्टंटमैन मैजिशियन शिवकुमार ने विश्व भर में फैली कोरोना महामारी के चलते देश में लगे अघोषित लोग डाउन काल में जो जन जागरूकता हेतु किए गए भारी संख्या में नारा लेखन, असहाय लोगों के लिए भोजन वितरण, क्षेत्र में सैनिटाइजेशन, मास्क वितरण आदि कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। बता दें आर्टिस्ट मानव सेवा समिति के बैनर नीचे भी इसी तरह का भारी संख्या में कोरोना जन जागरूकता का कार्य चला था । जो आर्टिस्ट मानव सेवा समिति बहरोड समाज सेवी संगठन के संरक्षक जादूगर शिव कुमार के निर्देशन में लगभग 60 आर्टिस्टो द्वारा सामूहिक रूप से किया था। जिसको प्रशासन द्वारा भी काफी सराहा गया था।

# स्ट्रीट आर्ट पर चर्चा का आयोजन




» मदरलैंड संवाददाता

जयपुर। जयपुर पैलेट द्वारा रविवार को कलानेरी आर्ट गैलरी में स्ट्रीट आर्ट पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जयपुर के विभिन्न शैलियों के कलाकारों ने भाग लिया और कला के विभिन्न स्तर पर चर्चा की। कार्यक्रम में कला के विभिन्न पहलूओं पर जैसे स्ट्रीट आर्ट के महत्व, कलाकार एवं आमजन स्ट्रीट आर्ट के बारे में क्या सोचते है, स्ट्रीट आर्ट को कैसे बढ़ाया जाए और अन्य मुद्दों पर जयपुर पैलेट के संस्थापक सदस्यों एवं अन्य साथी कलाकारों द्वारा विस्तार में चर्चा परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के एक प्रतिभागी विजय ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि स्ट्रीट आर्ट एक ऐसा विषय है जिसे सौन्दर्य बोधक विषय के रूप में लिया जाना चाहिए। यह लोगों में क्रिएटिव आर्ट के माध्यम से ज्वलंत मुद्दों के प्रति ध्यान आकर्षित करती है और उन्हें जागरूक बनाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट आर्ट का आम समाज में क्या योगदान हो सकता है और कैसे इस आर्ट की सहायता से सामाजिक, वैचारिक व पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता लाना है। जयपुर पैलेट के बारे में इस कार्यक्रम का आयोजन जयपुर पैलेट द्वारा किया गया जो नये कलाकारों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने का प्रयास करता है।

# श्यालूता ग्राम में पेयजल के संकट से ग्रामीण परेशान

» मदरलैंड संवाददाता

- शासन प्रशासन की लापरवाही से ग्रामीणों में रोष
- ग्राम पंचायत से टैंकरों से पेयजल सप्लाई की मांग

राजगढ़ उपखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम स्यालुता मैं पिछले कई महीनों से पेयजल का भारी संकट पैदा हो गया है लोग पेयजल के लिए इधर-उधर भटकते घूम रहे हैं काफी दूरदराज से पीने के पानी की व्यवस्था करने को मजबूर है। संवाददाता को अनेकों ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि पेयजल संकट निवारण के लिए पूर्व पंचायत द्वारा टैंकरों से सप्लाई कराई जाती थी जिससे कुछ काम चलता था लेकिन नई पंचायत गठन के बाद पेयजल सप्लाई टैंकरों से बंद कर दी गई है जिससे ग्रामीणों को पानी पीने की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक कांति मीणा चाहे तो बोरिंग हो सकती है ग्रामीणों ने विधायक से स्यालुता में पेयजल संकट निवारण के लिए सिंगल फेज बोरिंग कराए जाने की मांग की है जब तक बोरिंग नहीं हो तब तक पंचायत से टैंकरों से पेयजल सप्लाई कराने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि आगे चालू होने वाली है पेयजल के अभाव में लोग अंतर परेशान नजर आ रहे हैं पेयजल का निवारण करने की शासन प्रशासन से प्रबल मांग की गई है।

# प्रथम मथुरा दास माथुर चेलेन्जर टूनार्मेंट

## मानस की औल राउड परफॉरमेंस से जीता मथुरा दास माथुर ने

» मदरलैंड संवाददाता

जयपुर। रेलवे स्टेडियम गणपति नगर में हो रहे प्रथम मथुरा दास माथुर चैलेंजर प्रीमियर लीग कप के दूसरे चरण में आज हुए पहले मुकाबले मे मथुरा दास माथुर11 ने को चित्रांश स्पोर्ट्स अकादमी को 6 विकेटों से हराया।प्रतिभागियो का उत्साह बढाने के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व कोच न.क. शर्मा ने मैच खिलाडियों से परिचय किया एवं टॉस करवाया। कायस्थ स्पोर्ट्स क्लब के मुख्य प्रबंधक, रवि माथुर ने बताया कि मथुरा दास माथुर11 ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग की और चित्रांश स्पोर्ट्स अकादमी को अपने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 150 रन ही बनाने दिए जिसे मथुरा दास माथुर11 ने 4 विकेट खो कर 18 अवरों मे बना लिया। चित्रांश स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से दिनेश स्वरुप ने सबसे ज्यादा 6 चौकों की मदद से 39 रन बनाये और परेश नाग ने 2 विकेट लिये। मथुरा दास माथुर11 की ओर से मानस माथुर की औल राउड परफॉरमेंस के लिए उन्हे मैन ऑफ द मैच मिला। ये पुरुस्कार श्रीवास्तव सोसाइटी ऑफ राजस्थान के द्वारा 1100 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया ।मानस ने गेंदबाजी में 23 रन पर 3 विकेट चटकाने तथा बल्लेबाजी में 4 चौकों और 1 छक्कों की मदद से 28 रन। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष, अरुण सक्सेना ने बताया कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं कायस्थ स्पोर्ट्स क्लब (कायस्थ जनरल सभा जयपुर से संबद्धित संस्था) के संयुक्त तत्वाधान में खेले जा रहे इस टूनार्मेंट में दिन का दूसरा मुकाबला मेरीडियन स्पोर्ट्स क्लब और माथुर सभा के बीच हुए इस मैच में मेरीडियन स्पोर्ट्स क्लब ने माथुर सभा पर 20 रनों से जीत हासिल की। टॉस जीत हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरीडियन स्पोर्ट्स क्लब ने अपने 20 ओवरों में 9 विकेट खो कर 160 रन बनाए जिसके जवाब में ने माथुर सभा 8 विकेट खो कर 141 रन ही बना पाया। कायस्थ स्पोर्ट्स क्लब की ओर से मैच के मैन ऑफ द मैच रहे चर्चिल माथुर ने बल्लेबाजी में 18 गेंदों पर 1 चौके और 4 छक्कों की मदद से 31 रन बनाये व गेंदबाजी में मात्र 28 रन दे कर 3 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कायस्थ जनरल सभा जयपुर के डिप्टी कोर्डिनेटर श्री राकेश श्रीवास्तव द्वारा नगद 11 सो रुपए का दिया गया। माथुर सभा की ओर से गेंदबाजी में सुमित ने 17 रन दे कर 2 विकेट लिये और बल्लेबाजी में रोहन ने 4 चौके की मदद से 49 रन बनाये।

## ढंडेरा, सुनेहरा में निकली शोभायात्राएं, रामपुर, तालाब में हुआ हवन

» राजकुमार





रुड़की। शहर देहात में दूसरे दिन भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती की धूम रही। ढंडेरा, सुनेहरा में शोभायात्राएं निकाली गई तो रामपुर, पश्चिमी अम्बर तालाब में भण्डारो का आयोजन हुआ। विभिन्न कार्यक्रमों में संत रविदास को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने जातपात का भेद समाज से मिटाया और समाज में शिक्षा, अनेकता में एकता का संदेश दिया। इस मौके पर निकाली गईं आकर्षक झांकियों ने सबका मन मोह लिया। रविवार को ढंडेरा में निकाली गई शोभायात्रा का प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य उदय सिंह पुंडीर ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास पूरी मानव जाति के कल्याण के लिए समर्पित रहे। उन्होने सभी को अध्यात्म व प्रेम, भाईचारे का पाठ पढ़ाया। ग्राम प्रधान पति यशपाल सिंह, समाजसेवी पप्पू ठेकेदार ने कहा कि संत रविदास महान संतक और महान समाज सुधारक रहे। उन्होने जात-पात के भेदभाव पर वार करने के साथ ही पाखण्ड और अन्य सामाजिक बुराईयो पर भी वार किया। आज सभी को संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर शोभा यात्रा संचालक उप प्रधान अनिल कुमार, ठेकेदार रफल, मुकेश, योगेंद्र, राजेश तेगवाल, नरेश कुमार, अरुण, देवेश शर्मा, उदय सिंह, अनिल पुंडीर, समाजसेवी धीर सिंह मोहनपुरा, राव असलम, साजिद, गोविंद चन्ना, विरेंद्र, मौजुद रहे। उधर संत शिरोमणि गुरु रविदास के 644वें जन्मोत्सव पर सुनहरा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका उद्घाटन विधायक फुरकान अहमद, समिति अध्यक्ष सोमपाल सिंह व अरविंद प्रधान ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ओर समाज को तरक्की के लिए गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलना होगा, तभी समाज व युवा पीढ़ी का उद्धार हो सकेगा। संतों में पहला स्थान रखने वाले महान संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज मे फैली कुरीतियों का समूल नाश करते हुए सर्व समाज को एक नई राह दिखाई। आज हम सभी उनके आदर्शो का अनुसरण कर अपना जीवन सफल बनायें। समिति अध्यक्ष व प्रधान अरविंद नागयान ने सभी क्षेत्र व प्रदेश वासियों को गुरु रविदास जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सब संत शिरोमणि गुरु रविदास के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराये। संत रपिदास ने मन चंगा, तो कठौते में भी गंगा कहावत को सिद्ध कर समस्त संत समाज के प्रेरणादायक बनकर समाज की कुरीतियों को जड़ से खत्म कर समाज को एक नई दिशा देने का काम किया। इस मौके पर अजब सिंह, फकीर चंद, परसराम, अजय, संजय, मनोज, अमित, संजू, कुशलपाल, प्रदीप, अशोक, जनेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, नवीन, रजत, मांगेराम, सुनील, रमेशचंद्र, गुलाब सिंह, भूपेंद्र, सुनील कुमार, अनिल, पिंटू, राजू मौजूद रहे।

## संत रविदास से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े एससी समाजः चतरसेन



» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। संत शिरोमणि गुरू रविदास जयंती पर रविवार को भी क्षेत्र में जगह-जगह हवन, भण्डारो व शोभायात्राओं का आयोजन हुआ। जगह-जगह एससी समाज के लोगों ने परिवारों समेत मंदिरो में पहुंचकर मत्था टेका और संत रविदास का अनुसरण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। क्षेत्र में गोकलपुर, भक्तोवाली, बेहड़े की सैदाबाद में भव्य शोभायात्राओ का आयोजन किया गया। वहीं लाठरदेवा में हवन व भण्डारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे दायित्वधारी सुरेंद्र मोगा व भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री चतरसेन ने समाज को संत रविदास के जीवन के विषय में बताते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आहवान किया। दजार्धारी सुरेंद्र मोगा ने कहा कि संत रविदास ने समाज को एक सूत्र में बांधने और जात-पात के भेदभाव व पाखण्ड को समाप्त करने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होने मन चंगा तो कठौती में गंगा की कहावत को भी चरितार्थ करके दिखाया। भाजपा प्रदेश मंत्री चतरसेन ने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास वास्तव में एक महान संत और समाज सुधारक रहे। उन्होने कठौती में मां गंगा को प्रकट करके अपने अध्यात्म की शक्ति को भी साबित किया और पाखण्ड पर वार कर पूरी मानव जाति को प्रेम, भाईचारे व अध्यात्म का पाठ पढ़ाया। चतरसेन ने कहा कि महापुरूषों के अनुसरण और उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज आगे बढ़ सकता है। आज भी समाज को बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने और नशाखोरी, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। जिला मंत्री आशीष कुमार ने कहा कि संत रविदास के जन्मोत्व पर आज सभी को समाज की एकजुटता, बच्चों की शिक्षा और नशाखोरी, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराईयो के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेने की जरूरत है। भक्तोंवाली, बेहडेकी सैदाबाद में शोभायात्रा में संत शिरोमणि रविदास, बाबा भीमराव अंबेडकर, मीराबाई, एपीजे अब्दुल कलाम, भारतीय सेना आदि की झांकियां लोगों का मन मोह रही थी। शोभायात्रा में बैंड बाजों, डीजे पर संत रविदास के भजनों और गीतों से लोगों के मन प्रफुल्लित हो गए। भक्त गण नृत्य करते हुए शोभायात्रा में संत रविदास के जयकारे लगाते नजर आए। शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांव में घूमने के बाद अमर जवान चैक झबरेड़ा से मेन बाजार, पुराना बाजार, मोहल्ला छावनी, मोहल्ला हरिजनान, झबरेड़ा रविदास मंदिर, शिव चैक व मेन मार्ग से होते हुए भक्तोंवाली रविदास मंदिर पर सम्पनन्न हुई। इस अवसर पर प्रमोद सुशील अजब सिंह महेंद्र सुदेश रानी सन्नी कंवरपाल धर्मवीर अमर सिंह अजीत विकास ईश्वर सैंकी डाबर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीपीयू की कार्यप्रणाली से नाराज दिखे विधायक







मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। डीजीपी के जनसंवाद में सत्तारूढ़ दल के साथ ही विपक्षी दल के विधायक सीपीयू की कार्यप्रणाली से बेहद नाराज दिखाई दिए। जनसंवाद के दौरान कांग्रेस व भाजपा विधायकों ने सीपीयू पर चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया है। रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने जनसंवाद के दौरान कहा कि रुड़की शहर के नए क्षेत्रों में लगातार अपराधों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए पुलिस को योजना बनाने की जरूरत है ताकि बढ़ती घटनाओं पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने सीपीयू पर वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सीपीयू की ड्यूटी हाईवे पर होनी चाहिए लेकिन सीपीयू के जवान शहर के चैराहों पर बेमतलब लोगों को परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस के कलियर विधायक फुरकान अली ने भी सीपीयू द्वारा वाहनों के ताबड़तोड़ चालान काटे जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इसका जल्द समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने पुलिस पर फर्जी मुकदमे दर्ज करने पर भी नाराजगी जताई। कांग्रेस की भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने जनसंवाद के दौरान डीजीपी को अवगत कराया कि भगवानपुर की सीमा में आसानी से बाहरी लोग प्रवेश कर जाते हैं। इन लोगों का सत्यापन भी नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेशों के लोग आसानी से नौकरी कर चले जाते हैं। लेकिन पुलिस इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है। सीपीयू को लेकर विधायक ममता राकेश ने कहा कि सीपीयू के जवान वाहन चेकिंग के नाम पर दस दस के चालान काट रहे हैं जिसका भुगतान करना आम आदमी के बूते से बाहर है। जिस पर डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस सिर्फ दो हजार तक का चालान काट सकती है। इसके लिए पुलिस को नए नियमों से अवगत करा दिया गया है।

### जीजीआईसी मंगलौर में पढ़ाया कैडेटो को अनुशासन का पाठ




मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। राजकीय महाविद्यालय मंगलौर के प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्वयंसेवी छात्राओं को अनुशासन और कठिन परिश्रम का पाठ पढ़ाया गया। शिविर का उदघाटन महाविद्यालय प्राचार्य डीएस नेगी ने किया। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई समाज और राष्ट्र सेवा के कार्यो में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। स्वयंसेवी छात्राएं अनुशासन और कठिन परिश्रम को ध्यान में रखकर अपनी मंजिल की तरफ बढ़े। सफलता को छूने का यही मूल मंत्र भी है। कार्यक्रम अधिकारी डा. तीर्थ प्रकाश व इकाई लिपिक सीमा रतूड़ी ने स्वयंसेवियो को उनके कार्य समझाते हुए शिविर में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारने का आहवान किया। सुबह 8 बजे से शिविर का शुभारंभ हुआ। इसके बाद सभी स्वयंसेवी छात्राओं ने सफाई अभियान चलाते हुए प्रांगण को स्वच्छ बनाया और आजीवन अच्छे संकल्प को दोहराया। ताकि अच्छे नागरिक बने और बेहतरीन राष्ट्र का निर्माण कर सके। शिविर के समापन पर स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। जिसने सभी का मन मोह लिया।

## शिक्षक एसोसिएशन ने समझाई नई शिक्षा नीति की बारिकियां

» मदरलैंड संवाददाता



देहरादून। नई शिक्षा नीति पर एससी एसटी शिक्षक एसोसिएशन उत्तराखंड के बैनर तले महादेवी कन्या इंटर कालेज देहरादून में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। इसमें प्रांतीय महामंत्री जितेन्द्र सिंह बुटोईया, गढ़वाल मंडल के सभी जिलाध्यक्षो, जिला महामंत्री व सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। राम लाल आर्य ने मंच संचालन के साथ-साथ नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी। पूर्व शिक्षा निदेशक चन्द्र सिंह ग्वाल ने नई शिक्षा नीति को बड़े सरल और सहज भाव से समझाया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं संरक्षक सोहनलाल ने नई शिक्षा नीति पर इसके लागू होने से अभी क्या-क्या कार्य इसमें होने है उसे विस्तार से बताया। जिलाध्यक्ष पौड़ी गढ़वाल बिजेंद्र कुमार आर्य व जिलाध्यक्ष चमोली दिनेश चन्द्र शाह ने भी अपने-अपने विचारों से अवगत कराया। हरिद्वार जिलाध्यक्ष मेघ राज सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को मंजूरी दे दी। नई शिक्षा नीति में 102 के फार्मेट को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। अभी तक देश में स्कूली पाठ्यक्रम 102 के हिसाब से चलता है लेकिन अब ये 5.3.3.4 के हिसाब से होगा। इसका मतलब है कि प्राइमरी से दूसरी कक्षा तक एक हिस्सा, फिर तीसरी से 5वीं तक दूसरा, छठी से 8वीं तक तीसरा और नौंवी से 12 तक आखिरी हिस्सा होगा। पहले 3 साल बच्चे आंगनबाड़ी में प्री-स्कूलिंग शिक्षा लेंगे। फिर अगले दो साल कक्षा एक एवं दो में बच्चे स्कूल में पढ़ेंगे। इन 5 सालों की पढ़ाई के लिए एक नया पाठ्यक्रम तैयार होगा। मोटे तौर पर एक्टिविटी आधारित शिक्षण पर ध्यान रहेगा। इसमें तीन से आठ साल तक की आयु के बच्चे कवर होंगे। इस प्रकार पढ़ाई के पहले 5 साल का चरण पूरा होगा। तीसरे हिस्से में कक्षा 3 से 5 की पढ़ाई 8 से 11 वर्ष तक के लिए गणित विज्ञान आदि विषय पर आधारित होगी। इसके बाद कक्षा 6 से 8 तक के लिए 11 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए कौशल विकास पर जोर दिया जाएगा। इसके बाद कक्षा 9 से 12 तक के लिए विषयों का सहज अध्ययन कराया जाएगा। जिससे बच्चों की रटने की प्रवृत्ति खत्म होगी जिससे बोर्ड की परीक्षाओं में बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं बढ़ेगा। सेमिनार को एससी एसटी एम्प्लाइज फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष करम राम, रणबीर सिंह तोमर, आशा टम्टा, मंजली आर्य, वृक्ष मित्र त्रिलोक चंद सोनी, अनूप कुमार पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कमल आदि ने संबोधित किया। सेमिनार में हरिद्वार जिला महामंत्री जीत पाल सिंह, कीरत पाल सिंह, सुधीर कुमार, योगेन्द्र समशेर जंग, हर्ष वर्धन, धीरज कुमार, महेश चंद्र, लखपत सिंह, सुदीप आर्य, राकेश चन्द्र, संजीव कुमार, भीम लाल मेहरा, शिवचरण आर्य, इन्द्र पाल, बिशम्भर सिंह भांकला आदि दूरदराज से शिक्षक पहुंचे।

## केवी-1 में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, एनकेईसी में चला स्वच्छता अभियान

» मदरलैंड संवाददाता





रुड़की। केंद्रीय विद्यालय न.-1 रूड़की में विज्ञानं दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी वेंकट रमन द्वारा रमन इफेक्ट के आविष्कार की याद दिलाता है। इसी तारीख को सर रमन ने 1928 में रमन इफेक्ट का आविष्कार किया था। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञानं दिवस की थीम रखी गई है-फ्यूचर आफ साइंस टेक्नोलाजी एंड इनोवेशन इंपेक्ट ऑफ एजुकेशन, स्किल एंड वर्क विषय पर पूरे सप्ताह विभिन्न प्रतियोगिताएं, हिंदी, अंग्रेजी में भाषण प्रतियोगिता, ऑनलाइन विज्ञानं प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग आयोजित की गई जिसमे छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। हिंदी भाषण प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप में अभिनव (कक्षा 6 अ), प्राप्ति (कक्षा 8 ब) प्रथम व सीनिअर ग्रुप में छवि (कक्षा 12 अ) प्रथम स्थान पर रहे। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप में प्रियांशी वर्मा (कक्षा 7अ) प्रथम व सीनिअर ग्रुप में नैंसी (कक्षा 10 अ) प्रथम रही। ऑनलाइन विज्ञानं प्रदर्शनी में देवांश गुप्ता (कक्षा 9 ब) प्रथम, तेजस त्यागी (कक्षा 11अ) द्वितीय व अपूर्वा थपलियाल (कक्षा 11 ब) एवं ईशान गुप्ता (कक्षा 7 अ) तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग सीनियर ग्रुप में दक्ष ((कक्षा 9 स) प्रथम, जूनियर ग्रुप में सोनिका (कक्षा 6 स) व मणि सत्यम (कक्षा 6 स) प्रथम स्थान पर रहे। ऑनलाइन विज्ञानं प्रश्नोत्तरी में स्नेहा (कक्षा 11 द) प्रथम रही। आईआईटी रूड़की में विज्ञानं दिवस पर आयोजित अंतर्विद्यालयी ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता के जूनियर केटेगरी में केवि नं.-1, रूड़की कक्षा 7जी अ के ईशान गुप्ता प्रथम रहे। सीनियर केटेगरी में कक्षा 9जी ब के देवांश गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार मिला। अंतर्विद्यालयी ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में केवि न..-1, रूड़की को दूसरा स्थान मिला इसमे कक्षा 12जी के छवि, अक्षय राज कटारिया, आयुषी, विनीत ने प्रतिभाग किया। ये दोनों प्रतियोगिताएं आईआईटी रूड़की ने आयोजित कराई। इसमे विद्यालय के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्राचार्य वीके त्यागी ने कहा कि इसी तारीख को सर रमन ने 1928 में रमन इफेक्ट का आविष्कार किया था। विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए सर रमन को वर्ष 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रसिद्ध भारतीय भौतिक विज्ञानी के प्रति हम अपनी गरिमा और सम्मान दिखाते हैं। उप प्राचार्या अंजू सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में बताना और विज्ञान, प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। उधर नेशनल कन्या इण्टर कालेज खानपुर के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रों को स्वच्छता का महत्व समझाया। कहा कि स्वच्छता एक्शन प्लान के अन्तर्गत गतिविधियों से गावों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की एक नई लहर उठने लगी है। रविवार को एनएसएस स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वयंसेवी युवाओं द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता और सफाई के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। विद्यालय परिसर की सफाई करना उसका एक संदेशात्मक कार्य है। रोशन, मिनाक्षी, ममता, शालू, सुन्दर सिंह, सुमित कुमार, शिवांशु शर्मा के नेतृत्व में अंशिका, मंजू, खुशी, प्रीति, काजल ने टोली में बंटकर विधालय परिसर की सफाई की। स्वयंसेवियों ने एनएसएस वाटिका, गमलों आदि को रंग करके सजाया, फुलवारी की निराई-गुडाई की। कार्यक्रम के डे-कमाण्डर सुमित कुमार रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी बलराम गुप्ता, विशाल कुमार, अंकित कुमार, संजय कुमार, बृजपाल, सुन्दर, नीलम मौजुद रहे।

## संत रविदास ने दिया पूरी मानवता जाति को भाईचारे का संदेश

» मदरलैंड संवाददाता



बहादराबाद। क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन संत रविदास जयंती के उपलक्ष में हवन, भण्डारे व शोभायात्राओं का आयोजन जारी रहा। ग्राम अलीपुर बहादराबाद में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती आस्था और उल्लास के साथ मनाई गई। हवन के बाद मंदिर में भण्डारे का आयोजन हुआ। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान भाषण, कविता आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन हरिद्वार के अध्यक्ष मेघराज सिंह ने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रदिास महान समाज सुधारक के साथ ही महान संत भी रहे। उन्होने समस्त मानव जाति के कल्याण को काम किया और जात-पात के भेदभाव, पाखण्ड पर वार करने के साथ ही सबको अध्यात्म, प्रेम व भाईचारे का पाठ पढ़ाया। जिला संरक्षक मास्टर योजगराज सिंह, त्रिलोकीनाथ ने कहा कि संत रविदास ने ऐसे समय में एससी समाज में जन्म लिया, जब जात-पात का भेदभाव, पाखण्ड चरम पर था, लेकिन उन्होने इससे हार नहीं मानी, बल्कि इसका डटकर मुकाबला किया और प्रेम, भाईचारे व अध्यात्म से उन्होने सबको एकता का मार्ग दिखाया। संत रविदास ने नशाखोरी आदि से दूर होकर एक सूत्र में बंधे रहने और शिक्षा की तरफ बढ़ने का संदेश दिया। महामंत्री जीतपाल सिंह व पत्रकार प्रवीण तेगवाल ने कहा कि आज समाज को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

## मकान से उडाए गहने, नकदी

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। चोरों ने बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। छत के सहारे चोर घर के अंदर घुसे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। साउथ सिविल लाइंस निवासीं विनीत तोमर ने बताया कि रात करीब 8 बजे वह मकान में ताला लगाकर परिवार के साथ एक शादी में गए थे। करीब 10 बजे लौटे तो घर के एक कमरे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और उसमें रखे सोने के आठ तोले के जेवर और एक किलो चांदी गायब थी। विनीत ने बताया कि वह छत पर गए तो सीढ़ी का दरवाजा खुला हुआ था। चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश किया। उसी कमरे का ताला तोड़ा, जिसमें जेवर रखे थे। उन्होंने चोरी की तहरीर पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी राजेश साह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जिस तरह वारदात को अंजाम दिया है, उससे आशंका जताई जा रही है कि चोर घर से पूरी तरह से परिचित थे। उन्हें यह भी पता था कि किस कमरे में जेवर रखे हुए हैं। साथ ही यह भी जानकारी थी कि परिवार शादी में गया हुआ है। पुलिस आसपास के लोगों से जानकारी ले रही है। साथ ही घर में आनेजाने वालों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

## शाहीन की हिम्मत को सलाम कर रहा पूरा क्षेत्र

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। हिम्मत और जज्बा हो तो बड़ी से बड़ी कठिनाई आसान हो जाती है। मामला महिला द्वारा ई रिक्शा चलाकर बच्चों के पालन पोषण करने का हो तो और अजीब लगता है। महिला द्वारा शहर की गलियों में रिक्शा चलाकर बच्चों का पेट भरने वाली पानीपत निवासी शाहीन आधी आबादी के लिये एक नजीर बन कर सामने आई है। शहर की गलियों में जब वह ई रिक्शा लेकर निकलती हैं तो लोग भी उनके जज्बे को सलाम करते हैं। पति की मौत के बाद परिवार को पालने के लिए ई रिक्शा चलाने वाली शाइन महिलाओं के लिए नजीर बन गई हैं। क्षेत्र में पहली महिला चालक को शाइन को रिक्शा चलाते देख पुरुष चालक भी उनके जज्बे को सलाम करते हैं। मूल रूप से हरियाणा के पानीपत के मोहल्ला इमाम साहब निवासी 45 वर्षीय शाहीन के पति की करीब 6 साल पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी। शाहीन का एक बेटा और दो बेटियां हैं। पति की मौत के बाद उनके सामने परिवार चलाने की पहाड़ सी चुनौती थी। बच्चे छोटे होने के कारण सारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। बकौल, शाइन उन्होंने पहले पानीपत में रहकर मजदूरी की, लेकिन घर चलाना मुश्किल था। इस पर उन्होंने ई रिक्शा चलाने की ठानी। पहले किराये पर ई रिक्शा ली और पानीपत में ही चलाना शुरू किया। शाइन बताती हैं कि पहले तो रिक्शा चलाते थोड़ी हिचक लगी और लोगों ने मजाक भी बनाया, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। बाद में धीरे-धीरे लोगों ने मजाक बनाना छोड़ दिया। अब वह पिरान कलियर में किराये का मकान लेकर बच्चों के साथ रह रही हैं। उन्होंने अपना रिक्शा खरीद लिया है। करीब दो महीने पहले वह पानीपत से यहां आई थीं। तभी से वह कलियर और रुड़की में ई रिक्शा चलाकर अपने बच्चों को को पाल रही हैं। शाहीन बताती हैं कि रुड़की और पिरान कलियर में भी ई रिक्शा चलाते देख लोगों ने मजाक बनाया, लेकिन अब ऐसा नहीं है। कोई भी काम छोटा और बड़ा नहीं होता है। बस उसे दिल और पूरी ईमानदारी से किया जाना चाहिए। शाहीन को शहर और कलियर की गलियों में ई रिक्शा चलाते देख बाजार आने वाली महिलाएं रुक जाती हैं। शाहीन बताती हैं कि कई महिलाओं ने उनसे पूछा है कि वह कैसे ई रिक्शा चला लेती हैं। उन्हें रात को डर नहीं लगता है। इस पर वह कहती हैं कि रात में सुरक्षा के लिए पुलिस है और साथी ई रिक्शा चालक हैं। आज तक उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। ई रिक्शा चलाकर बच्चों को पालने वाली शाइना को कई मोर्चो पर समाज के लोगो से मुकाबला करना पड़ रहा है।शाइना बताती है कि पहले तो उसने पानीपत में ई रिक्शा चलाया लेकिन बाद में वह रुड़की आ गई पिछले दो माह से यहां ई रिक्शा चला रही है।अपनी बेबसी पर रोते हुए शाइना बताती है कि इस दौरान उसे लोगो खासतौर पर कुछ महिलाओं के तानो का भी सामना करना पड़ रहा है। कुछ। महिलाए उस पर अजीबोगरीब ताने मारती है।बताया कि कई बार उसने ई रिक्शा छोड़ने की सोची लेकिन समाज की परवाह किये बगैर उसके कदम आगे बढ़ते गये।उसे कौन किया कह रहा उसे उसकी जरा भी चिंता नही है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# कोरोना के कारण महाराष्ट्र के 96 प्रतिशत लोगों की आय में आई कमी: सर्वे

**मुंबई।** कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पिछले साल लगाए गए लॉकडाउन के दौरान महाराष्ट्र के लगभग 96 प्रतिशत लोगों की आमदनी में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य में अन्न अधिकार अभियान के तहत किए गए सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। अन्न अधिकार अभियान के लिए राज्य की समन्वयक मुक्ता श्रीवास्तव ने बताया कि आमदनी में कमी आने का मुख्य कारण नौकरियां जाना और कार्य की अनुपलब्धता थी। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण में शामिल हर पांचवें व्यक्ति को भोजन



खरीदने के लिए पैसा नहीं होने के कारण भूखे रहने पर मजबूर होना पड़ा। इस अभियान के तहत खाद्य एवं पोषण क्षेत्र के कार्यकताओं के एक समूह ने पिछले साल मई और सितंबर में मुंबई, ठाणे, रायगढ़, पुणे, नंदुरबार, सोलापुर, पालघर, नासिक, धुले और जलगांव में कुल 250 लोगों का सर्वेक्षण किया। केंद्र ने देश में कोविड-19 महामारी के कारण पिछले साल मार्च में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसके कुछ महीने बाद प्रतिबंधों में धीरे-धीरे ढील दी गई थी। जिन लोगों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया, उनमें से 96 प्रतिशत लोगों की आमदनी में कमी आई है और लॉकडाउन हटने के पांच महीने बाद तक उनकी स्थिति ऐसी ही रही। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को सर्वेक्षण में शामिल किया है, उनमें से 52 प्रतिशत लोग ग्रामीण इलाके के रहने वाले हैं और शेष लोग शहरी इलाकों के रहने वाले हैं। इनमें से 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। लॉकडाउन से पहले करीब 70 प्रतिशत लोगों की मासिक आय सात हजार रुपए थी और शेष लोगों की मासिक आय तीन हजार रुपए थी। उन्होंने कहा कि पहले से ही इतनी कम आय में भी गिरावट इस बात को रेखांकित करती है कि संक्रमण का इन लोगों पर कितना बुरा असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया, उनमें से करीब 49 प्रतिशत लोगों को भोजन खरीदने के लिए अपने मित्रों एवं संबंधियों से धन उधार लेना पड़ा।

# एफपीआई ने फरवरी में भारतीय बाजारों में 23,663 करोड़ डाले

**नई दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) चालू कैलेंडर वर्ष में लगातार दूसरे महीने शुद्ध निवेशक बने हुए हैं। आम बजट को लेकर सकारात्मक धारणा तथा कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे अच्छे रहने के बीच एफपीआइ ने फरवरी में भारतीय बाजारों में 23,663 करोड़ रुपए का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार 1-26 फरवरी के दौरान एफपीआइ ने शेयरों में 25,787 करोड़ रुपए डाले, लेकिन उन्होंने ऋण या बांड बाजार से 2,124 करोड़ रुपए निकाले भी। इस तरह भारतीय



बाजार में उनका निवेश 23,663 करोड़ रुपए रहा। पिछले महीने एफपीआइ ने भारतीय बाजारों में 14,649 करोड़ रुपए डाले थे। बाजार के जानकारों के मुताबिक इस महीने एफपीआई के प्रवाह में मुख्य वजह आम बजट और कंपनियों के अच्छे तिमाही नतीजे रहे। अमेरिका में 10 साल के बांड पर प्राप्ति बढ़ने से एफपीआई का प्रवाह सुस्त पड़ा है। उन्होंने कहा कि पूंजी प्रवाह में अमेरिका के 10 साल के बांड पर प्राप्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। मुद्रास्फीति को लेकर बांड पर प्राप्ति बढ़ रही है। इससे पूंजी का प्रवाह सुस्त पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमत 28 फरवरी को नहीं बदली है। रविवार को दिल्ली के बाजार में पेट्रोल 91.19 रुपए और डीजल 1.47 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहा। इस समय लगभग हर शहरों में दोनों ईधनों के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पर चल रहे हैं। लगभग सभी शहरों में पेट्रोल सार्वकालिक उच्च स्तर पर चला गया है। र्फ इस साल जनवरी और फरवरी की बात करें तो 25 दिनों मे ही पेट्रोल 7.36 रुपए महंगा हो चुका है। पेट्रोल के साथ-साथ डीजल भी आसमान में पहुंच गया है। कल ही यह 17 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था, जबकि बीते बुधवार को ही यह 35 पैसे महंगा हुआ था। इस महीने 14 दिनों में इसकी कीमत में 4.01 रुपए का इजाफा हो चुका है। नए साल में देखें तो करीब डेढ़ महीने में 25 दिन ही डीजल के दाम बढ़े, लेकिन इतने दिनों में ही डीजल 07.60 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। भोपाल में यह 89.76 रुपए के भाव से बिक रहा है। यह भी सर्वकालिक उच्चतम स्तर है। दिल्ली में पेट्राल 91.19 रुपए प्रति लिटर, डीजल 81.47 रुपए प्रति लिटर, मुंबई पेट्रोल 97.57 रुपए प्रति लिटर, डीजल 88.60 रुपए प्रति लिटर, चेन्नै में पेट्रोल 93.17 रुपए प्रति लिटर, डीजल 86.45 रुपए प्रति लिटर, कोलकाता में पेट्रोल 91.35 रुपए प्रति लिटर, डीजल 84.35 रुपए प्रति लिटर और भोपाल में पेट्रोल 99.21 रुपए प्रति लिटर और डीजल 89.76 रुपए प्रति लिटर है।

### सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.2 लाख करोड़ घटा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,19,920.71 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में ही बढ़ोतरी हुई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 81,506.34 करोड़ रुपए घटकर 10,71,263.77 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 2,202.12 करोड़ रुपए घटकर 8,45,552.53 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 18,098.57 रुपए घटकर 4,13,078.87 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 11,536.32 करोड़ रुपए के नुकसान से 5,00,937.14 करोड़ रुपए, एचडीएफसी का मूल्यांकन 35,389.88 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 4,57,518.73 करोड़ रुपए, इन्फोसिस का 16,613.57 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 5,33,487.07 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 15,712.46 करोड़ रुपए घटकर 3,15,653.33 करोड़ रुपए, कोटक महिंद्रा बैंक की बाजार हैसियत 30,695.43 करोड़ रुपए घटकर 3,53,081.63 करोड़ रुपए, एसबीआई के बाजार मूल्यांकन 8,166.02 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 3,48,138.34 करोड़ रुपए और इसके विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 2,092.01 करोड़ रुपए बढ़कर 13,21,044.35 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

### एक्सिस बैंक में फिर सार्वजनिक शेयरधारक बनेगी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस

नई दिल्ली। एक्सिस बैंक ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को फिर से सार्वजनिक श्रेणी के निवेशक के रूप में वगीर्कृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस प्रवर्तक श्रेणी में वगीर्कृत है। एक्सिस बैंक ने शेयर बाजारों से कहा कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रावधानों के तहत उसके प्रवर्तकों में से एक यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस ने खुद को पुनः सार्वजनिक शेयरधारक के रूप में वगीर्कृत करने का 26 फरवरी 2021 को एक पत्र के माध्यम से अनुरोध किया। निदेशक मंडल की बैठक में उस पत्र पर विचार किया गया। निदेशक मंडल ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया। निदेशक मंडल की मंजूरी को अभी शेयर बाजारों, नियामकीय प्राधिकरणों और बैंकों के शेयरधारकों की हरी झंडी मिलनी शेष है।

### हमें चीन के साथ ट्रेड जारी रखना चाहिए: राजीव बजाज

मुंबई। बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने चीन के साथ व्यापार जारी रखने का पक्ष लेते हुए कहा कि वस्तुओं की खरीद वहीं से की जानी चाहिए, जहां वे अधिक प्रतिस्पर्धी दर पर उपलब्ध हैं। बजाज एशिया ह्यइकोनॉमिक डायलॉग 2021ह्य शीर्षक आर्थिक परिचर्चा के दौरान भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने पर एक सत्र में बोल रहे थे। यह तीन दिवसीय आभासी आयोजन विदेश मंत्रालय और पुणे इंटरनेशनल सेंटर ने मिलकर किया है। बजाज ने यह भी कहा कि व्यापार करने में सुगमता के संदर्भ में आसियान देशों में से एक में कारोबार करना निश्चित रूप से उसकी तुलना में आसान है, जिसका सामना हम भारत में करते हैं। बजाज ने कहा, ह्यह्यऔर इसीलिए मेरा मानना है कि हमें चीन के साथ व्यापार करना जारी रखना चाहिए, क्योंकि अगर हम अपना व्यापार इतने बड़े देश, इतने बड़े बाजार के साथ बंद करते हैं, तो हम समय के साथ खुद को अधूरा पाएंगे और हमें नुकसान होगा।

# चाबहार पर व्यापार बढ़ाने छूट दे रहे हैं जेएनपीटी और दीनदयाल बंदरगाह

**नई दिल्ली।** ईरान के चाबहार बंदरगाह पर व्यापार बढ़ाने के लिए जवाहर लाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीटी) तथा दीनदयाल बंदरगाह जहाज और कार्गो शुल्क में रियायत की पेशकश कर रहे हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह बंदरगाह ऊर्जा संसाधन में संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में बना है। बंदरगाह का विकास भारत, ईरान और अफगानिस्तान ने व्यापारिक संबंधों को मजबूती देने के लिए किया है। चाबहार बंदरगाह फारस की खाड़ी के बाहर है और भारत के पश्चिमी तट से यहां पाकिस्तान से गुजरे बिना आसानी से पहुंचा जा



सकता है। मंत्रालय ने कहा कि चाबहार के शाहिद बेहेस्ती बंदरगाह को प्रोत्साहन के लिए जेएनपीटी और दीनदयाल बंदरगाह चाबहार जाने वाले या वहां से आने वाले जहाजों को जहाज शुल्क और कार्गो शुल्क में छूट दे रहे हैं। पिछले छह माह से ट्रांजिट कंटेनरों पर टर्मिनल हैंडलिंग शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

# कोरोना के बाद बीमा सबसे पसंदीदा वित्तीय उत्पाद बना: सर्वे

## महामारी के दौरान 51 प्रतिशत लोगों ने बीमा में निवेश किया

**नई दिल्ली ।** कोविड-19 महामारी के बाद परिवारों को स्वास्थ्य से जुड़ी आपात स्थिति से राहत के लिए बीमा सबसे पसंदीदा वित्तीय उत्पाद बन गया है। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के एक सर्वे के अनुसार अब अधिक संख्या में लोग अगले छह माह में बीमा उत्पादों में निवेश की तैयारी कर रहे हैं। यह उपभोक्ता विश्वास सर्वे एक शोध एजेंसी ने कराया है। इसके जरिये यह जानने का प्रयास किया गया है कि कोविड-19 का उपभोक्ताओं के विश्वास पर क्या प्रभाव पड़ा है। सर्वे में जीवन बीमा सबसे पंसदीदा वित्तीय उत्पाद बनकर उभरा है। इससे न केवल परिवारों को वित्तीय सुरक्षा मिलती




है, बल्कि आपात चिकित्सा खर्च को लेकर भी उनकी चिंता दूर होती है। सर्वे के अनुसार ज्यादातर उपभोक्ता अपनी निवेश योजना के तहत अगले छह माह के दौरान जीवन बीमा उत्पाद खरीदने की योजना बना रहे हैं। यह सर्वे नौ केंद्रों में 1,369 लोगों पर किया गया। सर्वे से यह तथ्य सामने आया है कि महामारी के दौरान 51 प्रतिशत लोगों ने बीमा में निवेश किया। वहीं 48 प्रतिशत लोगों ने स्वास्थ्य से संबंधित बीमा समाधान में पैसा लगाया। यह अन्य वित्तीय संपत्ति वर्ग की तुलना में कही अधिक है। सर्वे में शामिल 50 प्रतिशत लोगों का कहना था कि महामारी के दौरान जीवन बीमा को लेकर उनके विचार में सकारात्मक बदलाव आया है। 49 प्रतिशत ने कहा कि वे अगले छह माह के दौरान जीवन बीमा कवर में निवेश करना चाहेंगे। वहीं 40 प्रतिशत ने स्वास्थ्य बीमा में निवेश का इरादा जताया। सर्वे में यह तथ्य भी सामने आया कि महामारी के दौरान 30 प्रतिशत लोगों ने पहली बार जीवन बीमा में निवेश किया। वहीं 26 प्रतिशत लोगों ने पहली बार स्वास्थ्य सबंधी बीमा समाधान में निवेश किया। 62 प्रतिशत ने सर्वे में इसका उल्लेख किया। वहीं 84 प्रतिशत ने कहा कि वे कोरोना वायरस की वजह से खुद के तथा परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। 61 प्रतिशत का कहना था कि वे अपने परिवार को लेकर चिंतित हैं और इस समय उनकी सबसे बड़ी चिंता आर्थिक सुस्ती है।

# बीएमडब्ल्यू ने आर नाइन टी और आर नाइन टी स्क्रैम्बलर को भारतीय बाजार में उतारा

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने अपनी बीएमडब्ल्यू आर नाइन टी और आर नाइन टी स्क्रैम्बलर को भारत में लांच कर दिया है। कंपनी ने भारतीय बाजार में आर नाइन टी स्क्रैम्बलर की एक्स-शोरूम कीमत 16.75 लाख रुपये रखी है। वहीं, इसके आर नाइन टी की कीमत 18.50 लाख रुपये है। इन दोनों ही मोटरसाइकिलों की बुकिंग शुरू हो गई है। ग्राहक कंपनी की आधिकारिक डीलरशिप पर इन्हें बुक कर सकते हैं। इन मोटरसाइकिलों में नियो-रेट्रो डिजाइन दिया गया है। इसमें नया डिजाइन किया हुआ सर्कुलर इंस्ट्रूमेंट कंसोल के साथ एनोलॉग स्पीडोमीटर डिस्प्ले और इंटीग्रेटेड इंडिकेटर लाइट्स और मेटल केसिंग दी गई है। दोनों ही मॉडल्स में एलईडी हेडलाइट्स और डेटाइम रनिंग लाइट्स दी गई है। दोनों ही मोटरसाइकिलों में पावर के लिए 1,170 सीसी का 2-सिलिंडर वाला एयर/ऑयल कूल्ड इंजन दिया गया है। इनमें लगा इंजन 7,520 आरपीएम पर 109 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 6,000 आरपीएम पर 119 एनएम की पीक टॉर्क जेनरेट करता है। बेहतर राइडिंग अनुभव के लिए इनमें दो राइडिंग मोड्स दिए गए हैं। इनमें रोड और रेन शामिल हैं। आर नाइन टी और स्क्रैम्बलर में 200 किलोमीटर प्रति घंटे की टॉप स्पीड मिलती है। इसके अलावा ये मोटरसाइकिलें महज 3.5 सेकेंड में 0-100 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार हासिल कर लेती है। रेन मोड में हल्के थ्राटल रिस्पान्स के साथ ऑटोमैटिक स्टेबिलिटी कंट्रोल का सेंसिटिव कंट्रोल मिलता है, जिससे लो-ट्रैक्शन पर सुरक्षित राइडिंग मिलती है।

# डिस्कॉम पर बिजली उत्पादकों का बकाया दिसंबर में 24 प्रतिशत बढ़ा

## सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 1,36,966 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर बिजली उत्पादक कंपनियों (जेनको) का बकाया दिसंबर, 2020 में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 1,36,966 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। दिसंबर, 2019 तक डिस्कॉम पर बिजली वितरण कंपनियों का बकाया 1,10,660 करोड़ रुपए था। पेमेंट रैटिफिकेशन एंड एनालिसिस इन पावर प्रोक्यूरमेंट फॉर ब्रिंगिंग ट्रांसपैरेंसी इन इन्वॉयसिंग ऑफ जेनरेशन (प्राप्ति) पोर्टल से यह जानकारी मिली है। बिजली उत्पादकों तथा वितरकों के बीच बिजली खरीद लेनदेन में पारदर्शिता लाने के लिए प्राप्ति पोर्टल मई, 2018 में शुरू किया गया था। दिसंबर, 2020 तक 45 दिन की



मियाद या ग्रेस की अवधि के बाद भी डिस्कॉम पर बकाया राशि 1,27,498 करोड़ रुपए थी। यह एक साल पहले 97,835 करोड़ रुपए थी। पोर्टल के ताजा आंकड़ों के अनुसार दिसंबर में कुल बकाया इससे पिछले महीने की तुलना में घटा है। नवंबर, 2020 में डिस्कॉम पर कुल बकाया 1,40,741 करोड़ रुपए था। दिसंबर, 2020 में डिस्कॉम पर 45 दिन की मियाद की अवधि के बाद बकाया घटा है। नवंबर, 2020 में यह 1,27,539 करोड़ रुपए था। बिजली उत्पादक कंपनियां डिस्कॉम को बेची गई बिजली के बिल का भुगतान करने के लिए 45 दिन का समय देती हैं। उसके बाद यह राशि पुराने बकाये में आ जाती है। ज्यादातर ऐसे मामलों में बिजली उत्पादक दंडात्मक ब्याज वसूलते हैं। भुगतान की मियाद की अवधि समाप्त होने के बाद दिसंबर, 2020 तक डिस्कॉम पर कुल 1,27,498 करोड़ रुपए का बकाया है। इसमें स्वतंत्र बिजली उत्पादकों का हिस्सा 32.14 प्रतिशत है। वहीं, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम की जेनको का बकाया 33.57 प्रतिशत है। सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में अकेले एनटीपीसी को ही डिस्कॉम से 17,946.97 करोड़ रुपये वसूलने हैं। दामोदर वैली कॉरपोरेशन का बकाया 6,682.61 करोड़ रुपए, एनएलसी इंडिया का बकाया 6,123.78 करोड़ रुपए, एनएचपीसी का 3,141.43 करोड़ रुपए और टीएचडीसी इंडिया का बकाया 2,022.23 करोड़ रुपए है। निजी बिजली उत्पादक कंपनियों में अडाणी पावर का बकाया 16,878.25 करोड़ रुपए, बजाज समूह की ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी का 4,462.10 करोड़ रुपए, एसईएमबी (सेम्बकॉर्प) का 2,735.62 करोड़ रुपए है और जीएमआर का 2,195.12 करोड़ रुपए है। वहीं गैर-परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों मसलन सौर और पवन ऊर्जा कंपनियों का बकाया 12,117.78 करोड़ रुपए है।

# अगले सप्ताह शेयर बाजार पर भारी दबाव की उम्मीद

**मुंबई।** वैश्विक कारकों से बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में 3 फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई और चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों के पटरी पर लौटने के बावजूद इस सप्ताह भी बाजार पर भारी दवाब का अनुमान जताया जा रहा है। इसलिए छोटे निवेशकों विशेषकर रिटेल निवेशकों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। घरेलू और वैश्विक बांडों के यील्ड में इजाफा और कोरोना के बढ़ते कहर के साथ-साथ भूराजनीतिक तनाव के चलते दुनियाभर के शेयर बाजार में इस सप्ताह कमजोरी के साथ कारोबार हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह भी शेयर बाजार पर दबाव दिख सकता है। कोरोना काल में पहली बार चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी के गिरावट से उबरकर 0.4 फीसदी की दर से



बढ़ने का बाजार पर सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है लेकिन अमेरिका में कोरोना से निपटने के लिए भारी भरकम पैकेज दिए जाने का वैश्विक बाजार में नकारात्मक असर हो सकता है। इससे शेयर बाजार में तीव्र गिरावट हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इस सप्ताह 1 मार्च को वाहन कंपनियों के बिक्री के आंकड़े और विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े तथा 3 मार्च को सेवा पीएमआई के आंकड़े बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए निवेशकों विशेषकर छोटे निवेशकों को सतर्कता बरतनी चाहिए।

# वैश्विक स्टॉक की कमी से बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारी मांग के अलावा खाद्य तेलों के वैश्विक स्टॉक की पाइपलाइन खाली होने तथा देश में आयात शुल्क में बढ़ोतरी से बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में खाद्य तेल कीमतों में सुधार का रुख रहा और भाव लाभ दशार्ते बंद हुए। बाजार के जानकार ने कहा कि मंडियों में पुराने सरसों की मांग है और व्यापारियों एवं तेल मिलों के पास इसका कोई स्टॉक नहीं बचा है। मंडियों में सरसों की नई फसल की आवक बढ़ रही है, लेकिन इसमें अभी हरापन है जिसे परिपक्व होने में अभी 15-20 दिन का समय लगेगा। उधर, मध्य प्रदेश में पिछले साल के मुकाबले सरसों दाने से तीन-चार प्रतिशत कम तेल की प्राप्ति हो रही है। इन परिस्थितियों में समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान सरसों तेल-तिलहनों के भाव साधारण लाभ दशार्ते बंद हुए। दूसरी ओर निर्यात की मांग के साथ-साथ स्थानीय खपत की मांग होने से मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पर्याप्त सुधार दर्ज हुआ। पिछले सप्ताह जिस सीपीओ का भाव 1,030-40 डॉलर प्रति टन था वह अब बढ़कर 1,100 डॉलर प्रति टन हो गया है। इसके अलावा सूरजमुखी तेल का भाव वैश्विक स्तर पर अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया है, जिससे बाकी तेलों के भाव में भी तेजी आई है। दिल्ली में सारे शुल्क जोड़ने के बाद ग्राहकों को सूरजमुखी तेल का भाव 180 रुपये किलो बैठता है। सूरजमुखी तेल की इस रिकॉर्ड तेजी की वजह से पामोलीन और सोयाबीन रिफाइंड की मांग काफी बढ़ गई है, जिससे इन तेलों सहित बाकी तेलों के भाव में भी सुधार आया। बाजार में सोयाबीन के



बेहतर दाने का स्टॉक नहीं के बराबर है और पिछले साल के मुकाबले सोयाबीन की उपज लगभग आधी है और इसमें भी बरसात की वजह से फसल को हुए नुकसान के कारण 20 प्रतिशत फसल दागी हैं। अगली फसल के लिए सोयाबीन बीज की भारी कमी है तथा बीज के लिए महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में किसान सोयाबीन के बेहतर दाने की खरीद लगभग 6,100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव कर रहे हैं। इसके अलावा मुर्गी दाने के लिए डीओसी (तेल रहित खल) की भारी निर्यात मांग (करीब चार लाख टन) है। सोयाबीन की बड़ियां बनाने वाली कंपनियां सोयाबीन के बेहतर दाने की खरीद 6,125 रुपए क्विन्टल के रिकॉर्ड भाव पर कर रही हैं। सोयाबीन दाना और लूज के भाव पिछले सप्ताहांत के मुकाबले क्रमशः 160 रुपए और 150 रुपए के सुधार के साथ क्रमशः 5,250-5,300 रुपए और 5,100-5,150 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुए। सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और डीगम तेल के भाव क्रमशः 430 रुपये, 550 रुपये और 450 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 12,980 रुपये, 12,820 रुपये और 11,660 रुपये प्रति क्विन्टल पर बंद हुए। बाजार में तेजी के आम रुख के अनुरूप गत सप्ताहांत सरसों दाना पांच रुपए के मामूली सुधार के साथ 6,400-6,450 रुपए क्विन्टल और सरसों दादरी तेल 50 रुपए सुधरकर 13,350 रुपए क्विन्टल तथा सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल की कीमतें क्रमशः 15-15 रुपए सुधरकर क्रमशः 2,010-2,160 रुपए और 2,140 -2,255 रुपए प्रति टिन पर बंद हुईं। दूसरी ओर निर्यात गतिविधियों में आई तेजी के बीच मूंगफली दाना सप्ताहांत में 310 रुपए के सुधार के साथ 6,070-6,135 रुपए क्विन्टल और मूंगफली गुजरात तेल 610 रुपए के सुधार के साथ 15,010 रुपए क्विन्टल पर बंद हुआ। मूंगफली सॉल्वेंट रिफाइंड की कीमत भी समीक्षाधीन सप्ताहांत में 105 रुपए सुधरकर 2,400-2,460 रुपए प्रति टिन बंद हुई। समीक्षाधीन सप्ताहांत में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 500 रुपए सुधरकर 10,950 रुपए प्रति क्विंटल हो गए। जबकि पामोलीन दिल्ली और पामोलीन कांडला तेल के भाव क्रमशः 570 रुपए और 360 रुपए सुधरकर क्रमशः 12,820 रुपए और 11,660 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताहांत में तिल मिल डिलिवरी तेल 1,250 रुपए सुधरकर 13,500-16,500 रुपए क्विन्टल, बिनौला तेल 700 रुपए सुधारकर 12,000 रुपए और मक्का खल पांच रुपए सुधरकर 3,530 रुपए क्विंटल हो गया।

# मुम्बई दिल्ली, अहमदाबाद सहित छह शहरों में होंगे आईपीएल मुकाबले



**मुम्बई ।** आईपीएल 2021 के 14 वें सत्र का आयोजन देश के छह शहरों में होगा। कोरोना संक्रमण के नये मामले सामने आने के बाद खेल आयोजन को लेकर कुछ संशय फैला था पर अब वह दूर हो गया है। शुरूआत में मुंबई के मैचों की मेजबानी खतरे में नजर आ रही थी पर राज्य सरकार से अनुमति मिलने के बाद अब वहां भी मैच होने तय हो गये हैं। मुम्बई के अलावा दिल्ली, अहमदाबाद, चेन्नई, बेंगलुरू और कोलकाता में भी मैचों का आयोजन होगा। हालांकि, मुंबई में संक्रमण के डर से दर्शकों को शायद ही प्रवेश मिले पर अन्य मैच स्थलों में 50 फीसदी दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा। अनुमान है कि आईपीएल टूनामेंट 11 अप्रैल से शुरू होकर 6 जून तक चलेगा। वहीं मार्च के पहले सप्ताह में होने वाली आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रुप दिये जाने की उम्मीदें हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रसारकों ने भी बीसीसीआई से अपील की है कि वो महीने भर पहले टूनामेंट के कार्यक्रम को जारी कर दें जिससे वे अपनी तैयारियों को पूरा कर सकें। आईपीएल आयोजन के प्रारुप में कोई बदलावा नहीं होगा। टीमें 7 मैच घर में खेलेंगी और फिर 7 घर के बाहर। टूनार्मेंट के दौरान टीमें बायो बबल (जैव सुरक्षा घेरे) में तो रहेंगी पर खिलाड़ी एकसाथ रहेंगे या अलग-अलग इसे लेकर अभी कुछ भी पक्का नहीं हुआ है। आईपीएल के लिए मुंबई का नाम तय होने से ऐसा माना जा रहा है कि वहां प्लेऑफ मुकाबले होंगे जबकि अहमदाबाद में टूनार्मेंट का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

# लायन ने पिच पर सवाल उठाने वाले वॉन और कुक को दिया करारा जवाब

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नॉथन लायन ने अहमदाबाद की पिच पर सवाल उठाने वाले इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ियों माइकल वॉन, एलिस्टेयर कुक को करार जवाब दिया है। लायन ने कहा है कि जैसे ही गेंद स्पिन होने लगती है सभी लोग रोने और शिकायत करने लगते हैं। इंग्लैंड ने दूसरे और तीसरे मैच में भारतीय टीम की जीत के बाद चेन्नई और अहमदाबाद की पिच पर सवाल उठाये हैं। इन दोनों ही टेस्ट मैचों में इंग्लैंड को करारी हार का सामना करना पड़ा। इन दोनो ही मैचों में मेहमान टीम के बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये। अहमदाबाद में खेले गए गुलाबी गेंद वाले मैच में अक्षर पटेल और आर अश्विन ने इंग्लैंड के 20 में से 18 विकेट लिए और ये मैच दो दिनों में ही समाप्त हो गया था। इंग्लैड के पूर्व खिलाड़ियों ने इसके बाद पिच की आलोचना करते हुए उसे खेलने के योग्य नहीं बताया। लायन ने कहा कि गेंद जब स्पिन होने लगती है तो सभी लोग रोने लगते हैं कि पिच खराब है। वहीं जब तेज गेंदबाजों की सहायक पिच पर कोई टीम 50 रनों के अंदर ही सिमट जाती है तब कोई कोई भी पिच को लेकर सवाल नहीं करता है। इस प्रकार का दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिये। लायन ने कहा कि मैं पूरी रात मैच देखता रहा। वो शानदार था। मैं तो सोच रहा हूं कि अहमदाबाद के क्यूरेटर को सिडनी लाऊं। अहमदाबाद में इंग्लैंड को हराने के बाद भारत ने टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है और अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए उसे केवल एक ड्रॉ की जरुरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में होंगे विजय हजारे नॉकआउट चरण मुकाबले

नईदिल्ली । यहां विजय हजारे ट्राफी के नॉकआउट चरण के मुकाबले सात मार्च से खेले जायेंगे। इनका आयोजन अरूण जेटली स्टेडियम और पालम मैदान पर किया जायेगा। इस टूनार्मेंट का लीग चरण देश के विभिन्न स्थलों पर जैविक रूप से सुरक्षित बबल में खेला जा रहा है। टीमों को पांच एलीट ग्रुप और एक प्लेट ग्रुप में विभाजित किया गया है। बीसीसीआई की वेबसाइट के अनुसार प्रीक्वार्टर फाइनल (एलिमिनेटर) सात मार्च को जबकि क्वार्टर फाइनल आठ और नौ मार्च को खेले जायेंगे। दो सेमीफाइनल 11 मार्च को जबकि फाइनल 14 मार्च को आयोजित होगा। बीसीसीआई ने इस संक्षिप्त 2020-21 घरेलू सत्र में दो घरेलू टूनार्मेंट का आयोजन किया है। विजय हजारे ट्राफी से पहले राष्ट्रीय टी20 चैम्पियनशिप सैयद मुश्ताक अली ट्राफी खेली गयी थी।

### भारत और दक्षिण ने अब तक नहीं की है महिला टीम की घोषणा

नई दिल्ली। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने अगले माह 7 मार्च से शुरू हो रहे क्रिकेट मुकाबलों के लिए अभी तक अपनी टीमें घोषित नहीं की हैं। दोनो टीमों के बीच लखनऊ के एकाना स्टेडियम में मुकाबले खेले जाएंगे। सीरीज में 5 वनडे और 3 टी20 के मुकाबले होंगे। दोनों टीमें लखनऊ पहुंच गयी हैं और क्वारंटाइन में है। इस सीरीज के दौरान 40 से 50 फीसदी प्रशंसकों के स्टेडियम आने की उम्मीदें हैं। इस सीरीज के सभी मुकाबले लखनऊ में होंगे। भारतीय महिला टीम ने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मुकाबला टी20 विश्व कप का फाइनल खेला था। यह मैच 8 मार्च 2020 को मेलबर्न स्टेडियम में खेला गया था। इस प्रकार भारतीय टीम एक साल बाद अपना पहला मैच खेलेगी। भारतीय टीम गुरुवार को जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम शुक्रवार शाम को लखनऊ पहुंची। मेहमान टीम 5 मार्च के पहले ट्रेनिंग शुरू नहीं कर सकेगी। कोरोना के कारण वह अभी क्वारंटाइन में रहेगी। सीरीज के दौरन 40 से 50 फीसदी प्रशंसकों के आने की संभाना है। भारत और इंग्लैंड के बीच पिछले दिनों मोटेरा में हुए तीसरे टेस्ट में 50 फीसदी प्रशंसकों को आने की अनुमति दी गई थी। भारतीय महिला टीम ने 6 नवंबर 2019 के बाद से कोई एकदिवसीय मैच नहीं खेला है। सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है 7 मार्चः पहला वनडे 9 मार्चः दूसरा वनडे 12 मार्चः तीसरा वनडे 14 मार्चः चौथा वनडे 17 मार्चः पांचवां वनडे 20 मार्चः पहला टी20 21 मार्चः दूसरा टी20 24 मार्चः तीसरा टी20 ।

### भारत की एक भी पिच की रेटिंग खराब नहीं

अहमदाबाद। भारत और इंग्लैंड के बीच यहां हुआ तीसरा टेस्ट दो ही दिन में समाप्त हो गया। गुलाबी गेंद से हुए इस मैच में स्पिनर हॉवी रहे और कोई भी टीम दो सौ रन भी नहीं बना पायी। 30 में से 28 विकेट स्पिन गेंदबाजों को मिले थे और टीम इंडिया ने यह मैच 10 विकेट से जीत लिया था। हार के बाद जहां इंग्लैंड के कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाये हैं। वहीं अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2019 से हुए अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर आईसीसी की ओर से दी जाने वाली रेटिंग को देखें तो तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। पिछले तीन साल में कुल 680 मुकाबले खेले गए हैं और सिर्फ 8 पिच को औसत से नीचे की रेटिंग मिली है। इसमें भारत की एक भी पिच शामिल नहीं है। सबसे ज्यादा 4 पिच विंडीज की हैं। यहां की डोमिनिका, बारबाडोस, गयाना और एंटीगुआ की पिच को खराब रेटिंग मिली। इसके अलावा बांग्लादेश की ढाका व चटगांव जबकि दक्षिण अफ्रीका की वांडरर्स की पिच को औसत से नीचे माना गया है। औसत से नीचे पिच का मतलब है कि उसे एक डी-मेरिट पॉइंट मिले। यह आंकड़े 18 फरवरी 2021 तक हैं। इसमें भारत और इंग्लैंड के बीच हुए मैच की पिच रिपोर्ट शामिल नहीं है। आईसीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वह हर पिच को छह तरीके से मापता है। मैच के बाद रेफरी की रिपोर्ट के अनुसार पिच को बहुत अच्छा, अच्छा, औसत, औसत से नीचे, खराब और अनफिट बताया जाता है। अंतिम तीन रिपोर्ट पर पिच को डी-मेरिट पॉइंट मिलते हैं और उन पर मैच आयोजन को लेकर कुछ समय के लिए प्रतबंध भी लगाया जाता है।

### अमन व वैष्णवी ने जीती इंटरनेशनल टेनिस चैंपियनशिप

इन्दौर के डेनिम रोमांचक मुकाबले में हुए पराजित

इन्दौर। भारत के अमन दहिया व वैष्णवी अदकर ने मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एवं यलो डायमंड द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ ग्रेड-5 टेनिस चैंपियनशिप के क्रमशः बालक व बालिका वर्ग का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग के फाइनल में अमन ने स्थानीय खिलाड़ी डेनिम यादव को कड़े मुकाबले में पराजित किया। इन्दौर टेनिस क्लब पर खेले गए इस टूनार्मेंट के दोनों ही फाइनल रोचक अंदाज में खेले गए। लगभग सवा दो घंटे चले बालक वर्ग के खिताबी मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त अमन दहिया ने इन्दौर के तीसरी वरीयता प्राप्त डेनिम यादव को 4-6, 6-0, 6-4 से पराजित किया। पहले सेट में डेनिम ने अपने होम ग्राउंड का फायदा उठाया और उम्दा सर्विस और प्लेसमेंट की बदौलत 6-4 से जीत हासिल की। लेकिन अमन ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और डेनिम की लगातार सर्विस ब्रेक कर 6-0 से सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में डेनिम ने जोरदार शुरूआत की और 2-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन अमन ने अपनी शैली के अनुरूप खेलते हुए डेनिम की सर्विस ब्रेक कर सेट और मैच अपने नाम कर लिया। डेनिम ने पूरे मैच में उम्दा सर्विस के साथ सर्विस रिटर्न पर सही प्लेसमेंट किया।

# भारत के दीपक स्ट्रांजा मेमोरियल के खिताबी मुकाबले में हारे



**सोफिया।** भारतीय मुक्केबाज दीपक राय को बुल्गारिया में हुए 72वें स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नमेंट में रजत पदक मिला है। दीपक को यहां 52 किलो भाग वर्ग के फाइनल में बुल्गारिया के डेनियल ऐसनोव के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले के दौरान डेनियल ने पहले दो दौर में ही बढ़त हासिल कर ली। वहीं दीपक ने तीसरे दौर में आक्रमक रुख अपनाने का प्रयास किया पर वह मेजबान देश के मुक्केबाज पर हावी नहीं हो पाये और उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। दीपक ने इससे पहले, सेमीफाइनल में ओलंपिक चैंपियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव को 4-1 से हराया था। इसके पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया के डारिसिलव वासिलिव को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। पुरुष वर्ग के ही 69 किग्रा के एक अन्य मुकाबले में भारत के नवीन को कांस्य पदक मिला है।

# चौथे टेस्ट में बल्लेबाजों की सहायक होगी पिच



**अहमदाबाद ।** भारत और मेहमान टीम इंग्लैंड के बीच 4 मार्च से शुरू होने वाले चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में यहां की पिच बल्लेबाजों की सहायक हो सकती है। ऐसे में इस मैच में बड़ा स्कोर बन सकता है। ऐसे में मेहमान टीम के लिए यह मैच आसान नहीं रहेगा क्योंकि भारतीय टीम के पास रोहित शर्मा, विराट कोहली और आजिंक्य रहाणे सहित कई अन्य बेहतरीन बल्लेबाज हैं। भारतीय टीम इस सीरीज में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड टीम तीसरे टेस्ट में हार के साथ ही विश्व टेस्ट टेस्ट चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले से पहले ही बाहर हो गयी है। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनुसार चौथे टेस्ट के लिए इस्तेमाल होने वाली पिच बल्लेबाजों की सहायक होगी। वहीं तीसरे टेस्ट के बाद अहमदाबाद की पिच पर सवाल उठे हैं कि यह खराब हैं क्योंकि कोई भी टीम इसपर रन नहीं बना पायी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अहमदाबाद में ही टी-20 मैच होंगे, साथ ही आईपीएल के मैचों का भी आयोजन होगा और आगामी टी-20 विश्व कप के मैच भी खेले जाएंगे तो ऐसे में यहां पर टर्निंग पिच की उम्मीद नहीं की जा रही है। बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा कि चौथे टेस्ट के लिए पिच अच्छी हो सकती है। ऐसे में बल्लेबाजों को रन बनाने में आसानी होगी। पिच जब बल्लेबाजों के लिए मददगार होगी तो रोहित, कोहली और चैतेश्वर पुजारा जैसे बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाते हुए बड़ा स्कार बनायेंगे। आमतौर पर तीसरे दिन से भारतीय पिचों पर टर्न देखने को मिलने लगता है। ऐसे में आर अश्विन और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर खतरनाक साबित होने के साथ ही इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। मेहमान टीम को इस दौरान विशेषज्ञ स्पिनरों की कमी खलेगी।

वहीं विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने और सीरीज अपने नाम करने के लिए भारतीय टीम को यह मैच ड्रॉ कराना होगा। वहीं दूसरी और इंग्लैंड टीम सीरीज में बराबरी हासिल करने के लिए इसे जीतना होगा , विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की दौड़ से वह पहले ही बाहर हो गयी है।



स्वीडन में महिलाओं की रेस में भाग लेती हुई प्रतियोगी।

# रीयल कश्मीर के ही कोच रहेंगे रॉबर्टसन

**कोलकाता।** स्कॉटलैंड के कोच डेविड रॉबर्टसन रीयल कश्मीर एफसी के आईलीग की शीर्ष टीमों में से एक के रूप में उभरने से बेहद उत्साहित हैं। कश्मीर घाटी में फुटबॉल के लिए जुनून को देखकर वह हैरान हैं। रॉबर्टसन चार साल पहले रीयल कश्मीर से जुड़े थे और उनके मार्गदर्शन में क्लब आईलीग के शीर्ष टीयर में पहुंचा। टीम आईलीग के पिछले दो सत्र में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रही। रॉबर्टसन ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मुझे कई पेशकश मिली लेकिन मुझे लगता है कि कश्मीर के लोगों और क्लब से जुड़े सभी लोगों का मुझ पर कर्ज है कि मैं वापस आऊं और काम जारी रखूं। मैं वित्तीय फायदे के लिए या अपने करियर को संवारने के लिए इसका इस्तेमाल नहीं कर रहा। मैं प्रभाव छोड़ना चाहता हूं। मैं जब भी स्वदेश लौटता हूं तो मैं यहां वापस आने को लेकर उत्सुक रहता हूं। मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। यह 52 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी रेंजर्स जैसे जाने माने क्लबों की ओर से खेला और तीन मैचों में स्कॉटलैंड का प्रतिनिधित्व भी किया। उन्होंने स्कॉटलैंड और अमेरिका में भी क्लबों को ट्रेनिंग दी लेकिन उन्हें कश्मीर का माहौल सबसे अलग लगता है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका जैसे स्थानों पर जर्सी पहनकर ऐसा दिखाते हैं जैसे आप टीम का समर्थन कर रहे हो। यहां कश्मीर में यह पूरी तरह से जुनून है।

# राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा : अंकोरिका, पवी, रीना, अर्चिता, तृप्ति व वंशीका मुख्य दौर में

**इन्दौर ।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा स्थानीय अभय प्रशाल में आयोजित हो रही यू.टी.टी. 82वीं कैडेट एवं सबजूनियर वर्ग की राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा में रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे है। उलटफेर रहित खेले गये मुकाबलों में सभी प्रमुख खिलाड़ियों ने मुख्य दौर के मुकाबलों में प्रवेश कर लिया। ग्रुप लीग के अंतिम मुकाबलों में कैडेट बालिका वर्ग में अंकोरिका चक्रवर्ती (टी.टी.एफ.आई) ने अंजली कुमारी (झारखंड) को 3-1, पवी परदेशी (मध्य प्रदेश) ने सुस्मीता गौरेमुच्छु (आन्ध्र पदेश) को 3-1, रीना नंदनी बालाजी (टी.एन.टी.टी.ए) ने रिया कोठारी (महाराष्ट्र ए) को 3-0, एम. हासिनी (टी.एन.टी.टी.ए) ने काव्या निर्मल कुमार (टी.टी.एफ.आई) को 3-0, काव्या भट्ट (महाराष्ट्र बी) ने तनुजा नेगी (उत्तराखंड) को 3-0, संचारी चक्रवर्ती (बंगाल ए) ने परमी नागदेवे (मध्य प्रदेश) को 3-0, प्रिशा गोयल (दिल्ली) ने मोशीन आफिया (उडिसा) को 3-0 से पराजित किया। वहीं सबजूनियर बालिका वर्ग के एकल मुकाबलो में तृप्ति पुरोहित (कर्नाटक) ने के. दिशा (उत्तर प्रदेश) को 3-2, शाहिली वाणी (महाराष्ट्र बी) ने भावना कश्यप (पी.एस.पी.बी.ए) को 3-0, सोमिली दत्ता (टी.टी.एफ.आई) ने शेहा प्रित कोर (पंजाब) को 3-0, दर्शिनी मोर्या (टी.एन.टी.टी.ए) ने शरीफ अम्ना (आसम) को 3-2, वर्तिका भरत (उत्तर प्रदेश) ने अदिती (छत्तीसगढ) को 3-2, वंशीका देशना (कर्नाटक) ने स्मृति कृष्णा (केरला) को 3-1 , शाहना मुर्ती (कर्नाटक) ने अमृता सुभाष (टी.एन.टी.टी.ए) को 3-0, एन.बी.एस. तनुजा (टी.टी.एफ.आई) ने सुहानी महाजन (उत्तर प्रदेश) को 3-1 से हराकर अपने-अपने वर्गों के मुख्य दौर में प्रवेश किया।

# कोहली की कप्तानी में खेलना सपना था: सूर्यकुमार



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव यादव ने कहा है कि विराट कोहली की कप्तानी में खेलना उनका सपना था जिसे पूरा होने की उम्मीद से ही उनकी आंखों में आंसू आ गये थे। आईपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि जब टीम में मेरा चयन हुआ तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था। मैं कमरे में बैठा था और मूवी देखने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान मोबाइल पर नोटिफिकेशन आया कि इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए मेरा चयन हो गया है। ये देखते ही मैं रोने लगा। मैंने अपने माता-पिता, बहन और पत्नी को कॉल किया। हम सब रोने लगे थे। बीसीसीआई की वेबसाइट ने सूर्यकुमार यादव के हवाले से लिखा कि सूर्यकुमार के साथ उनके परिवार का ये सपना था। ये सफर लंबा रहा। सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा परिवार हमेशा मेरे साथ खड़ा रहा। उन्हें खुश देकर मुझे संतुष्टि मिल रही है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो देश से खेले, आखिरकार मेरा भी समय आ गया। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि अहमदाबाद पहुंचने के बाद सबसे पहले मैं टीम के साथ टाइम स्पेंड करूंगा। विराट कोहली की कप्तानी में खेलना हमेशा से मेरा सपना रहा है और मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। सूर्यकुमार ने कहा कि आईपीएल में मैं कोहली के खिलाफ खेला हूं और मैदान में उनकी एनर्जी देखने लायक होती। वो हमेशा चार्ज-अप रहते हैं। मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए सूर्यकुमार यादव रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करते हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि मुझे आज भी वो पल याद है जब रणजी के डेब्यू के दौरान मैंने रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी की थी। मैं घबराया हुआ था। रोहित शर्मा मेरे पास आए और उन्होंने मुझे समझाया। उन्होंने कहा कि तुमने यहां तक पहुंचने के लिए मेहनत की है और अब तुम्हें बस अपने आप को साबित करना है।

# ब्ल्यू ब्लास्टर्स ने जीता 'बिल्लाबोंग ओपन फुटबाल लीग' का खिताब

## केडीपीएस दूसरे व एलीट ग्लाईडर्स एफसी तीसरे स्थान पर रहा



भोपाल । मध्यांतर तक 0-1 से पिछडने के बाद पलटवार करते हुए ब्ल्यू ब्लास्टर्स एफसी ने केडीपीएस को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराते हुए बिल्लाबोंग ओपन फुटबाल लीग का खिताब जीत लिया। तीसरे स्थान के निर्धारण के लिए खेले गए मुकाबले में एलीट ग्लाईडर्स एफसी ने अरेरा एफसी को 2-0 से परास्त किया। स्पर्धा का आयोजन बिल्लाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल के नीलबढ स्थित मैदान पर सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में केडीपीएस के गणेश बेसरा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर-शुभम कुमार (ब्ल्यू ब्लास्टर्स एफसी), सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर-सलमान खान (ब्ल्यू ब्लास्टर्स एफसी), सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर-अचल राज मिश्रा (केडीपीएस एफसी) व सर्वश्रेष्ठ स्ट्राईकर-मानव दंभाले (ब्ल्यू ब्लास्टर्स एफसी) रहे। विजेता टीम को रुपए 30 हजार तथा उपविजेता टीम को रुपए 15 हजार व आकर्षक ट्रॉफी प्रदाय की गई। भोपाल जिला फुटबाल संघ के सचिव राकेश शर्मा ने बिल्लाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमेन नजम जमाल व प्रिंसीपल आशीष अग्रवाल की उपस्थिति में खिलाडियों को पुरस्कृत किया। खेल प्रेमियों की भारी उपस्थिति के बीच सेमीफायनल में हैट्रिक जमाकर टीम को फायनल में प्रवेश कराने वाले केडीपीएस एफसी के अचल राज मिश्रा ने 18वें मिनिट में गोल दागकर टीम को 1-0 की बढत दिला दी। इस गोल से बौखलाए ब्ल्यू ब्लास्टर्स एफसी ने केडीपीएस एफसी के गोल पर एक के बाद एक प्रत्याक्रमण किये, लेकिन केडीपीएस के डिफेंडरों और गोलकीपर ने उनके हमलों को बखूबी नाकाम कर दिया। मध्यांतर इसी स्कोर पर हुआ। दूसरे हाफ में नये जोश के साथ उतरी ब्ल्यू ब्लास्टर्स एफसी को तीसरे अटैक पर ही विक्रम सिंह राजपूत ने शानदार मैदानी गोल दागकर बराबरी दिला दी। कुछ समय पश्चात तेजतर्रार स्ट्राईकर मानव दंभाले ने आकर्षक गोल कर टीम को 2-1 से अग्रता दिलाई। उनका यह गोल निर्णायक गोल बना। बाकी बचे समय में दोनों टीमों ने कई अच्छे मूव बनाए, किन्तु वे गोल करने में सफल नही हुए। इससे पूर्व खेले गए मुकाबले में एलीट ग्लाईडर्स एफसी ने अरेरा एफसी को 2-0 से हराकर तीसरा स्थान अर्जित किया। विजेता टीम से कपिल व रोहन ने गोल दागे।

# 12 साल बाद वेब सीरीज '1962' में अभय देओल के साथ नजर आएंगी माही गिल



**मुंबई।** अभिनेत्री माही गिल फिल्म 'देव डी' करने के 12 साल बाद वेब सीरीज '1962: द वार इन द हिल्स' में अभय देओल के साथ नजर आने वाली हैं। अभय के साथ फिर से काम करके अभिनेत्री काफी खासी इमोशनल हो गई हैं। इस सीरीज में अभय देओल आर्मी ऑफिसर मेजर सूरज सिंह की भूमिका में हैं और माही उनकी पत्नी शगुन के रोल में हैं। इस बारे में माही का कहना है कि 'मैं हमेशा से उनके साथ काम करना चाहती थी लेकिन दुर्भाग्य से कई साल तक ऐसा संभव नहीं हो पाया। अभय देओल मेरे पहले हीरो हैं और बहुत ही प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। मुझे जैसे ही पता चला कि वह मेजर सूरज सिंह का किरदार निभा रहे हैं, मैं बहुत इमोशनल हो गई थी। मैं फिर से उनके साथ काम करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उनके साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। हम लोगों में बहुत अच्छी अंडरस्टैंडिंग है। वह हमेशा अपने को-एक्टर्स को भी सहज महसूस कराते हैं।' अपने किरदार को लेकर माही ने कहा, 'शगुन का किरदार मेरे लिए एक बहुत बड़ी यात्रा रही है। वह बहुत बहादुर है, लेकिन वह जानती है कि आर्मी लाइफ आसान नहीं है। उसके पति मेजर सुरेंद्र सिंह पहले एक सैनिक हैं और बाद में उसके पति हैं। वह अपनी जिंदगी में आए दुख-तकलीफों से बहादुरी से लड़ती है। यह किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि मेरे दादाजी सेना में थे। मेरे बहुत सारे दोस्त भी सेना में हैं। उनकी जिंदगी, हिम्मत और माइंडसेट को करीब से जानने के कारण मुझे यह किरदार निभाने में मदद मिली।'

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई प्रोजेक्ट में शामिल माही का कहना है कि इसमें बॉक्स ऑफिस का दबाव नहीं है। इसमें स्ट्रेस नहीं है। मैंने हमेशा कहा है कि ओटीटी भविष्य है। मैं बड़े पर्दे को याद नहीं करती हूं, हालांकि मैं बड़े पर्दे पर फिल्में देखते हुए बड़ी हुई हूं और मेरी पहली फिल्म भी बड़े पर्दे पर ही रिलीज हुई थी। लेकिन ओटीटी ने बहुत से लोगों को काम दिया है, इसमें अभिनेता और तकनीशियन भी शामिल हैं। साथ ही इसमें बहुत शानदार स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है और ज्यादा दर्शकों तक पहुंच रहा है।' बता दें कि इस वेब सीरीज को महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशन किया जा रहा है।

# दिशा के शानदार स्टंट पर टाइगर फिदा



अभिनेत्री और फिटनेस पर खास ध्यान देने वाली दिशा पटानी ने एक वीडियो साझा किया। दिशा ने बैकफ्लिप, कार्टव्हील, फिलप्स और स्विगिंग स्टंट करते हुए एक वीडियो साझा किया। अभिनेत्री के शानदार स्टंट से ब्वॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ काफी प्रभावित हुए हैं। दिशा के स्टंट देख टाइगर भी खुद को कमेंट करने से नहीं रोक सके। उन्होंने कहा, 'वाह ! काश मैं ऐसा कर पाता।' दिशा और टाइगर अपने खतरनाक स्टंट के लिए जाने जाते हैं। दोनों सोशल मीडिया पर अभ्यास सत्र से वीडियो अपलोड करते रहते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री को वर्तमान में सलमान खान अभिनीत फिल्म 'राधे' की रिलीज का इंतजार है। सलमान और दिशा ने इससे पहले फिल्म 'भारत' में साथ काम किया है। फिल्म में रणदीप हुड्डा भी हैं और इसका निर्देशन प्रभुदेवा ने किया है।

# कॉमेडी फिल्में करके अक्षय ने तोड़ी अपनी स्टीरियोटाइप इमेज



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने अपने प्रोफेशन के शुरूआती सालों में एक्शन फिल्मों से परेशान होकर कॉमेडी फिल्में की और अपनी स्टीरियोटाइप इमेज को तोड़ा है। वे बताते हैं कि 'अपने करियर के शुरूआती दिनों में मैं केवल एक्शन फिल्में करता था। हर सुबह जब मैं उठता था तो मुझे पता होता था कि मुझे सेट पर जाना है और एक्शन सीन शूट करना है। मैं इससे बोर हो जाता था।

कई साल पहले की बात है जब मैं यह सोचने लगा था कि मैं केवल एक्शन फिल्में करके क्या कर रहा हूं। इसके बाद वे कॉमेडी फिल्मों का हिस्सा बने।' अक्षय कहते हैं कि किस तरह उन्होंने कॉमेडी फिल्में करके अपनी यह स्टीरियोटाइप इमेज तोड़ी। उन्होंने आगे बताया कि 'मैंने अलग-अलग चीजें करने की कोशिश की। तब लोग कहते थे कि तू कॉमेडी नहीं कर पाएगा। लेकिन प्रियदर्शनजी और राजकुमार संतोषीजी ने मुझे कॉमेडी में ब्रेक दिया।'

अपनी काम की शैलियों के बारे में अक्षय ने कहा कि 'मैं यह नहीं देखता कि वह खलनायक है या नायक है। मैंने सब कुछ किया है। यदि मुझे फिल्म पसंद है, तो मैं उसे करता हूं।' अभिनये की बात करें तो अक्षय जल्द ही वे 'सूर्यवंशी' में नजर आएंगे। इसमें उन्होंने एटीएस ऑफिसर वीर सूर्यवंशी की भूमिका निभाई है। इसके अलावा वह फिल्म 'बेल बॉटम' में अक्षय रॉ एजेंट और 'पृथ्वीराज' में पृथ्वीराज चौहान के किरदार में नजर आएंगे। साथ ही उनकी बास्केट में 'बच्चन पांडे', 'अतरंगी रे', 'रक्षा बंधन' और 'राम सेतु' जैसी फिल्में भी हैं।

# रचनात्मकता की आजादी और उसके दुरुपयोग का रखें ध्यानः अनुराग बासु



**मुंबई।** अनुराग बासु ने फिल्मकारों को रचनात्मकता की आजादी और उसके दुरुपयोग का ध्यान हमेशा अपने दिमाग में रखने की सलाह दी है। बासु का कहना है, 'रचनात्मकता की आजादी और उसके दुरुपयोग के बीच एक बहुत पतली रेखा है। मैं यहां ओटीटी की भी बात कर रहा हूं। अनोखी कहानियों का जिक्र करते वक्त फिल्मकारों को बोलने की स्वतंत्रता का ध्यान बेहतरी से रखना चाहिए।' अपने फिल्म 'लूडो' को लेकर उन्होंने कहा कि 'बड़े पर्दे पर भी कई फिल्मकारों द्वारा साहसिक विषयों पर काम किया गया है। मेरी फिल्म 'लूडो' भी कई ऐसे बोल्ड विषयों पर आधारित है, जिसे शुरूआत में बड़े पर्दे को ध्यान में रखकर ही बनाया गया था।' फिल्म लूडो को अभी कुछ ही महीनों पहले ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया था और अब जल्द ही इसे टेलीविजन पर प्रसारित किया जाएगा। बासु को उम्मीद है कि लॉकडाउन के बाद अब चूंकि थिएटर्स वगैरह खुल गए हैं, ऐसे में लोग इनका जमकर लुफ्त उठाएंगे। उन्होंने कहा, 'सिनेमा कम्युनिटी वॉचिंग का अनुभव है। मैं निश्चित हूं कि एक बार चीजें पटरी पर आ जाएंगी, तो लोग सिनेमाघरों का रूख जरूर करेंगे। हमें बस एक ऐसी फिल्म चाहिए, जो इतनी हलचल पैदा कर दें कि लोग सिनेमाघरों की ओर खींचे चले आए। विजय स्टारर 'मास्टर' की रिलीज के साथ साउथ में इसकी शुरूआत हो चुकी है और अब बॉलीवुड में भी इसकी झलक देखने को मिलेगी। एक बड़ी रिलीज के साथ ही चीजें बदल जाएंगी।'

# 17 सिंतबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म 'अनेक'

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना स्टारर अनुभव सिन्हा की अगली फिल्म 'अनेक' 17 सितंबर 2021 में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में आयुष्मान और अनुभव दूसरी बार एक साथ नजर आएंगे। इस फिल्म में निर्देशक-अभिनेता की हिट जोड़ी अनुभव और आयुष्मान फिर से वापसी को लेकर दर्शकों और विशेष रूप से अभिनेता और निर्देशक के प्रशंसकों के बीच भारी उत्साह पैदा कर दिया है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग देश के उत्तर पूर्व क्षेत्र में चल रही है। हाल ही में रिलीज किया गया आयुष्मान का रफ 'जोशुआ' लुक शहर में चर्चा का विषय बन गया था और अब, निमार्ताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज तारीख की घोषणा ने प्रशंसको की प्रत्याशा को अधिक बढ़ा दिया है। इससे पहले इस जोड़ी को प्रशंसित 2019 क्राइम ड्रामा 'आर्टिकल15' में देखा गया था। इसके बाद निर्देशक-अभिनेता का हिट कॉम्बो-अनुभव और आयुष्मान ने अपनी दूसरी फिल्म 'अनेक' के लिए फिर से एक बार फिर सहयोग किया है। हालांकि फिल्म से जुड़ी अधिक जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन अनुभव और आयुष्मान दोनों ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर फिल्म के क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर साझा की है। सूत्रों के अनुसार, ये फिल्म अनुभव की अब तक की सबसे महंगी और बड़े पैमाने पर बन रही फिल्म है।






# अभिषेक बच्चन ने फिल्म 'दसवीं' में अपना फर्स्ट लुक किया आउट



**मुंबई।** बॉलिवुड ऐक्टर अभिषेक बच्चन की मोस्ट-अवेटेड फिल्म 'दसवीं' में उनका पहला लुक आउट हो गया है। अभिनेता के लुक ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन अलग ही अंदाज में नजर आने वाले हैं। अभिषेक बच्चन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी फिल्म 'दसवीं' में अपने लुक को दिखाया है। लुक के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, 'मिलिए गंगा राम चौधरी से। दसवीं की शूटिंग आज से शुरू।' इस फिल्म में अभिनेता के साथ यामी गौतम और निमरत कौर भी नजर आएंगी। इन दोनों अभिनेत्रियों ने अपना पहला लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म 'दसवीं' कहानी में दबंग बंदी नेता साथी बंदियों और जेल के अधिकारियों पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करना चाहता है। लेकिन जेल प्रशासन धीरे-धीरे उसमें बदलाव लाता है और उसे अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। बाद में नेता जेल से दसवीं पास करके अनुशासित नागरिक के रूप में बाहर निकलता है। इस पॉलिटिकल कॉमिडी फिल्म 'दसवीं' में अभिषेक बच्चन गंगा राम चौधरी नाम के एक मुख्यमंत्री का रोल कर रहे हैं। वहीं, यामी गौतम ज्योति देसवाल नाम के पुलिस कॉप का रोल कर रही हैं। निमरत कौर विमला देवी की भूमिक में नजर आएंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन तुषार जलोटा ने किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन फिल्म 'दसवीं' के अलावा 'बॉब बिस्वास' नजर आएंगे। साथ ही उनकी फिल्म 'बिग बुल' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के लिए तैयार है।

## 'पगलैट' 26 मार्च को होगी रिलीज

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा आगामी फिल्म 'पगलैट' की रिलीज तरीख सामने आने के बाद काफी रोमांचित हैं। फिल्म 'पगलैट' आने वाले 26 मार्च को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है। इस बारे में सान्या का कहना है कि 'इस फिल्म की घोषणा करने को लेकर बहुत रोमांचित हूं। यह मेरे दिल के बहुत करीब है। इसमें मैं संध्या का रोल कर रही हूं जो मेरे पर्दे पर निभाए गए रोल से अलग है। 'पगलैट' में मेरी यात्रा वाकई पगलैट की तरह ही थी। मैं दुनिया को यह फिल्म दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर पा रही हूं।ह्व यह फिल्म भारतीय मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी बताती है जो संकट में आ जाता है। सान्या इसमें विधवा युवती संध्या का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म उमेश बिष्ट द्वारा लिखित और निर्देशित है। इस फिल्म में फिल्म में सयानी गुप्ता, श्रुति शर्मा, आशुतोष राणा, रघुबीर यादव, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और राजेश तैलंग हैं।

# सना ने मनोज वाजपेयी के साथ किए काम को किया याद



अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने पिछले साल मनोज बाजपेयी के साथ किए काम को याद किया है। उन्होंने कहा कि यह उनके करियर में अब तक के सबसे समृद्ध अनुभवों में से एक है। फातिमा ने कहा कि, 'मैंने हमेशा मनोज सर के काम की सराहना की है और इस फिल्म के दौरान, मैंने उनके काम के तरीके को सीखने के लिए उन्हें ऑब्जर्व किया। इस फिल्म ने मुझे रिलेशनशिप बनाने में मदद की, जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। यह एक बेहतरीन फील-गुड फिल्म है जिसे आप अपने पूरे परिवार के साथ एन्जॉय कर सकते हैं।' अभिनेत्री फिल्म 'सूरज पे मंगल भारी' में मनोज बाजपेयी के साथ नजर आई थी। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म के बारे में उन्होंने कहा कि यह फन प्रोजेक्ट था और इसमें मैंने ऐसे लोगों के साथ काम किया है, जिसे मैं बचपन से देखती थी। इसलिए यह मेरे लिए थ्रिलिंग एक्सपीरियंस है।













